## सार-संक्षेप



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे व मौजूद अध्यापक।

### बच्चों ने प्रभु झूलेलाल का चित्र बना भरे रंग

**अयोध्या, अमृत विचार :** छोटे-छोटे बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रभु झूलेलाल, शंकर, मातारानी, राम दरबार का चित्र बनाकर उसमें रंग भरे। प्रतियोगिता में पांच से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। आयोजन रामनगर कॉलोनी स्थित बीच मैदान में नवरात्र के पावन अवसर पर श्री सिंधु दुर्गा पूजा समिति ने कराया था। समिति के अध्यक्ष गिरीश राजपाल ने कहा कि प्रतिभागियों को 11 अक्टूबर को पुरस्कार दिया जायेगा। इस मौके पर समिति के संरक्षक ओमप्रकाश अंदानी, राम राजपाल, मनीष राजपाल, गिरिश कोटवानी, नीरज पंजवानी, सुनील उतरानी, अमित खत्री, राहुल रुपानी, सन्नी कोटवानी आदि मौजूद रहे।

### महाजनी टोला चौराहे पर भंडारे का आयोजन



आयोजन समिति के सदस्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** महाजनी टोला चौराहे पर दुर्गेश नंदिनी दुर्गा पूजा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मध्य रात्रि तक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में झारखंडी वार्ड के पार्षद बिजेंद्र सिंह, सपा के पूर्व पार्षद उमेश यादव, अमित, शोभित, आदित्य, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अभिषेक सिन्हा, विक्की, सूरज, चांद भाई, राज, नवीन,विपिन, सुप्रीत कपूर आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### 756 महिलाओं ने एक साथ किया दुरदुरिया पूजन



नवरात्र पर दुरदुरिया पूजन करतीं महिलाएं।

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** श्री महाशक्ति नवरात्र दुर्गा पूजा समिति पूरा बाजार के तत्वावधान में 756 महिलाओं ने एक साथ दुरदुरिया पूजन किया। आयोजन तारा गुप्ता ,पूनम गुप्ता, ऊषा, नीरा, अंजू, रुक्मणी व माया द्वारा किया गया। पूजन को सफल बनाने में प्रमोद, उमेश गुप्ता, बंटू, कन्हैया लाल, सौरभ, वीरेंद्र ऋतिक ने सहयोग किया। दुरदुरिया पूजन के लिए महिलाएं काफी हर्षित दिखीं। तारा गुप्ता ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं ने कभी एक साथ इस क्षेत्र में दुरदुरिया पूजन नहीं किया था। वहीं, भेलसर क्षेत्र की नव दुर्गा पूजा समिति पूरे काजी स्टेशन मार्ग रुदौली द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल में गुरुवार दुरदुरिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 88 महिलाओं ने शामिल होकर मां दुरदुरिया की पूजा आराधना कर लोक कल्याण की कामना की।

# जरूरतों को ध्यान में रख जरूर करें शोध कार्य : डॉ. संजय

## आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ रंगारंग कार्यक्रम

कुमारगंज, अयोध्या।



आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किए गए शिक्षक व कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 50वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदेशी छात्र-छात्राओं ने जमकर जलवा बिखेरा। मुख्य अतिथि कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय वर्तमान समय में तेजी के साथ विकास कर रहा है तो इसमें आप सभी का योगदान है।

कहा कि देश को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने में कृषि जगत ने एक अलग पहचान बनाई है। कोविड के दौरान 140 करोड़ लोगों तक अनाज पहुंचाने के साथ-साथ विदेशों में भी अनाज निर्यात किया गया है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल के निदेशक एवं कुलपति डॉ. धीर सिंह ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव विलक्षण प्रतिभा एवं व्यक्तित्व के धनी थे। कहा कि छात्रों को सरकारी नौकरी के पीछे नहीं पड़कर उद्यमिता की ओर ध्यान देने की जरूरत है। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव एक महान शिक्षाविद, साहित्यकार और स्वतंत्रता सेनानी थे। कुलपति ने कहा कि कहा कि यह पूरा वर्ष विवि के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। बताया कि धान की दो उन्नत किस्म काला नमक प्रजाति काला नमक-1 पूसा नरेंद्र सीआरडी विकसित की गई है। राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में कुल 19 पदक जीतकर विश्ववद्यालय राज्य में दूसरे स्थान पर रहा। कुलपति ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भी अतिथियों ने सम्मानित किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डी.नियोगी ने विश्वविद्यालय की रूपरेखा को सबके समक्ष रखा। कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत संबोधन डॉ. प्रतिभा सिंह एवं संचालन डॉ सुप्रिया ने किया।

### स्थापना दिवस पर सम्मानित होने वाले शिक्षक व कर्मचारी

डॉ. वीके पाल, डॉ. पीयूषा सिंह, डॉ. राधाकृष्णन, डॉ. आस्तिक झा, डॉ.जेबा, डॉ. विजय कुमार सिंह, राकेश सिंह, संजय सिंह, विजय कुमार, राकेश सिंह, पूनम, प्रतिमा, सुमन, जयप्रकाश, रामपाल, ओमप्रकाश, रामजी, शैलेंद्र, निखिल श्रीवास्तव, उमेश, कमल किशोर, श्याम लाल, अमर बहादुर, वीरेंद्र, राघवेंद्र, जगराम किशन मौर्य, आशीष श्रीवास्तव, विनोद, तनवीर, शाजिद अली, उमापति, वीरेंद्र, जयप्रकाश, रामनीरज को सम्मानित किया गया।

# धू-धू कर जल उठी रावण के सोने की लंका

भेलसर, अयोध्या





रामलीला के मंचन में हनुमानजी सोने की लंका में आग लगाते, अशोक वाटिका में संवाद करता रावण।

**अमृत विचार :** रुदौली की ऐतिहासिक श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रही रामलीला में 7वें दिन बुधवार को सुग्रीव की मित्रता, बाली वध और लंका दहन का जीवंत मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया की हनुमान जी श्रीराम की अपने राजा सुग्रीव से मित्रता कराते हैं। सुग्रीव भगवान राम को अपने भाई बाली के बारे में बताता है। श्रीराम बाली का वध कर देते हैं। इस प्रसंग में मनीष चौरसिया ने हनुमान, गणेश अग्रवाल ने बाली, राजकुमार ने तारा व सौरभ गुप्ता ने सुग्रीव का अभिनय किया।

बाली का वध करने के बाद राम हनुमान को लंका में सीता जी की कुशलता लेने के लिए भेजते हैं। मेघनाथ हनुमान को पकड़ कर दरबार में लेकर आ जाते हैं। जहां रावण और हनुमान के बीच संवाद होता है, जिससे रावण क्रोधित होकर अपनी राक्षस सेना को हनुमान की पूछ में आग लगाने का आदेश देते हैं। हनुमान जी पूछ में आग लगने के बाद पूरी लंका को जलाकर स्वाह कर देते हैं। रावण का अभिनय कर रहे रामजी अग्रवाल और हनुमान का अभिनय कर रहे मनीष चौरसिया के जीवंत अभिनय व संवाद को दर्शकों ने खूब पसंद किया। तुषार गर्ग ने विभीषण, पुनीत कसौधन ने मेघनाथ एवं कोमल साहू ने मंदोदरी का अभिनय कर मंचन को जीवंत किया। हनुमान जी द्वारा प्रभु की आरती के साथ लीला का समापन हुआ। स्थानीय कलाकारों द्वारा अभिनय करने पर मंचित प्रसंगों को जीवंत करने के लिए वृंदावान से पधारे पंडित आनंद चतुर्वेदी द्वारा सुंदर भजन एवं राम चरित मानस की चौपाई लोगों को मुग्ध कर रही है। पूर्वांचल से आई शास्त्रीय नृत्यकाओं मुस्कान यादव और कोमल द्वारा मंचन पर गरिमामय नृत्य की प्रस्तुति सुंदर रही। 135 वर्ष पुरानी रामलीला में आज भी 2 से 3 हजार लोग आते हैं। इसका पूरा श्रेय जाता है निर्देशक कमलेश मिश्रा एवं सह निर्देशक मृदुल अग्रवाल द्वारा नई तकनीक के प्रयोग को जाता है।

### खोले सैकड़ों सुकन्या समृद्धि खाते

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत गुरुवार को सुकन्या समृद्धि खाता खोलकर, बेटियों को चुनरी पहनाकर व पासबुक व उपहार भेंट कर अन्त्योदय दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने कहा कि जब बेटियां समृद्ध होंगी तभी देश खुशहाल होगा। इस दौरान सीनियर पोस्टमास्टर राजेन्द्र सिंह, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी पोस्टमास्टर दीपक कुमार तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### नवरात्र को लेकर विहिम ने किया कन्या पूजन

**अयोध्या, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में गुरुवार को सरयू तट स्थित एक आश्रम में विश्व हिन्दू महासंघ व अंतरराष्ट्रीय प्रेस परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम में धर्माचार्य प्रकोष्ठ के जिला संरक्षक गीता भवन विभीषण कुंड के महंत अंजनीशरण दास ने कहा कि सनातन परंपरा में नारी सदैव मातृशक्ति के रूप में पूज्यनीय है। संगठन की ओर से सरयू तट स्थित महंत नारायण दास त्यागी एवं सरयू आरती स्थल आश्रम में 51 कन्याओं का पूजन हुआ और दक्षिणा व चुनरी दी गई। विहिम जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह और महानगर उपाध्यक्ष अशोक शर्मा,धर्माचार्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय मिश्र, जितेंद्र बनारसी आदि मौजूद रहे।

## विजयादशमी पर रात 11 बजे 51 फुट के रावण का होगा दहन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** रामनगरी में विजयादशमी के मौके पर धर्म व सनातन संस्कृति की रक्षा को दर्शाते हुए 51 फुट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। यह कार्यक्रम फिल्मी रामलीला के ग्राउंड पर भी आयोजित किया जाएगा। राम मंदिर से एक किलोमीटर दूर स्थित राजेन्द्र निवास चौराहे पर सात दशक से आयोजित रामलीला स्थल पर विजयादशमी के दिन रात 11 बजे कार्यक्रम को संपन्न किया जाएगा। अयोध्यास्थ रामलीला सेवा समिति के सदस्य डॉ. प्रभाकर मिश्र ने बताया कि 1950 से अयोध्या के बीच राजेंद्र नगर चौराहे पर रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है। श्रीराम के जन्म से लेकर उनके वनवास, भरत मिलाप, सीता हरण, लंका दहन और फिर रावण वध का आयोजन किया जाता है। इसके पश्चात श्रीराम के राज्याभिषेक का भी आयोजन बड़े धूमधाम से आयोजित होता है। विजयादशमी के मौके पर 51 फुट ऊंचे 10 मुख वाले रावण को जलाए जाने की तैयारी की गई है। देर रात 11 बजे दहन करने का मुहूर्त भी रखा गया है। इसके लिए ग्राउंड पर ही इस रावण को तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। बीते चार दिनों से इस कार्य के लिए तीन कारीगर लगे हुए हैं।

### अदालती नोटिस

**न्यायालय वित्त एवं राजस्व अधिकारी महोदय**
**वाद संख्या :**
**डी0202104680001353**
**ता0पेशी–29.10.2024**
**वाद–अन्तर्गत धारा 30 (2) उ0प्र0 राजस्व संहिता ग्राम– दमोदरा, परगना–बरौसा**
**तह0–जयसिंहपुर,जनपद–सुल्तानपुर**
**रविशंकर –आदि**
**बनाम**
**राज्य आदि –प्रतिवादी**

1. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र जगत नरायन, नि0–ग्राम–दमोदरा, परगना–बरौंना, तहसील–जयसिंहपुर जनपद–सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित ...ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है ....अतः एवं आपको एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में दिनांक : 29.10.2024 को दिवस पूर्वन्हन या सम्यक रूपेण उपस्थित आये। और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा सहित
**आज्ञा से**
**न्यायालय वित्त एवं राजस्व अधिकारी**
**सुलतानपुर**

# राम की शरण में पहुंचे विभीषण

अयोध्या कार्यालय



रामलीला के मंचन में रावण के दरबार बंदी बनकर खड़े हनुमान जी।

**अमृत विचार :** फिल्मी सितारों की रामलीला के साथ-साथ पारंपरिक रामलीला का भी आयोजन किया जा रहा है। जहां कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। फिल्मी कलाकारों की रामलीला प्रारंभ होने से पहले उद्योग जगत में बड़ा नाम हासिल करने वाले रतन टाटा को भी याद किया गया।

रामलीला का प्रारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। बृहस्पतिवार की शाम को मंचन में हनुमान जी की वापसी होती है। वह प्रभुराम को माता सीता का कुशलक्षेम बताते हैं। हनुमान जी कहते हैं कि लंकापति रावण बहुत अहंकारी हैं। माता सीता को वापस नहीं करना चाहता है। इस बीच रावण को अपने पराक्रम के आगे सब कुछ तिनका नजर आता है। विभीषण उसे माता सीता को वापस कर रामजी से माफी मांगने का सुझाव देते हैं। गुस्साया रावण विभीषण को लंका से बाहर निकाल देता है। विभीषण राम की शरण में चले जाते हैं। इसी के साथ ही रामायण आधारित पात्रों ने लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया। लंका के राजा रावण की ओर से सेनापति मेघनाथ और लक्ष्मण में घनघोर युद्ध होता है। रामलीला समिति के अध्यक्ष सुभाष मलिक बताते हैं कि 12 को रावण दहन के साथ समापन होगा।

**फिल्मी रामलीला शुरू होने से पहले उद्योगपति रतन टाटा को दी गई श्रद्धांजलि**

### कॉमर्स एंड बिजनेस स्टडीज के 34वें अंक का विमोचन

**अयोध्या कार्यालय।** अवध कॉमर्स एंड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित द्विवार्षिक जर्नल, कॉमर्स एंड बिजनेस स्टडीज के 34वें अंक का विमोचन साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. नर्वदेश्वर पांडे द्वारा किया गया। प्रोफेसर डॉ. पांडेय ने कहा कि इस जर्नल में प्रकाशित लेख प्राध्यापकों,शोध छात्रों एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी होते हैं। जर्नल के प्रबंध संपादक एवं वाणिज्य संकाय के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. मिर्जा शहाब शाह ने बताया कि यह जर्नल विगत 17 वर्षों से प्रकाशित हो रहा है। इसके मुख्य संपादक प्रो. डॉ बीके झा पूर्व अध्यक्ष वाणिज्य संकाय केएनआई सुल्तानपुर हैं।

### राजस्व निरीक्षक का पुत्र बना एयर सेफ्टी ऑफिसर

**सोहावल, अयोध्या।** लगन और परिश्रम का संयोग एक साथ हो तो कोई भी पद हासिल किया जा सकता है। राजस्व निरीक्षक के पुत्र उत्तम कुमार मौर्य ग्राम अछोरा मिल्कीपुर ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। उनका चयन नागरिक उड्डयन मंत्रालय में एयर सेफ्टी ऑफिसर के पद पर हुआ है। पिता राजस्व निरीक्षक अनिल कुमार और गृहणी माता सीता रानी के पुत्र ने प्रारंभिक शिक्षा हाईस्कूल में 75 फीसदी व इंटर में 86 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। इसके बाद बीटेक के लिए देहरादून का रुख किया तो पीछे मुड़कर नही देखा। आईआईटी कानपुर से 2022 में एमटेक किया और इसी वर्ष पहली नियुक्ति हुई।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रंजय कुमार वर्मा पुत्र बेचन प्रसाद वर्मा है। मैं साकिन– अजान, पोस्ट व थाना–लोटन, तहसील– नौगढ़, जनपद– सिद्धार्थनगर का मूल निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश रंजन कुमार वर्मा हो गया है। जिसमें मेरा सही नाम रंजय कुमार वर्मा दर्ज किया जाए। **रंजय कुमार वर्मा**

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम PREM CHAND SINGH से बदलकर PREM CHANDRA SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे PREM CHANDRA SINGH **पुत्र रामभजन सिंह निवासी 633/237, कृष्णविहार कालोनी फैज़ाबाद रोड, लखनऊ** से जाना पहचाना जाये।

### सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी है। यह नाम आधार कार्ड में भी अंकित है। लेकिन कागज में सिर्फ जुबेर पुत्र पुत्र पुत्तन अंसारी है। जुबेर को अपना पासपोर्ट बनवाना है। जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी के नाम से जाना और पहचाना जाए। **–जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी, निवासी– कोट बाजार पयागपुर, बहराइच उत्तर प्रदेश**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **आनन्द कुमार पुत्र स्व. भगवती प्रसाद दीक्षित, पूर्व नि0ग्राम व पो0– सिसेंडी जिला लखनऊ, वर्तमान पता– जे0 403 इन्द्रलोक कालोनी**, मैं अपने नाम के आगे दीक्षित जोड़ रहा हूँ। अब मुझे आनन्द कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद दीक्षित के नाम से जाना व पहचाना जाय।

### सूचना

सूचित हो कि आधार कार्ड सं0, 578362985852 में त्रुटिवश मेरा नाम नवनीत मणि लिख गया है जो कि गलत है। पैनकार्ड, वोटर आईडी में मेरा नाम नीरज मिश्रा है जो कि सही नाम है। **नीरज मिश्रा पुत्र श्री राधिका प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम–पूरे धन्नी, पोस्ट पूरे बसालत पर0 तह0 व जिला–गोण्डा**





नवरात्र विशेष

## नगर के मध्य में विराजमान हैं मां हट्ठी महारानी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के चौक स्थित माता हट्ठी रानी का मंदिर लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। शहर के मुख्य बाजार के बीच होने के कारण व्यापारी दर्शन करने के बाद ही अपने कारोबार पर जाते हैं। नवरात्र में इस मंदिर में भी दर्शन करने के लिए लंबी कतार लगती है। शक्ति पीठ माता हट्ठी महारानी का मन्दिर देखने में अवश्य छोटा है, लेकिन इस स्थान के बारे में बताया जाता है कि नगर के टठरैया मोहल्ले में लगभग 170 वर्ष पूर्व एक वटवृक्ष के नीचे एक श्रद्धालु कुम्हार प्रतिदिन जलाभिषेक करता था। एक दिन उसने देखा कि जिस स्थान पर वह जल गिरता है, वहां वट वृक्ष में एक दरार उत्पन्न होने लगी। दिन-प्रतिदिन वह दरार चौड़ी होती गई। अंततः उसमें एक देवी प्रतिमा का दर्शन होने लगा। आसपास के लोगों ने मां की प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया। माता का यह स्थान पौराणिक और पुरातात्विक दृष्टिकोण से अपना विशिष्ट स्थान बनाये हुए है। इस मंदिर का मुख दक्षिण दिशा की ओर है। स्थानीय लोगों का दावा है की पुरातत्व विभाग के द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि प्रतिमा महाभारत काल के समय की है, लेकिन इसका प्रमाण नहीं मिले हैं। महारानी मंदिर सेवा समिति के सदस्य केशव बिगुलर और रवि कपूर के मुताबिक समिति केवल पूजा अनुष्ठान और मन्दिर की व्यवस्था के साथ ही तमाम सामाजिक कार्यों को करती है। मंदिर के पुजारी राजकुमार मिश्रा बताते हैं कि नवरात्र में इस स्थान पर विशेष पूजन की व्यवस्था की जाती है।



चौक स्थित हट्ठी महारानी का मंदिर।

# चुनौती बना जंगली जानवर, मवेशी को बनाया निवाला

**डड़वा में जंगली जानवर दिखने की चर्चा ▸ हिंसक जानवर की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत, लाठी-डंडों के साथ पहरेदारी**

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों के लोग जंगली जानवर की दहशत में जी रहे हैं। बुधवार रात को सिंधौरा गांव के बगल ग्राम रेवना के तुलापुर गांव में गाय की एक बछिया को जंगली जानवर ने अपना निवाला बना डाला। चार दिन पहले क्षेत्र के मरूई गनेशपुर गांव के पास किसी जंगली जानवर ने एक नीलगाय के बच्चे पर हमला कर मार दिया था। उधर, वन विभाग ने क्विक रिस्पांस टीम गठित करते हुए सर्च आपरेशन तेज करने का दावा किया है। वहीं गनेशपुर में पिंजरा लगाए जाने के बाद भी जंगली जानवर पकड़ में नहीं आया है।

डिप्टी रेंजर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अभी भी पिंजरे को लगाया गया है। इसके साथ ही वन विभाग की टीम ने गश्त बढ़ा दी है। टीमें लगातार क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। हम पूरी तन्मयता के साथ हिंसक जानवर को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उरुवा वैश्य निवासी मंयक यादव ने बताया कि बुधवार की रात डड़वा के सिवान में सियार से थोड़ा बड़ा दिखने वाला जानवर दिखा था। रेवना निवासी लक्ष्मीकांत मिश्र ने बताया कि बगल मजरे तुलापुर में जंगल के किनारे स्थित विजय कुमार पाण्डेय के मकान के निकट जंगली जानवर ने एक बछिया को मार डाला। इससे इलाके में दहशत और फैल गई है। लोग रात को लाठी डंडा के साथ पहरा दे रहे हैं।


आदिलपुर में निगरानी करती वन विभाग की टीम।


अमृत विचार गनेशपुर में गन्ने के खेत के किनारे जंगली जानवर को तलाशती वन विभाग की टीम

### जहां 15 लोगों को किया जख्मी, वहां नहीं लगा पिंजरा

हैरिंगटनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज बाजार के आस-पास चार दिन पहले ही 15 लोगों को जंगली जानवर ने हमला करके घायल कर दिया था। फिर भी वन विभाग ने अभी तक इस क्षेत्र में पिंजरा नहीं लगाया है, जबकि रेवतीगंज से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर मरूई गनेशपुर में पांच दिन पहले जंगली जानवर ने एक नीलगाय के बच्चे को मार डाला था। वहां वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया है। खडभड़पुर निवासी जय नारायण शुक्ला ने कहा कि गायत्री पब्लिक स्कूल व उसके आसपास कहीं पिंजरा जरूर लगाया जाना चाहिए।

### जंगली जानवर ने किरकिरा कर दिया दुर्गा पूजा व दशहरा का उत्सव

क्षेत्र में जंगली जानवर की आमद ने दुर्गा पूजा और रामलीला के उत्सव को फीका कर दिया है। हैरिंग्टनगंज, रेवतीगंज व आसपास की बाजारों में दुर्गा पूजा के कई पंडाल लगे हुए हैं। रोजाना कहीं न कहीं अलग-अलग कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं, लेकिन इन कार्यक्रमों पर जंगली जानवर का खौफ भारी पड़ता दिख रहा है। जगराता व कवि सम्मेलनों जैसे भीड़भाड़ वाले कार्यक्रमों में भी लोगों की भीड़ नहीं आ रही है। शिवकुमार जायसवाल ने बताया लोग अपने घरों से डर के मारे बाहर नहीं निकल रहे हैं। वहीं रेवतीगंज निवासी एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू कहते हैं कि दुर्गा पूजा के साथ ही रेवतीगंज में अच्छी रामलीला भी चल रही है, लेकिन पिछली साल के मुताबिक इस साल खौफ के कारण भीड़ नहीं जुट पा रही है।

### अपील के साथ वन विभाग ने जारी किया फोन नंबर

प्रभागीय वनाधिकारी प्रणव जैन ने बताया कि संभावित क्षेत्रों में प्रभाग स्तर गठित टीम व रेंज स्तरीय टीम द्वारा पुलिस विभाग के साथ निगरानी की जा रही है। अभी तक भेड़िया अथवा किसी भी अन्य हिंसक वन्य जीव के पद चिह्न क्षेत्र में नहीं पाये गये हैं। फिर भी स्थानीय लोगों से अपील की जाती है कि आप लोग सतर्क रहें तथा किसी भी प्रकार के अफवाह से बचें। यदि आपको क्षेत्र में कोई वन्य जीव दिखाई देता है तो आप उसके पास जाने का प्रयास कदापि न करें। उसकी सूचना 8299689204 क्षेत्रीय वनाधिकारी, कुमारगंज रेंज व 9415188871 क्विक रिस्पांस टीम प्रभारी वन विभाग को तत्काल दें।


दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। अमृत विचार

### महोत्सव चरम पर, पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का सैलाब

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहर से देहात तक दुर्गा पूजा महोत्सव चरम पर पहुंच गया है। शाम होते ही शहर की सड़क पर श्रद्धालुओं का समूह उमड़ रहा है। सार्वजनिक भंडारे का क्रम शुरू हो गया है। सप्तमी-अष्टमी पर देवी मंदिरों के साथ ही पूजा पंडालों में पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शुक्रवार को हवन-पूजन की तैयारी है। दुर्गा पूजा महोत्सव का आकर्षण बढ़ गया है। गुरुवार को सुबह से ही देवी मंदिरों के साथ ही पूजा पंडालों में पूजन अर्चन के लिए भक्तों की भीड़ रही। शाम को पूरा शहर आकर्षक रोशनी में डूब गया। देहात और शहर के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सड़कों पर पहुंच रही है। देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

## 25 लाख दीये प्रज्ज्वलित कर बनाएंगे विश्व रिकार्ड

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ कुलपति ने दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर संयोजकों व अधिकारियों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर संयोजकों, सह-संयोजकों व अधिकारियों के साथ बैठक की।

गुरुवार को विवि के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में रामनगरी के दीपोत्सव के लिए वृहद चर्चा की। कुलपति ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रभु श्रीराम के दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनायेंगे। कुलपति ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला दीपोत्सव है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के समन्वय से छोटी दीपावली पर अयोध्या के 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित करके विश्व कीर्तिमान बनायेंगे। कुलपति ने बताया कि दीपोत्सव को अलौकिक बनाने के लिए 22 समितियां बना दी गई। नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि 30 अक्टूबर के दीपोत्सव में राम की पैड़ी पर 25 लाख दीए जलाने के लिए 28 लाख दीए बिछाये जायेंगे। समन्वयक एवं स्वयंसेवकों की सूची पंजीकरण के लिए 15 अक्टूबर तक समय निर्धारित किया गया है। घाट वार दीपों की मैपिंग का कार्य 12 अक्टूबर तक कर लिया जायेगा। 25 से घाटों पर दीए लगाने का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। 29 अक्टूबर को घाटों पर लगे दीए की गणना होगी। 30 अक्टूबर को घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डालना व प्रज्ज्वलित किया जायेगा।

## डीडीओ पहुंचे तारुन ब्लॉक बंद कमरे में की वार्ता

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** तारुन ब्लॉक की कुछ पंचायतों में विकास कार्यों में हुई गड़बड़ी की खबरें प्रकाशित होने के बीच जिला विकास अधिकारी महेन्द्र देव गुरुवार को दोपहर बाद अचानक ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। यहां पहुंचते ही जिला विकास अधिकारी ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारियों को लेकर एक कमरे में चले गए। वहां घंटों अधिकारियों और कर्मचारियों से वार्ता करते रहे। कई घंटे तक बन्द कमरे में चली वार्ता के बाद बाहर निकले डीडीओ ने कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया। उन्होंने यह कहा कि यह उनका व्यक्तिगत आगमन था। गत 2013 में उनकी यहां तैनाती थी और उस दौर के मित्रों से मिलने यहां आया हूं। उनके जाने के बाद देर तक इस बारे में ब्लॉक कार्यालय पर चर्चा होती रही। सूत्र बताते हैं कि डीडीओ के आगमन की मुख्य वजह तारुन ब्लॉक की कुछ पंचायतों में विकास कार्यों में हुई गड़बड़ी की खबरें थीं। जब उनसे विकास कार्यों में गड़बड़ी की जांच के संबंध में पूछा गया तब भी वह कुछ भी संतोष जनक जवाब देने में असमर्थ रहे।

**विकास कार्यों में हुई गड़बड़ी के बाद पहुंचे थे ब्लॉक मुख्यालय**

## सार-संक्षेप

### मां जगदंबा के अनुसरण से मिलती है सफलता : नील गंगा

**पूरा बाजार ,अयोध्या। अमृत विचार :** अखिल भारतीय मानव सेवा समिति द्वारा ताहिरपुर बरौली में सुदामा वर्मा के निवास पर आयोजित सात दिवसीय सत्संग समारोह का समापन हो गया। हंस योग आश्रम अयोध्या की प्रभारी नील गंगा बाई ने कहा कि मनुष्य का जीवन तब सार्थक होता है जब वह अपने भीतर शांति और जागरूकता का संचार करता है। मां जगदंबा के आदर्शों का अनुसरण करते हुए हम जीवन में स्थिरता और सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सुनील वर्मा, गुड्डू सिंह, राम केवल यादव, फौजदार वर्मा और हरिप्रकाश तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### ब्लॉक स्तरीय क्विज में दिखी छात्रों की प्रतिभा

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** आदर्श महिला महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय क्विज राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम हुआ। विकास खंड रुदौली के 57 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के तीन-तीन मेधावी छात्रों ने प्रतिभाग किया। संचालन एआरपी संपूर्णानंद सिंह ने किया। एआरपी शालिनी द्वारा प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, ब्लॉक ' मंत्री सत्येन्द्र पाल सिंह,पूर्व माध्यमिक विद्यालय गनोली के प्रधानाध्यापक अकील अहमद आदि मौजूद रहे।

### अवध विवि में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

**अयोध्या कार्यालय।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग में गुरुवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता योग प्रशिक्षक अनुराग सोनी ने कहा कि योग जीवन में संतुलन स्थापित करता है। इसे जीवन में अपनाएं। डॉ. बजरंगी यादव ने कहा कि भागदौड़ भरी जिदंगी में लोग तनाव ले रहे हैं, इससे बचने के लिए व्यायाम जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समन्वयक प्रो. अनूप ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र, संयोजिका डॉ. प्रतिभा, डॉ. सरिता ने विचार व्यक्त किया। संचालन डिंपल सिंह ने किया।

### मुलायम की पुण्यतिथि पर मरीजों को फल बांटे

**अयोध्या, अमृत विचार :** दिवंगत सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य एहसान मो. अली उर्फ चौधरी शहरयार ने रुदौली विधानसभा क्षेत्र के मवई ब्लॉक के विभिन्न अस्पतालों में फल वितरण किया। उन्होंने मरीज़ों का हाल जाना व जल्द स्वस्थ होने की कामना की। विधानसभा उपाध्यक्ष फ़रीद खां 'बाबा', युवजन सभा विधान सभा अध्यक्ष शुऐब खां, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद अहमद, भानु यादव, प्रमोद कौशल, वरिष्ठ नेता ख़ालिद खां, फ़ैसल मालिक, मो.इद्रीस आदि मौजूद रहे।

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि



सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय व मौजूद कार्यकर्ता।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामीद जाफर मीसम ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि नेताजी ने प्रदेश में मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री रहते हुए प्रदेश और देश को बहुत आगे ले जाने का काम किया। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा नेताजी ऐसे थे जो सभी के दिलों में राज करते थे। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया उपाध्यक्ष चौधरी श्रीचंद यादव, रियाज अहमद, नागेश्वर कोरी, सचिव जगन्नाथ यादव समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सपा की जीत ही नेताजी को होगी सच्ची श्रद्धांजलि: सांसद


कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

**मिल्कीपुर,अयोध्या। अमृत विचार :** संविधान बचाओ पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा का गुरुवार को मिल्कीपुर विधानसभा के पांच नंबर चौराहे पर कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ समापन किया गया। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद की अगुवाई में मिल्कीपुर विधानसभा में दर्जनों स्थान पर स्वागत किया। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना और मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की जीत ही नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, साइकिल यात्रा के मुख्य अतिथि लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव, संयोजक कुणाल मौर्य ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता ब्लाक के अध्यक्ष राम तेज यादव ने की।

### स्कूल से सिलेंडर चोरी, नहीं बना मिड डे मील

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र पूराबाजार के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर अंजना में शातिर चोरों ने स्कूल की रसोई का ताला तोड़कर सिलेंडर चुरा लिया। बुधवार रात हुई चोरी की वारदात के बाद गुरुवार को स्कूल में मिड डे मील नहीं बन सका, जिस कारण बच्चों को भूखे लौटना पड़ा। प्रधानाध्यापक अपर्णा द्विवेदी ने बताया कि चोरी की यह दूसरी घटना है। हैरान कर देने वाली बात यह थी चोरों ने खाद्य सामग्रियों को हाथ तक नहीं लगाया। पूराकलंदर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी तो मिली है, लेकिन तहरीर अभी नहीं मिली है।

### रतन टाटा के निधन पर जताया शोक

**अयोध्या।** देश के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर उद्यमियों के साथ अन्य लोगों ने शोक जताया। कहा कि रतन टाटा का निधन उद्योग जगत की ही नहीं बल्कि राष्ट्र की क्षति है। व्यापार अधिकार मंच के संयोजक व भाजपा नेता सुशील ने कहा कि वह उद्योगपति होने के साथ राष्ट्र भक्त भी थे। आईआईए के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। कई व्यापारिक संगठनों के नेताओं ने निधन पर शोक जताया।

# 18 से 20 साल के युवाओं को टास्क, 100 किमी में था नेटवर्क

रुदौली, अयोध्या

**फॉलोअप**

**▸▸ 1500 रुपये मेहनताने पर बाइक चोरी करने वाले गैंग की थी अनोखी कार्यशैली**

**अमृत विचार :** अनोखे अंदाज में बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग ने पुलिस के कान खड़े कर दिए हैं। 1500 रुपये मेहनताना देकर बाइक चोरी कराने वाले इस गैंग की वारदात अंजाम देने की कार्यशैली को लेकर पुलिस ने बाराबंकी और अयोध्या पुलिस से भी संपर्क साधा है। खुलासा यह भी हुआ है कि गैंग का मास्टरमाइंड 18 से 20 साल के युवाओं को बाइक चोरी का टास्क सौंपता था। गैंग ने अपनी वारदात का इलाका भी अयोध्या-बाराबंकी मिलाकर करीब सौ किमी का क्षेत्र रखा था। इतना ही नहीं गैंग का पूरा नेटवर्क एक वाट्सएप ग्रुप के जरिए संचालित किया जाता था। यही वजह है कि रुदौली पुलिस ने गैंग के कैरियरों को दबोचने के लिए अयोध्या और बाराबंकी पुलिस से भी संपर्क साधा है।

> पूछताछ में कुछ अहम जानकारियां हासिल हुई हैं। गैंग का नेटवर्क अयोध्या बाराबंकी था इसलिए वहां की पुलिस से संपर्क किया गया है। शीघ्र ही पूरा खुलासा किया जाएगा। **- संजय मौर्य, प्रभारी निरीक्षक, रुदौली**

बुधवार को रुदौली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान गैंग के एक सदस्य मनीष निषाद को गिरफ्तार किया था। उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई थी। उसकी निशानदेही पर रुदौली के ही फकरे आलम और मो. साजिद से भी कई कटी बाइक और चेसिस वगैरह बरामद की थी। मनीष ने ही पुलिस को बताया था कि गैंग के सरगना द्वारा बाइक चोरी करने पर 1500 रुपये दिए जाते हैं। गैंग अपने संपर्कों के आधार पर बाइक चोरी के लिए 18 से 20 साल के ऐसे युवाओं को चुनता था, जिन्हें पैसे की आवश्यकता होती और कुछ भी करने के लिए तैयार रहते। पुलिस इंसाफ अली और सजनु शाह की भी तलाश कर रही है जो बाइक काट कर पार्ट्स बेचने का काम करते थे। इसके लिए बुधवार से कई स्थानों पर दबिश भी दी जा चुकी है। गिरफ्तार मनीष के मोबाइल लेकर पुलिस सीडीआर की भी जांच कर रही है। यह भी जानकारी सामने आ रही है गैंग के संचालन के पीछे एक सियासी दल के स्थानीय नेता का भी हाथ है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस रुदौली के भौली गांव के बाग में भी अपना जाल बिछा दिया है।

## आवास की छत गिरी युवक की मौत

**रुदौली, अयोध्या।** कोतवाली रुदौली के ग्राम भेलसर में गुरुवार को 20 वर्ष पुराने इंदिरा आवास की छत गिरा रहे युवक की उसी के नीचे दब कर मौत हो गई। ग्राम भेलसर में रामदीन का लगभग 20 वर्ष पुराना इंदिरा आवास बना था। नया घर बनाने के लिए गुरुवार को दोपहर रामदीन के पुत्र राम केवल, नीरज, प्रदीप और संजय कुमार छत तोड़ रहे थे। राम केवल, नीरज और प्रदीप नीचे उतर आए। संजय कुमार उतरते समय कमरे की फर्श पर गिर गए और छत उसके ऊपर गिर गई। गंभीर रूप से घायल संजय को परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से निकला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली ले गए। जहां चिकित्सक ने संजय को मृत घोषित कर दिया। विधायक रामचंद्र यादव, उप जिलाधिकारी प्रवीण यादव, चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी, लेखपाल जगदंबा यादव ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। विधायक ने उपजिलाधिकारी से सर्वहित किसान योजना का लाभ दिलाने के साथ आवासीय भूमि का पट्टा देने के लिए निर्देशित किया।

# मुठभेड़ में घायल युवक समेत दो लोग गिरफ्तार

अयोध्या/ गोसाईगंज

**▸▸ साथी को भी पकड़ा, गोसाईगंज पुलिस का दावा लूट को अंजाम देने वाले थे**

**अमृत विचार :** क्राइम ब्रांच की स्वाट और गोसाईगंज थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से मुठभेड़ के बाद बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक युवक मौके से फरार हो गया। इनके एक साथी को उसके घर से पकड़ा है। पुलिस का दावा है कि यह लोग कस्बा स्थित एक सराफा प्रतिष्ठान में डकैती की तैयारी कर रहे थे।

गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी देहात बलवंत चौधरी ने बताया कि पुलिस ने काजीपुर गाडर निर्माणाधीन बाईपास पकरेला के पास बाइक सवार युवकों को रोका तो उन्होंने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में थाना क्षेत्र के गौहनिया निवासी बाबूराम चौहान को बाएं पैर में गोली लगी। घायल बाबूराम और देवगिरिया पुरैनी निवासी इसके साथी धीरेन्द्र वर्मा उर्फ गब्बर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पल्सर बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। बाबूराम जिला अस्पताल में भर्ती है। आरोपियों ने बताया कि वह लोग कस्बे स्थित एक सराफा प्रतिष्ठान में डकैती डालने जा रहे थे। अंकित पहले ही बाइक से उतर गया था,जबकि वारदात में लालपुर निवासी विवेक वर्मा को भी शामिल रहना था। पुलिस ने विवेक को चिरकिटिहा से चुराई गई बाइक और पिस्टल-कारतूस के साथ पकड़ा है। जानलेवा हमला व आयुध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पकड़े गए आरोपियों का चालान किया गया है।

**आस्था** | **सवा सौ साल से ज्यादा समय से करा रहे अनवरत रामलीला का मंचन**

# संतों के साथ अयोध्यावासियों में भी रामलीला के प्रति गहरा अनुराग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या, श्री राम की जननी है। यहां रामलीला की परंपरा तो पुरानी है। संतों के साथ अयोध्या के लोगों मे भी रामलीला के प्रति गहरा अनुराग रहा है। जिले में कई ऐसी रामलीलाएं हैं जो 100 से अनवरत राम लीला का मंचन करा रही हैं। अयोध्या की गौरवशाली रामलीला का इतिहास शोधपरक पुस्तक राम नगरी की राम लीला के जरिए सामने आएगा। इसके विमोचन की तैयारी है।

राम नगरी कई रामलीला मंडलियां हैं जो डेढ़ से तीन सौ साल से भी ज्यादा समय से रामलीला का मंचन करा रही हैं। कई संत परंपरा के अनुसार मंचन करा रही हैं। दूसरी रामलीला समितियां भी हैं जो अपने कलाकारों के जरिए मंचन कराती है। अब अयोध्या में गहरे राम लीला के इतिहास को सामने लाने की कोशिश पूरी हो गई है। समाजसेवी व दशकों से केंद्रीय दुर्गा पूजा और राम लीला समिति के सक्रिय पदाधिकारी रहे केशव बिगुलर ने लगभग आठ साल तक काम किया। पूरे जिले में होने वाली रामलीला को इसके दायरे में रखा। लोगों से बातचीत की। इसके बाद इस पुस्तक को आकार दिया। पुस्तक का नाम रखा, रामनगरी की रामलीला। खास बात यह सामने आई कि इनमें शहर के व्यवसायी से आम लोगों की सक्रियता तब से अब तक लगातार बनी है। हालांकि इसका विमोचन अभी नहीं हुआ हैं।

बताते हैं कि रामलीला तो बाबा तुलसी के कालखंड से अयोध्या में होती रही हैं, लेकिन उनकी थीम शुरू हुई राम लीला के अनवरत चलने से। शुरू हुई और बंद हो गई, फिर चली। ऐसे राम लीलाओं पर उनका फोकस नहीं हैं। हर साल होने वाली ऐसे 110 रामलीला मंचन को उन्होंने सूची बद्ध किया। इसमें से 51 रामलीलाओं के शुरुआत से साल 2022 तक के इतिहास को लिपिबद्ध किया। इनमें जिले के मवई से महबूबगंज और गोसाईगज से जाना बाजार और हाजीपुर बरसेंडी हैं। बताते हैं कि जल्द ही इसका विमोचन होगा। लोगों से बातचीत के दौरान उन्होंने अनुभव किया कि रामलीला मंचन के प्रति लोगों में फिर आकर्षण बढ़ रहा है। अतीत में शुरू हुई राम लीलाओं की अपनी विशेषता भी है। मशाल से शुरू हुई राम लीला में अब चमक-दमक है। ऐसी कुछ पर चर्चा करते हैं


सन 1990 में रामलीला समितियों की संयुक्त राम बारात का दृश्य।



रामनगरी की राम लीला पर तैयार की तैयार की गई पुस्तक।

**1871 में शुरू हुई साहबगंज की की राम लीला :** मशाल की रोशनी में स्थानीय कलाकारों ने साहबगंज की राम लीला स्थानीय कलाकारों ने शुरू की। कहार खुली पालकी में राम जी का डोला लेकर चलते थे।

**1927 में फतेहगंज की राम लीला :** सुभाषनगर और फतेहगंज में एक गढ़ही के पास फतेहगंज के आढ़तियों और समाज के प्रबुंद्ध लोगों ने स्थानीय कलाकारों से इसकी शुरुआत की। बाधाएं आईं, लेकिन लोगों ने किसी न किसी रूप में इसे संचालित रखा।

**1965 में शुरू हुई हैदरगंज की राम लीला :** छोटे-छोटे बच्चों ने बारादरी गली में राम लीला की शुरुआत की। इसके बाद बड़े बुजुर्गों ने इसका जिम्मा संभाला तो इस रामलीला का मंचन आज भी बरकरार है।

**1978 से चल रही वजीरगंज जप्ती की राम लीला :** रामलीलाओं से प्रेरित होकर वजीरगंज जप्ती के लोगों ने 1978 में 74 रुपये में राम लीला का मंचन शुरू कराया। यह अब तक लगातार चल रही है।

**1978 से अनवरत है हाजीपुर बरसेंडी की राम लीला :** सोहावल के हाजीपुर बरसेंडी की रामलीला ही ऐसी रामलीला है जो अनवरत चल रही है। साल 2022 तक जिले की दूसरी कोई ऐसी रामलीला नहीं है। जो अनवरत चल रही हो।

## चना बुआई का बढ़ा लक्ष्य दूर-दूर तक पहुंचेगा सत्तू

**अयोध्या कार्यालय।** इस वर्ष जिले में एक लाख 75 हजार हेक्टेयर में रबी की खेती का लक्ष्य रखा गया है। ओडीओपी (एक जनपद एक उत्पाद) में सत्तू के शामिल होने के साथ कृषि विभाग ने चना बुआई का लक्ष्य इस वर्ष 240 हेक्टेयर बढ़ा दिया है। साथ ही किसानों में चना के बीज का मिनी किट वितरित करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में रबी फसलों की बुआई के लक्ष्य में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 फीसदी बढ़ोत्तरी की गई है। हालांकि दलहनी की फसल चना को विशेष तवज्जो दिया गया है। यहां का सत्तू एक जनपद एक उत्पाद में शामिल हो गया है। सत्तू का निर्माण चना से ही होता है, लिहाजा इसकी खेती का दायरा बढ़ाया गया है। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र ने बताया कि जब स्थानीय स्तर पर चना का उत्पादन अधिक होगा तो सत्तू अधिक बनेगा। इससे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देश के कोने-कोने तक सत्तू पहुंच सकेगा। सभी ब्लाकों में किसान हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है।

## एक नजर

### अभियान के तहत बच्चों का कराया गया टीकाकरण

**अंबेडकरनगर।** जनपद के स्वास्थ्था केंद्रों पर 18 प्रकार की बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए टीकाकरण किया गया। वहीं लोगों से अपील की गई कि अभियान को शतप्रतिशत सफल बनाने के लिए सहयोग करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मारकंडेय ने बताया कि खसरा, मलेरिया, निमोनिया समेत अन्य बीमारियों से बचाने के लिए छह वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी अभियान सामूहिक प्रयास से ही सफल होता है। इसलिए टीकाकरण अभियान में सभी को बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए।

### कबड्डी में रेडिएंट एकेडमी ने मारी बाजी

**अंबेडकरनगर।** पंडित रामनयन त्रिपाठी आईटीआई परिसर में तमसो मा ज्योतिर्गमय सेवा समिति अकबरपुर के तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। कप्तान संचित यादव की अगुआई में रेडिएंट एकेडमी सभी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल विजेता घोषित हुई। साकेत एकेडमी टांडा दूसरे स्थान पर, जबकि अकबरपुर टीम तीसरे स्थान पर रही। आयोजन समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने बताया गया कि उनकी संस्था का उद्देश्य सामान्य ज्ञान और खेल कूद प्रतियोगिता के माध्यम से जनपद की प्रतिभाओं को निखारना है।

### महिलाएं ताइक्वांडो का प्रशिक्षण लेकर बने निपुण

**अंबेडकरनगर।** आत्मरक्षा के लिए युवतियों को ताइक्वांडो में पूरी तरह से निपुण होना होगा। इस क्षेत्र में भविष्य को भी संवारा जा सकता है। यह बातें अकबरपुर नगर स्थित राजकीय एकलव्य स्टेडियम में युवतियों को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षक संध्या राजभर ने कहीं। संध्या ने कहा कि ताइक्वांडो आत्मविश्वास को मजबूत करता है और विषम परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता उत्पन्न होती है।

# मरीजों को दें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं : डीएम

## संचारी और दस्तक अभियान को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के साथ की बैठक कर दिए निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**



दस्तक अभियान को लेकर बैठक करते डीएम अविनाश सिंह व साथ में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, सीएमओ डॉ. राजकुमार।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में 1 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी, दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों से उनके द्वारा की गई तैयारियों को लेकर समीक्षा किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार और अन्य संचारी रोग यथा क्षय रोग, कुष्ठ रोग पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्य प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस अभियान के सफल संचालन के लिए अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाएं और सभी विभागों को निर्देश दिए कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें। दस्तक अभियान और संचारी अभियान में आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही साथ जिलाधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटी लारवा छिडक़ाव व साफ-सफाई, फॉगिंग, झाडियों की कटाई कराया जाना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओमप्रकाश को निर्देशित किया कि अस्पताल में चिकित्सक समय से आए और मरीज का गुणवत्तापूर्ण इलाज करने के साथ-साथ मरीजों से अच्छा व्यवहार करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित पर सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

### बैठक में ये भी रहे उपस्थित

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी अवनीश कुमार श्रीवास्तव, जिला बेसिक अधिकारी भालेंद्र प्रताप सिंह, समस्त केंद्र अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एसएमओ डब्लूएचओ डीएमसी यूनिसेफ, समस्त खंड विकास अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में जनपद रहा अव्वल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शीर्ष प्राथमिकता वाली समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आईजीआरएस में जनपद ने माह सितंबर में भी प्रदेश के 75 जनपदों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर आइजीआरएस पोर्टल पर माह सितंबर में प्राप्त शिकायतों का विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने तत्परता से निस्तारण किया। शिकायतों का समयबद्ध और त्वरित निस्तारण किए जाने के फलस्वरुप प्रदेश सरकार द्वारा की जाने वाली प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त अधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय अधिकारियों के कार्य कुशलता के परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जनपद को माह सितंबर में प्रदेश की रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला है। जनपद आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित और मानक के अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित करते हुए विगत दो माह से प्रथम स्थान पर बना हुआ है। वर्ष 2024 में माह जनवरी, फरवरी, जून, अगस्त और सितंबर में जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण आगे भी सभी अधिकारी इसी प्रकार पूर्ण गंभीरता से मानकों और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। जिससे जनपद का प्रदेश रैंकिंग में प्रथम स्थान पर बना रहे।

# उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं का होगा समाधान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास खंड कटेहरी के उचित दर विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं और सुझाओं को एक-एक करके गंभीरता से सुना। उन्होंने बताया कि उचित दर विक्रेताओं की प्राप्त जनपद स्तरीय समस्याओं को जनपद स्तर से निस्तारित किया जाएगा वहीं शेष समस्याओं को शासन स्तर पर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिससे उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं का स्थाई समाधान सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने समस्त उचित दर विक्रेताओं को बताया कि उनके कमीशन के बढ़ोतरी और ट्रांसपोर्ट बकाए की धनराशि के भुगतान को सुनिश्चित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित महिला कोटेदारों से भी वार्ता किया और जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री की सोच है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाए। जिसके क्रम में जनपद में 45 स्वयं सहायता समूहों को भी कोटा चलाने का कार्य दिया जा चुका है। जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

# गरीबों व वंचितों को किया जा रहा लाभांवित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

**लाभार्थियों के खाते में भेजी गई चार करोड़ 50 हजार रुपए की धनराशि**

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जनपद के 801 पात्र लाभार्थियों को उनके आवास निर्माण के लिए 50-50 हजार रुपए की पहली और तीसरी किस्त जारी की गई है। जिसके तहत 124 लाभार्थियों को पहली किस्त और 677 लाभार्थियों को तीसरी और अंतिम किस्त भेजी गई है।

बता दें कि गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत लाभार्थियों को कुल 2 लाख 50 हजार रुपए तीन किस्तों में दिया जाता है। पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपए, दूसरी किस्त में 1.5 लाख रुपए और तीसरी व अंतिम किस्त के रूप में 50 हजार रुपए दिए जाते हैं। जनपद में अब तक 20 हजार 125 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है। हाल ही में किए गए सत्यापन के बाद 124 नए लाभार्थियों का चयन किया गया। जिसमें टांडा नगर पालिका के 88, जलालपुर के 24, नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर के 9, जहांगीरगंज के दो और इल्तिफातगंज के एक पात्र का चयन किया गया। इन सभी को पहली किस्त के रूप में 50-50 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खातों में भेजी गई है, जो कुल 62 लाख रुपए होती है। इसके अलावा 677 ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने दूसरी किस्त का उपयोग कर प्रमाणपत्र जमा कर दिया है। उन्हें तीसरी और अंतिम किस्त के रूप में 50-50 हजार रुपए दिए गए हैं, जो कुल 3 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपए है।

डूडा की प्रभारी अधिकारी बीना सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत कुल 801 लाभार्थियों के खातों में पहली और तीसरी किस्त की कुल 4 करोड़ 50 हजार रुपए की धनराशि भेजी गई है। इस योजना के तहत गरीबों को आवास मुहैया कराकर सरकार उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है।

## सार-संक्षेप

### थानाध्यक्ष ने असहाय महिला के पोछे आंसू



बच्चे को कपड़ा पहनाती जैतपुर थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** बेघर हुई महिला की विपन्नता को देखकर थानाध्यक्ष ने दरियादिली दिखाते हुए असहाय महिला के आसू पोछने का कार्य किया। जिससे थानाध्यक्ष की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। उक्त महिला को पति व ससुराल जनों द्वारा घर से बेघर कर घर में ताला लगा दिया गया। जिससे आहत होकर महिला अपने अबोध बच्चे को साथ लेकर भूखे प्यासे की हालत में न्याय पाने के लिए जैतपुर थाने में पहुंची। जहां बच्चे को काफी बुखार था। थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने महिला के अबोध बच्चे की दशा देख दोनों को भोजन कराया और नया वस्त्र खरीद कर अपने हाथों से पहनाया व बच्चे क इलाज की व्यवस्था करवाई। जिसके बाद थानाध्यक्ष ने परिजनों को बुलाकर उन्हें समझाया बुझाया और परिजनों के साथ महिला और बच्चे को भेजा। इस प्रकार की दरिया दिली दिखाने पर थाना क्षेत्र में काफी प्रशंसा हो रही है।

### कोटेदार सही ढंग से करें खाद्यान्न का वितरण : जिलाधिकारी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास खंड टांडा, अकबरपुर और कटेहरी के उचित दर विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्ड धारकों में खाद्यान्न का वितरण सही ढंग से किया जाए और किसी प्रकार की कोई शिकायत न मिले। उन्होंने ई-श्रम राशन कार्ड सत्यापन के बार जारी करना और छूटे हुए यूनिट को नियमानुसार जोडऩे के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राशन कार्ड में मुखिया और सदस्यों का ईकेवाईसी शतप्रतिशत समय से पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं को सुझाओं को एक-एक गंभीरता से सुना और प्राप्त समस्याओं का उच्च स्तर पर मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। बैठक के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य संबन्धित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बैंक प्राथमिकता से लाभार्थियों के खाते का विवरण करें अपडेट

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद में दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे करीब चार हजार लाभार्थियों को आगामी पेंशन की किस्त प्राप्त करने के लिए जल्द से जल्द अपने बैंक खाते का विवरण एनपीसीआई नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया पोर्टल पर अपडेट कराना होगा। विभाग के कई बार निर्देश के बावजूद इन लाभार्थियों ने अब तक यह आवश्यक प्रक्रिया पूरी नहीं की है। अगर यह अपडेट अगले सप्ताह तक नहीं कराया गया तो जुलाई, अगस्त और सितंबर माह की पेंशन लाभार्थियों के खाते में नहीं पहुंचेगी। बता दें कि जनपद में कुल 16 हजार दिव्यांगजन पेंशन प्राप्त करते हैं, जिनमें से 12 हजार लाभार्थियों ने अपने बैंक खाते का विवरण सफलतापूर्वक अपडेट कर लिया है। हालांकि अभी भी चार हजार लाभार्थी अपडेट कराने से वंचित हैं। जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी प्रतिभा यादव ने बताया कि तीन माह की पेंशन राशि इस सप्ताह जारी होनी है। अगर संबंधित लाभार्थी अपने खाते को एनपीसीआई पोर्टल पर अपडेट नहीं कराते हैं तो उनकी पेंशन राशि खाते में जमा नहीं हो पाएगी। सरकार की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी लाभार्थी पेंशन से वंचित न रहे। सभी बैंकों को निर्देशित किया गया है कि वह प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थियों के खाते का विवरण अपडेट करें। लाभार्थी आधार कार्ड और बैंक पासबुक लेकर संबंधित बैंक शाखा में जाकर यह प्रक्रिया आसानी से पूरी कर सकते हैं। जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी प्रतिमा यादव ने लाभार्थियों से अपील किया है कि वह जल्द से जल्द अपने बैंक खातों का एनपीसीआई पोर्टल पर अपडेट कराएं। जिससे लाभार्थियों की पेंशन में कोई रुकावट न हो।

### नहीं रहे श्याम सहाय सिंह, शोक की दौड़ी लहर



फाइल फोटो।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** कटेहरी विकास खंड के पूर्व ब्लॉक प्रमुख के बाबा श्याम सहाय सिंह का का 91 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। श्याम सहाय सिंह के निधन पर जनप्रतिनिधियों और पार्टी नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। बता दें कि जनपद के लोकनाथपुर गांव में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह सिपाही की मौजूदगी में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने श्याम सहाय सिंह के पार्थिव शरीर पर फूल-माला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। पौत्र विजय प्रताप मिंकू ने बताया कि गत 4 चार अक्टूबर को अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में चिकित्सकों ने छह दिन इलाज के बाद जबाव दे दिया। जहां गुरुवार को उन्होंने अंतिम शांस ली। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, अजीत प्रताप सिंह, केशरी सिंह, प्रदीप सिंह, रवींद्र पाण्डेय, अनुराग सिंह, अमन सिंह व अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को कूड़ा फेकने के लिए उचित जमीन कराएं उपलब्ध

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**



विकासखंड टांडा के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर की दीदी को ई-स्कूटी की चाबी देते डीएम।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड टांडा के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी लिया और प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कुछ ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल मौके पर ही निराकरण किया गया।

जिलाधिकारी ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जन सामान्य तक पहुंच के स्थित के बारे में भी जानकारी हासिल किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में जो भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित हैं उन लाभार्थियों को चिन्हित कर अनिवार्य रूप से नियमानुसार योजना का लाभ दिलाया जाए। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने कोटेदार की शिकायत किया कि कोटेदार द्वारा घटतौली की जाती है, जिस पर नाराज जिलाअधिकारी ने कोटेदार को फटकार लगाते हुए कहा कि अपनी कार्यशैली में सुधार लाए अन्यथा की दशा में दुकान निरस्त कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आवास योजना शौचालय या किसी अन्य योजना से कोई भी व्यक्ति यदि वंचित है तो उसकी सूची तैयार कर अधिक से अधिक को लाभ दिलाया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा, परियोजना निदेशक उपायुक्त स्वतः रोजगार अनिल कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी टांडा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान और समूह की दीदियां, ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने गांव का किया भ्रमण

जिलाधिकारी ने चौपाल के बाद ग्राम के विभिन्न गलियों का भ्रमण कर वहां पर साफ-सफाई व्यवस्था, जल निकासी व्यवस्था आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों के घर पर पहुंचकर उनसे उनकी आवश्यकताओं को जाना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने समूह सखी सीमा के घर पहुंच कर जलपान भी किया और उन्हें स्वयं सहायता समूह में और लोगों को जोडऩे तथा निरंतर कड़ी मेहनत करने व स्वयं भी आर्थिक रूप से मजबूत बनने व अन्य लोगों को भी जागरुक कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया।

### उपजिलाधिकारी को क्लेम दिलाने के दिए निर्देश

एक महिला ग्रामवासी ने जिलाधिकारी को बताया कि बकरी मेला में खरीदे गए बकरी मर जाने पर मेरा क्लेम नहीं दिया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि इसकी जांच कर नियमानुसार क्लेम दिलवाया जाए। चौपाल में कुछ ग्राम वासियों ने मांग किया कि हम लोग को कूड़ा फेंकने के लिए स्थान नहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को कूड़ा फेकने हेतु उचित जमीन चिह्नित कर उन्हें उपलब्ध कराई जाए।

# एआरटीओ को जांच में प्रदूषण केंद्रों में मिली गड़बड़ी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** एआरटीओ ने गुरुवार को प्रदूषण जांच केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एआरटीओ को लगभग आधा दर्जन प्रदूषण जांच केंद्र क्रियाशील नहीं मिले। जिसके बाद एआरटीओ ने ऐसे प्रदूषण जांच केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपर परिवहन आयुक्त को पत्र लिखा है।

बता दें कि जनपद में वाहनों का प्रदूषण दस्तावेज़ तैयार कर वाहन की प्रदूषण जांच करने, वाहन की प्रदूषण जांच के बाद प्रदूषण सर्टिफिकेट जारी करने सहित अन्य कार्यों के लिए जनपद में 18 प्रदूषण जांच केंद्र संचालित हो रहे है। सडक़ सुरक्षा पखवाड़ा के तहत दो अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एआरटीओ ने आरटीओ कार्यालय के आस पास बसखारी रोड पर स्थित प्रदूषण जांच केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवध प्रदूषण जांच केंद्र, जनकल्याण प्रदूषण केंद्र, विनोद प्रदूषण जांच केंद्र सहित आधा दर्जन से ज्यादा जांच केंद्र क्रियाशील नहीं मिले। साथ ही वहां पर सुविधाओं का अभाव दिखाई पड़ा। जिसके बाद एआरटीओ सतेंद्र यादव ने प्रदूषण जांच केंद्रों पर कार्रवाई के लिए अपर परिवहन आयुक्त को पत्र लिखा है।

एआरटीओ बाले : एआरटीओ सतेंद्र यादव ने बताया कि सडक़ सुरक्षा पखवाड़ा के तहत प्रदूषण जांच केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा प्रदूषण जांच केंद्र क्रियाशील नहीं पाये गए। उन्होंने बताया की ऐसे जांच केंद्रों पर कार्रवाई के लिए अपर परिवहन आयुक्त को पत्र लिखा है।

### स्वच्छता को लेकर चला जागरूकता अभियान

**अंबेडकरनगर।** स्वच्छता को लेकर अकबरपुरनगर के शिवबाबा धाम समेत अलग-अलग जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वह ऐसे सामानों का प्रयोग कतई न करें, जिससे प्रदूषण फैलता हो। प्रदूषण रोकने के लिए सभी को जागरूक होना होगा। अधिशासी अधिकारी बीना सिंह के नेतृत्व में पवित्र शिवबाबा धाम परिसर, शिवाला परिसर के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए मुलायम सिंह यादव



मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते सपा जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव व साथ में विधायक राममूर्ति वर्मा। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जनपद में सपा संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित सपाईयों ने नेताजी के कार्यों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। अकबरपुर के विधायक और पूर्व मंत्री राम अचल राजभर ने कहा कि मुलायम सिंह यादव की वजह से पिछड़े समाज के लोग भारत की राजनीति की मुख्यधारा में शामिल हुए। पूर्व मंत्री व टांडा के विधायक राम मूर्ति वर्मा ने कहा कि मुलायम सिंह यादव इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके कार्य हमेशा याद किए जाएंगे।

### श्रीराम की निकली भव्य शोभायात्रा

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** श्री गोरक्षक रामलीला समिति माधवनगर जहांगीरगंज द्वारा श्रीराम की शोभा यात्रा बैंड-बाजे और सुंदर झांकियों के साथ निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने आरती उतार कर किया। जगह-जगह खड़े भक्तों ने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में गुरु विश्वामित्र के साथ प्रभु राम, लक्ष्मण, दिव्य सिंहासन पर विराजमान रहे। इस दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

**शारदीय नवरात्र** — या देवी सर्वभूतेषु ...के मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ क्षेत्र, सडक़ों पर लगने लगी वाहनों की लंबी कतारें

# पंडालों में मां के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** नवरात्र अनुष्ठान के दौरान गुरुवार को पूजा समितियों के पंडाल में महा सप्तमी पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां भगवती का पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुल गया। मां के पट खुलते ही माता रानी के जयकारा से पूरा इलाका गुंजायमान हो गया उठा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर मां के भजन बजने लगे। पूजा समितियों द्वारा आकर्षक और भव्य पंडालों में मां शक्ति के कई रूपों में दर्शाया गया है। सुबह-शाम घरों से आरती व घंटी की ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना रही है।

बता दें कि जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र के रामनगर, जहांगीरगंज व राजेसुल्तानपुर कस्बों समेत ग्रामीणांचल में बने दुर्गा पूजा पंडालों में भी मंत्रों के बीच माता के पट खोले गए। जिससे नगर और ग्रामीणांचलों में देवी गीत गूंज उठे। भव्य पंडालों में विराजमान मां दुर्गा के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माता की तेजोमय आभा का दर्शन कर श्रद्धालु निहाल हो रहे हैं। या देवी सर्वभूतेषु ... के मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। जय अंबे जय जगदंबे की गूंज हर तरफ सुनाई दे रही है। दुर्गा पूजा को लेकर भक्तों में उल्लास का माहौल बना हुआ है। माता के दर्शन को भक्तों की टोली पंडालों में उमड़ रही है। आस्था और श्रद्धा का पावन पर्व नवरात्र जैसे-जैसे अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच रहा है, पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। क्षेत्रों में सजाए गए आकर्षक पंडालों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के विविध स्वरूपों की आराधना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना किया। इसी तरह देवी मंदिरों में भी पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



मुरली नगर चौराहे पर स्थापित मां दुर्गा का पंडाल। अमृत विचार

### शिखर पर पहुंची ग्रामीण क्षेत्रों की दुर्गा पूजा

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।** जनपद के थाना सम्मनपुर क्षेत्र के विभिन्न बाजारों और ग्रामीण इलाकों में शारदीय नवरात्रि की धूम मची है। ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा की पूजा अपने शिखर पर पहुंच गई है। गांव का नजारा भी शहरों जैसा दिखाई पड़ रहा है। ग्रामीण इलाके रोशनी से नहाए हुए हैं। मध्य रात्रि तक बाजारों में काफी चहल-पहल देखी जा रही है। वहीं ग्रामीण पांडालों में भी माता के भक्तों की भारी भीड़ एकत्रित हो रही है। पंडाल देर रात तक गुलजार रहते है। सिकंदरपुर, बरियावन, सम्मनपुर, सुल्तानगढ़ सहित विभिन्न बाजारों में माता के पंडाल आकर्षक ढंग से सजाए गए हैं। भक्त कीर्तन-भजन के साथ माता के जयकारे लगा रहे हैं, कई पंडालों में जागरण भी आयोजित किए जा रहे हैं। हर तरफ उल्लास और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीण इलाकों की पूजा समितियों की तरफ से दुर्गा पूजा का समापन 12 अक्टूबर को किया जाएगा।

# नवजात शिशुओं को संरक्षण के लिए भेजा गया बाल गृह लखनऊ

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

अमृत विचार। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के संरक्षण आदेश के तहत गुरुवार को जिला चिकित्सालय में उपचार के बाद दो नवजात शिशुओं को राजकीय बाल गृह लखनऊ में संरक्षण के लिए भेजा गया। दोनों नवजात शिशु विभिन्न परिस्थितियों में लावारिस पाए गए थे।

बता दें कि जनपद के महरूआ थाना क्षेत्र में एक नवजात शिशु बालिका लावारिस अवस्था में पाई गई थी, जिसे पुलिस ने तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरी नवजात बच्ची मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला की थी, जो थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र में पाई गई। पुलिस ने महिला और उसकी नवजात बच्ची को भी अस्पताल में भर्ती कराया था। जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार के आदेश पर मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया गया। जबकि उसकी नवजात बच्ची का उपचार जिला अस्पताल में जारी रहा। दोनों नवजात बच्चियों के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद, बाल हितों के दृष्टिगत उन्हें समुचित सुरक्षा के साथ राजकीय बाल गृह शिशु लखनऊ भेजा गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओम प्रकाश, जिला बाल संरक्षण अधिकारी राकेश कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राम नायक वर्मा, सदस्य मनोज कुमार तिवारी, शकुन्तला गौतम, वीरेन्द्र प्रसाद सिंह, एसएनसीयू वार्ड की नर्स कुसुम, लेखाकार संजय श्रीवास्तव, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर नमिता विश्वकर्मा मौके पर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सियार के हमले में प्रधान सहित 12 लोग घायल

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार।** बुधवार देर रात सियार के हमले में प्रधान सहित लगभग दर्जन भर से अधिक लोग जख्मी हो गए। जानवर के हमले से गांव में भय का माहौल बना हुआ है। सियार ने कौड़िया थाना क्षेत्र के नदावा पकड़ी गांव में सतीश, छिरास गांव के प्रधान करमचंद व रानी पुरवा मौजा में नाथूराम, राघवराम, पप्पू, ज्वाला, सूरज व उनकी माता श्रीमती तथा एक वर्षीय पुत्री श्रीजा तथा सोनू के पुत्र रुद्र प्रताप को हमला कर घायल कर दिया। वहीं रामापुर गांव में कुछ लोग दुर्गा पूजा कार्यक्रम लौट रहे थे तभी उन लोगों पर जानवर ने हमला कर दिया जिसमें गीता देवी, नंदलाल, लल्लू, अमन तिवारी, शांति प्रसाद, रामसागर, पुतली व देशराज घायल हो गए। घायल सभी लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार में उपचार कराया। सियार द्वारा हमला किये जाने की सूचना छिरास गांव के प्रधान प्रतिनिधि तिलकधारी शुक्ल ने वन विभाग को दी है।

### युवती का अश्लील फोटो बनाकर कर रहा ब्लैकमेल

**गौरा चोकी, गोंडा, अमृत विचार :** खोडारे थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके गांव का अमित उर्फ मिन्टू उसकी विवाहित पुत्री से शादी के पहले प्यार का झांसा देकर बातचीत करता था। इस दौरान उसने कुछ प्राइवेट फोटो भी ले लिया था जिसे अब उसकी शादी के बाद फोन के डीपी में लगाकर बात करने के लिए ब्लैकमेल कर रहा है। उसकी पुत्री ने आरोपी से जब फोटो वायरल न करने के लिए कहा गया तो इसके एवज में 50 हजार मांगे। असमर्थता जाहिर करने पर आरोपी ने 20 हजार रुपये देने पर फोटो वायरल न करने की बात कही। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एससी- एसटी एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# कौड़िया में अवैध पटाखा फैक्ट्री का खुलासा, 5 गिरफ्तार

## 16 क्विंटल पटाखा व 8.70 क्विंटल बारूद व अन्य सामग्री बरामद, बिना लाइसेंस हो रही थी संचालित

**कार्रवाई**

संवाददाता, गोंडा



पुलिस छापेमारी में बरामद किया गया पटाखा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कौड़िया थाने की पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम की इस कार्रवाई में पांच कारोबारी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। मौके से 16 क्विंटल पटाखा व 8.70 क्विंटल बारूद व अन्य सामग्री बरामद की गयी है।

बेलसरडीहा गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की निगाह टेढ़ी हो गयी है। एसपी की नाराजगी के बाद जिले भर में इस अवैध कारोबार के खिलाफ चलाया गया अभियान रंग ला रहा है। बुधवार की रात कौड़िया पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम मौहरिया मौजा रामापुर व लैबुड़वा में दबिश देकर अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। बिना लाइसेंस के संचालित हो रही इस फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर पटाखा बनाने का कारोबार चल रहा था। छापेमारी में पुलिस ने 16 क्विंटल पटाखा व 8.70 क्विंटल बारूद व पटाखा बनाने की अन्य सामग्री बरामद किया है जिसमें 2 क्विंटल बुरादा, एक क्विंटल लाल रेत, एक क्विंटल पेपर, 50 किलो सुतली, 1.5 क्विंटल सन, 2.5 क्विंटल बारूद व 20 किलो पीला पाउडर मिला है। पुलिस ने सभी पटाखों और सामग्री को जब्त कर लिया है। मौके से जुमई उर्फ मक्खन, रिजवान, इमरान उर्फ गुल्लू, अली मोहम्मद व मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गयी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, कांस्टेबल विनीत प्रसाद, हरिकेश यादव व रंजना अवस्थी शामिल रहीं।

### करनैलगंज में छह बोरे पटाखे बरामद

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर में स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी कर करीब छह बोरे पटाखे बरामद किये गए। बरामद पटाखों को कोतवाली लाकर उनकी विस्फोटक क्षमता का मूल्यांकन किया जा रहा है। मामले में गुरूवार शाम तक पुलिस द्वारा कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। तरबगंज थाना क्षेत्र में हुए पटाखा विस्फोट को लेकर पुलिस एलर्ट मोड पर है। गुरुवार को करनैलगंज पुलिस को सूचना मिली कि स्टेशन रोड स्थित दो व्यवसाइयों की दुकान में बड़ी मात्रा में गोला पटाखा मौजूद है। पुलिस ने व्यवसइयों की दुकान में छापेमारी की तो करीब छह बोरा आतिशबाजी की सामग्री बरामद की गई। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक व क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह ने मौके पर पहुंचकर सामग्री को कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है यह आतिशबाजी का सामान कहां से और कब लाया गया। हालांकि प्रथम दृष्टया विस्फोटक का निर्माण नहीं किया जा रहा था। जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

### पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**तरबगंज, अमृत विचार :** बेलसर डीहा गांव में हुए पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी आजाद को गिरफ्तार कर लिया है। आजाद की गिरफ्तारी के बाद इस घटना से पर्दा उठने की उम्मीद जगी है। बीते सोमवार दोपहर करीब 12 बजे तरबगंज थाना क्षेत्र के बेलसर बाजार से सटे बेलसर डीहा गांव में एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट हो गया था। इस विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी थी। मामले में तरबगंज थाने के उप निरीक्षक सुभाष वर्मा ने फैक्ट्री संचालक इशहाक समेत कृष्ण कुमार, आकाश, अय्यूब, अयाज व आजाद को नामजद किया गया है। इनमें से आकाश, अय्यूब व अयाज की मौत हो चुकी है, जबकि इशहाक व कृष्ण कुमार का लखनऊ में इलाज चल रहा है। घटना का छठवां आरोपी आजाद फरार था। आजाद को पुलिस ने गुरुवार को दबोच लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

## सार-संक्षेप

### विज्ञान क्विज में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, हुए सम्मानित



प्रतिभागी बच्चों के साथ बीईओ उपेंद्र त्रिपाठी व शिक्षक। अमृत विचार

**संवाददाता, गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को मुजेहना में ब्लाक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक स्कूलों के बच्चो ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र त्रिपाठी ने प्रमाण पत्र, ज्योमेट्री बॉक्स व शील्ड देकर सम्मानित किया। मुजेहना ब्लाक के सरयू सभागार में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 34 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 102 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बच्चों के बीच लिखित व मौखिक परीक्षा करायी गयी। कर्ण यादव बेसहुपुर, मयंक मिश्रा धानेपुर, विकास यादव बेसहूपुर, साक्षी शर्मा धानेपुर व अभय शर्मा धानेपुर अव्वल रहे। बीईओ ने सभी प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आशुतोष पांडेय, शरद कुमार सिंह, बृजेंद्र कुमार सिंह, अंबरीश कुमार, सुनील कुमार वर्मा, महेश कुमार चौधरी, ऊषा वर्मा, तौफीक अंसारी, हरी प्रसाद वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, घनश्याम वर्मा, संदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### कानपुर में टेबल टेनिस में जलवा दिखाएंगे गोंडा के खिलाड़ी



टेबल टेनिस के लिए चयनित खिलाड़ी। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** कानपुर में 14 से 16 अक्टूबर को पालिका स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश तृतीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए गोंडा टेबल टेनिस टीम का चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। गोंडा टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंतनगर में आयोजित ट्रायल में जनपद के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्ग में प्रतिभाग किया। चयनित खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए सचिव डा. प्रत्यूष राज ने बताया कि अंडर-19 बालक वर्ग में आयुष कुमार सिंह, हर्ष वर्धन पांडेय, मोहित जायसवाल, आकर्षित हल्दिया, मो उजैर, रौनक राज, अरहम खान का चयन किया गया। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग में अथर्व पाण्डेय का चयन किया गया। सीनीयर वेटरन अंडर 37 वर्ग में प्रत्यूष राज प्रतिभाग करेंगे। समस्त चयनित खिलाड़ियों को गोंडा टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित दत्ता, सेंट जेवियर स्कूल की प्रधानाचार्य डा. परमिंदर संधू, टेबल टेनिस के पदाधिकारी संतोष गुप्ता, डा ज्योत्स्ना शुक्ला, संजू छाबड़ा आदि खेल प्रेमियों ने विजई होने की शुभकामनाएं दी। निर्णायक मण्डल में मालविका सिंह, सुनील, राजेश कुमार रहे। चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए 13 अक्टूबर को कानपुर के लिए रवाना होंगे।

# प्रधान ने लाभार्थी बनकर ले लिया पीएम आवास

**फर्जीवाड़ा**

▸▸ डीडीओ की जांच में हुआ खुलासा, रिकवरी की संस्तुति

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री आवास योजना में एक बार फिर से फर्जीवाड़ा सामने आया है। वजीरगंज के ग्राम पंचायत रूपीपुर की ग्राम प्रधान ने अनभुला गांव में लाभार्थी के तौर पर अपना नाम दर्ज कराकर प्रधानमंत्री आवास ले लिया। आवास की धनराशि के रूप में 1.20 लाख रुपये की धनराशि तीन किस्तों में उसके खाते में भेज दी गयी। मजदूरी के नाम पर भी 18 हजार रुपये का भुगतान ले लिया। कोर्ट के आदेश पर डीडीओ ने मामले की जांच की तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। डीडीओ ने सीडीओ को जांच रिपोर्ट भेजकर प्रधान के खिलाफ कार्रवाई तथा आवास की धनराशि की वसूली की संस्तुति की है।

शिकायतकर्ता राजेश कुमार ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में प्रकीर्ण वाद दायर कर रूपीपुर ग्राम प्रधान चमेली देवी पर गलत तरीके से दूसरे गांव में अपना नाम दर्ज कराकर आवास योजना का लाभ लेने का आरोप लगाया था। राजेश का कहना था कि रूपीपुर के प्रधान पद पर रहते चमेली ने वर्ष 2021-22 में अपना नाम दूसरी ग्राम पंचायत अनभुला में दर्ज करा लिया और आवास योजना का लाभ लिया। इसका संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने डीएम को मामले की जांच कराने का आदेश दिया था। डीडीओ को जांच सौंपी गयी थी। डीडीओ ने आरोप सही पाए। डीडीओ ने जांच में पाया कि चमेली देवी का रूपीपुर में पक्का मकान है। चमेली देवी का मायका ग्राम पंचायत अनभुला में है। वहीं से उन्होंने वर्ष 2021-22 में आवास योजना का लाभ लिया। उनके खाते में आवास योजना का 1.20 लाख रुपये तीन किश्तों में भेजा गया। चमेली देवी के जॉब कार्ड पर मनरेगा की मजदूरी के तौर पर 18,303 रुपये का भुगतान किया गया।

### आवास आवंटित करने वाले कर्मियों पर भी होगी कार्रवाई

**गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान जैसे पद पर रहते हुए दूसरे गांव में लाभार्थी बनकर आवास आवंटन कराने के मामले के खुलासे ने आवंटन से पहले सत्यापन प्रक्रिया की पोल खोल दी है। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी लाभार्थी का सत्यापन करते हैं। लेकिन ग्राम प्रधान को आवास देने में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व अन्य अफसरों ने सत्यापन नहीं किया। इस खुलासे के बाद अब संबंधित अधिकारियों पर गाज गिरनी तय है। डीडीओ ने अपनी जांच रिपोर्ट में तत्कालीन अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया है और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की रिपोर्ट भेजी है।

## पात्र की जगह दूसरे को दिया गैस कनेक्शन

**तरबगंज, अमृत विचारः** गैस एजेंसी संचालकों द्वारा लाभार्थियों को गैस कनेक्शन न देकर अपात्रों को गैस कनेक्शन व सिलेंडर दिया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला तरबगंज के ग्रापं मोहनपुर में सामने आया है। यहां की सुनीता ने सीएम पोर्टल पर शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि आदमपुर स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम की गैस एजेंसी पर उसने उज्जवला गैस कनेक्शन का आवेदन किया था। सभी कागजात जमा करने के बाद लगभग 6 महीने से एजेंसी संचालक द्वारा उसे गैस कनेक्शन न देकर एजेंसी के चक्कर लगवाया जा रहा है।

# राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने समर, अजीत मंत्री

गोंडा कार्यालय



चुने गए पदाधिकारी शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील कुमार भड़ाना और महामंत्री डा रवि भूषण द्वारा आयोजित मीटिंग में गोंडा जनपद की राजकीय शिक्षक कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद पर राजकीय हाई स्कूल रामपुर टेपरा के शिक्षक समर प्रताप सिंह सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर विकास दुबे और महिला उपाध्यक्ष नीलम आर्य चुनी गईं। मंत्री पद पर अजीत सिंह का चुनाव हुआ। शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील कुमार भड़ाना ने अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव जल्द कराने के लिए निर्देश प्रदान किया। राजकीय शिक्षक संघ कार्यकारिणी के निर्वाचन पर समस्त राजकीय शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। कार्यकारिणी गठन होने पर प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एवं मंत्री सहदेव सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश देकर हर्ष व्यक्त किया एवं यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन गोंडा के अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने भी शुभकामनाएं दीं।

# 20 मिनट देर से स्कूल पहुंचने पर प्रधानाध्यापक सस्पेंड

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** 20 मिनट देरी से स्कूल पहुंचने पर हलधरमऊ ब्लाक के प्राविद्यालय मोहम्मदपुर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। उन पर शिक्षण कार्य में रुचि न लेने के अलावा विभागीय योजनाओं और अधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर टीका टिप्पणी करने का आरोप है। बीईओ की रिपोर्ट पर बीएसए ने कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में प्रधानाध्यापक को ब्लाक के उप्रावि कौड़हा जगदीशपुर से संबद्ध किया गया है। मामले की जांच मुख्यालय के बीईओ को सौंपी गयी है। हलधरमऊ ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी ने श्रवण कुमार तिवारी ने बीते 31 अगस्त को प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर का सुबह 8 बजे निरीक्षण किया था। निरीक्षण में स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राधेश्याम गैरहाजिर पाए गए थे। वह 20 मिनट बाद स्कूल पहुंचे थे।

# समस्याओं को लेकर बीएसए से मिला प्राशिसं

गोंडा कार्यालय



बीएसए को मांगपत्र सौंपते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की और उन्हे मांग पत्र सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि 12460 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्त शिक्षकों का अलग अलग वेतन आदेश निर्गत किया जा रहा है। इससे संशय की स्थिति खड़ी हो गयी है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बीएसए से नवनियुक्त शिक्षकों का सामूहिक वेतन आदेश निर्गत करने की मांग की। मार्च 2005 से पहले के विज्ञापन आदेश पर भर्ती हुए शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किया जाना है। शिक्षकों की पत्रावली कार्यालय को उपलब्ध करा दी गयी है लेकिन यह पत्रावली कार्यालय में लंबित पड़ी है। शिक्षक नेताओं ने इस पर खेद जताया और पत्रावली निस्तारण की मांग की। बीएसए अतुल तिवारी ने समस्या निस्तारण का भरोसा दिलाया है। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी व मनोज मिश्रा अन्य अन्य मौजूद रहे।

### मानदेय भुगतान की उठी मांग

परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षामित्रों को पिछले महीने से मानदेय नहीं मिला है। बजट का अभाव मानदेय भुगतान में बाधा है। इस समस्या को लेकर प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा ने बेसिक शिक्षा मंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि बेसिक योजना के तहत कार्यरत शिक्षामित्रों को बजट के अभाव में पिछले माह का मानदेय नहीं दिया गया है। सामने दशहरा व दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार हैं और शिक्षामित्रों की जेब खाली है। उन्होंने त्योहार से पूर्व मानदेय के भुगतान के लिए बजट आवंटन कराए जाने की मांग की है।

## वर्ग पहेली-218

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली, नष्ट करने वाली।
5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।
7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।
8. 1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।
3. 1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।
4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।
6. 1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 6 |
| 7 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | 8 | | | | |

## वर्ग पहेली -217 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | ■ | 2 के | ■ | 3 सिं | ■ |
| तु | ■ | जु | ■ | गा | ■ |
| क | ■ | अ | ■ | रि | ■ |
| ■ | 4 ढो | ल | 5 कि | या | ■ |
| 6 पू | ■ | ■ | लो | ■ | 7 झाँ |
| ज | ■ | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | ■ | ■ | ■ | ■ | ली |

## सुडोकू -131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 9 | | | | 4 | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | |
| | | | | | | 5 | 3 | |
| 6 | | 4 | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 8 | | 7 | | | 9 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | 5 | | | | | | 8 |
| | | | 3 | 2 | | | | |
| | 9 | | | | 1 | 7 | | |

## सुडोकू - 130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.06 तक तत्पश्चात नवमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 12 अक्टूबर 05.25 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज परिजनों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। व्यापार में आय बढ़ने से आप विस्तार का विचार कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बेहद खुशहाल रहेगा। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**वृष** – आज परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। अधीनस्थ सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से मिलने के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालेंगे। अत: सोच-समझकर ही आप अपनी प्रतिक्रिया दें। युवा प्रेम विवाह के लिए परिजनों से चर्चा कर सकते हैं। धर्म-ग्रंथों के अध्ययन के प्रति आकर्षित होंगे।

**कर्क** – आज मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। गले में दर्द और बुखार की समस्या हो सकती है। आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। विरोधियों के सामने आप कमजोर दिखाई देंगे।

**सिंह** – आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। चारों ओर का वातावरण बहुत शुभ रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होने की संभावना बन रही है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा।

**कन्या** – आज दोपहर के बाद धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। परिवार के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**तुला** – आज पुराना कर्जा उतार सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकता है। मित्र आपको उत्तम सलाह देंगे, जिसका आपको भी लाभ मिलेगा। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। सुबह-सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। आपके स्वभाव की लोग आलोचना कर सकते हैं। इसीलिए व्यवहार में संतुलन बनाए रखें। महिलाओं को कुछ स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**धनु** – आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। युवाओं को अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मकर** – आज मेडिकल छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। काम की अधिकता की वजह से ओवरटाइम करना पड़ सकता है। विदेश में नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। प्रशासन से जुड़े लोगों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभ** – आज उच्च अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। कार्य की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। अपने साथियों से प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार न करें।

**मीन** – आज लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से थोड़े क्षुब्ध होंगे। अपने आसपास के लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- सत्ते पे सत्ता – सुबह : 11.04
- फूल और कांटे – शाम : 04.05

**&pictures**
- होगी प्यार की जीत – सुबह : 11.02
- दबंग – रात : 07.30

**Sony Pix**
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 – सुबह : 11.27
- जॉन विक – रात : 09.00

**Zee Cinema**
- शूरवीर – सुबह : 11.22
- भीमा – रात : 08.00

**Zee Action**
- जिगर – सुबह : 10.46
- सूर्या 3 – रात : 07.30

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मुन्ना- मम्मी मैं कल से स्कूल नहीं जाऊंगा।
मम्मी- क्यों बेटा, क्या बात हो गई?
मुन्ना- मम्मी आज स्कूल में हम सभी बच्चों का वजन किया गया था।
मम्मी- तो क्या हुआ?
मुन्ना- मुझे डर है कि अगर रेट अच्छा मिल गया तो ये स्कूल वाले हमें बेच ही न दें।

पति (किताब पढ़ते हुए) - एक लेखक ने लिखा है कि पतियों को भी बोलने की आजादी होनी चाहिए।
पत्नी (हंसते हुए)-देखो वो भी बेचारा लिख ही पाया, बोल नहीं पाया।

# पूजन पंडालों में देवी मां के दर्शन करने उमड़ रहे श्रद्धालु

शारदीय नवरात्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नवरात्र के पावन पर्व पर मंदिरों और पूजा पंडालों पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।जनपद में आकर्षक पंडाल रानी बाजार में सजाया गया है जिसको देखने और मां के दर्शन के लिए शहर के अलावा जनपद के आसपास कस्बों से भी भारी भीड़ हो रही है। रानी बाजार में जय माता की सेवक संघ के अध्यक्ष चन्द्र मोहन मित्तल और व्यवस्थापक शिव कुमार बडकऊ ने संयुक्त रूप से बताया कि यह पंडाल 160 फिट ऊंचा सजाया गया है

ये पंडाल कोलकाता से आये हुए कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है। पंडाल में भक्त लम्बी लाइन की कतारों से होते हुए दरबार के करीब पहुंचकर सीढ़ियों के सहारे चढ़कर सबसे पहले श्रीराम का दरबार,फिर तीनों पिंडियों का दर्शन होगा उसके बाद आगे चलकर मां दुर्गा जी का दर्शन करते है। रानी बाजार में 4 प्रतिमा अग्रसेन चौराहे पर 3 प्रतिमा,सोनार गली, साहबगंज, नूरामल मंदिर, ग़रीबी पुरवा, आवास विकास, बहराइच रोड, स्टेशन रोड, पटेल नगर, चौक बाजार, फैजाबाद रोड, बेलसर रोड, कचेहरी रोड पर मां की जय-जयकार गूंज रही है। मन्दिर पर चंदू मित्तल, शिव कुमार, चिंटू अग्रवाल, राम कुमार, ग़ौरी शंकर कसौधन, विशाल अग्रवाल भाजपा नगर अध्यक्ष, राम सेवक, गुड्डू भाई, अंकित, विजय सोनी, अन्वी, अनायशा, अलका गुप्ता, राजकुमार, हरदेव व अन्य सदस्य व्यवस्थापक के रूप में मौजूद रहते हैं।


नगर में सजा मां का भव्य दरबार। अमृत विचार


भगवती जागरण में मनमोहक झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

## केंद्रीय दुर्गापूजा समिति के पदाधिकारियों ने की देवी की आराधना

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** झंझरी के पेरी पोखर, तिवारी पुरवा, महादेव पुरवा, पूरे शिवा बख्तावर, गोंडा नगर के मोहल्ला राजा, पटेल नगर, छेदीपुरवा, ठठेरी बाजार, भरत मिलाप चौराहा, सिविल लाइंस में स्थापित प्रतिमाओं का केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अरुण शुक्ला व महामंत्री राकेश वर्मा गुड्डू के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पूजन किया। गुड्डू वर्मा ने बताया कि पूरे जिले में करीब 2100 स्थानों पर प्रतिमा स्थापित की गई हैं। इस मौके पर भरत गिरी, ऋषि वर्मा बबलू, अंकुर गर्ग, सोनू सोनकर, दिनेश कश्यप, विकास जायसवाल, विजय वर्मा, आशीष मोदनवाल आदि थे।


देवी प्रतिमा का पूजन करते पदाधिकारी।

## मां भगवती के जागरण में बही देवी भजनों की बयार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** बुधवार को नगर के पुलिस चौकी के बगल मैदान में भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इसमें देवी भजनों ककी बयार बही। नवयुवक संघ द्वारा आयोजित जागरण में अनिल कैलाश जागरण पार्टी कानपुर के कलाकार प्रेम मेहरा टी-सिरीज दिल्ली, अवनीश चक्रधारी कानपुर, साध्वी वर्षा वृंदावन और वैष्णवी शर्मा ग्वालियर ने भजन पेश किये। सिम्मी तिलकधारी कानपुर द्वारा नृत्य नाटिका एवं झांकियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम सुबह 4 बजे तक चला। कार्यक्रम की शुरुआत रीता जायसवाल व मंजू जायसवाल द्वारा दीप जलाकर की गयी। कार्यक्रम में एसडीएम भारत भार्गव, सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह, कोतवाल श्रीधर पाठक, कस्बा चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, अमित सिंघानिया, अशोक सिंघानिया, प्रमोद सिंघानिया, अंकित सिंघानिया, राहुल सिंह, सनिल गुप्ता, रजत खेतान, गौरव सिंघानिया, विकास पटवा, राहुल सिंह, राकेश सुल्तानिया, पियूष अग्रवाल, शोभित गुप्ता आदि मौजूद थे।

# मेघनाद वध व सती सुलोचना की लीला का हुआ मंचन

रामलीला

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** नगर के प्रसिद्ध श्री रामलीला महोत्सव में गुरुवार को मेघनाथ वध व सती सुलोचना की लीला का मंचन किया गया। लीला मंचन के दौरान सती सुलोचना के रोते बिलखते विमान पर सवार और टूटी चूड़ियों की बौछार आकर्षण रही। लीला में दिखाया गया लक्ष्मण तथा मेघनाथ में घनघोर युद्ध प्रारंभ हो जाता है। मेघनाथ नागपाश द्वारा श्रीराम व लक्ष्मण को बांध देता है। गरुड़ उन नागों का भक्षण करते हैं। पुनः लक्ष्मण तथा मेघनाथ में युद्ध शुरू हो जाता है। मेघनाथ के शीश तथा भुजा को बाण द्वारा लक्ष्मण काट देते हैं। लीला का संचालन रामचरित्र ने किया। इस मौके पर मोहित पाण्डेय, कामता नाथ वर्मा, राजेंद्र वर्मा, ज्वाला प्रसाद तिवारी, कन्हैया लाल, संतोष पाण्डेय, आशीष गिरि, महंत गिरिजा शंकर गिरि, किशनू सिंह, विश्वनाथ शाह, अरमान पुरवार, सचिन गुप्ता आदि रहे।


मेघनाथ का वध करने के बाद लक्ष्मण से गले मिलते श्री राम। अमृत विचार

### राम वन गमन से विकल हुए अयोध्या वासी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** रानी बाजार मे रामलीला का मंचन मिथिलांचल अवध आदर्श रामलीला फाउंडेशन के कलाकार कर रहे हैं। रामलीला में राम वनवास का मंचन किया गया। जब राम वनगमन के लिए तैयार हो जाते हैं। पूरी प्रजा रोने लगती है। इस दौरान सभासद वैभव नारायण, लाल जी तिवारी पुरनचंद गुप्ता, राज नारायण राजू, गौरी शंकर, मंटू, अरविंद मिश्रा, ध्रुव कमलापुरी, विशाल, चंद्रप्रकाश, बबलू साहू, भोला मोदनवाल, संतोष मोदनवाल, समेत कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार।** दो बाइकों की टक्कर में दोनों बाइकों के सवार युवक घायल हो गए। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सरयू घाट पुलिस चौकी के कटरा रेलवे स्टेशन के सामने गुरुवार की सायं करीब चार बजे दो बाइकें टकरा गयीं। दोनों के चालक गिरकर घायल हो गए। पुलिस चौकी इंचार्ज संजीव सिंह ने बताया कि गंभीर रूप से एक घायल को अयोध्या श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया वहाहं से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। दूसरे बाइक सवार कोमल यादव निवासी ग्राम खड़वा कुंवर थाना परशुराम जिला बस्ती को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। दोनों ही हेलमेट नहीं पहने थे।

### पहुंची टीम, ग्रामीणों ने दर्ज कराए बयान

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार।** नगदही ग्राम पंचायत में चल रही उचित दर दुकान को शिकायत के बाद निलंबित कर दिया गया था। ग्रामीणों ने एसडीएम को शपथ पत्र देकर मामले की पुन: जांच करवाने का आग्रह किया था। इसके बाद उप जिलाधिकारी द्वारा जांच टीम गठित कर प्रकरण की पुन: जांच करने के लिए आदेशित किया था। गुरुवार को जांच टीम नगदही पहुंची जहां जांच टीम द्वारा ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए तथा ग्रामीणों द्वारा दिए गए शपथ पत्र का सत्यापन भी कराया गया।

# दुर्गा पूजा देखने गए श्रद्धालुओं पर पथराव

## असामाजिक तत्वों ने किया माहौल बिगाड़ने का प्रयास, डीएम-एसपी ने संभाला मोर्चा, 12 नामजद, एक हिरासत में

घटना से आक्रोश

- मां के नेत्रों की पट्टी खुलने के बाद पंडाल के बाहर पटाखे जला रहे बच्चों को विशेष समुदाय के लोगों ने पीटने के लिए दौड़ाया

संवाददाता, मसकनवा, गोंडा

**अमृत विचार:** छपिया थाना क्षेत्र की मसकनवा बाजार में बुधवार की देर रात दुर्गा पूजन महोत्सव के दौरान बवाल हो गया। मां की पूजा अर्चना के बाद पंडाल के बाहर आतिशबाजी कर रहे कुछ बच्चों पर विशेष समुदाय के कुछ युवकों ने हमला बोल दिया और उन्हें लाठी डंडा लेकर मारने की नीयत से दौड़ा लिया। इस अप्रत्याशित हमले से श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। इस दौरान असामाजिक तत्वों ने ईंट पत्थर भी चलाए जिससे छोटे बच्चों समेत कई लोग चोटिल हो गए। इसके बाद बहुसंख्यक समुदाय के लोग आक्रोशित हो उठे।

हालांकि पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाकर उन्हें शांत कराया। सूचना मिलने पर डीएम एसपी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मामले में पूजा समिति के एक सदस्य की तरफ से 12 नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मसकनवा बाजार में बुधवार की रात दुर्गा पूजा पंडाल में पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। माता की आंख की पट्टी खोले जाने के बाद पंडाल से चंद कदम की दूरी पर बहुसंख्यक समुदाय के बच्चे आतिशबाजी कर रहे थे। इसी दौरान बगल में रहने वाले असलम पुत्र लल्लन, सुल्तान पुत्र अजात, मुन्ना पुत्र इदरीश अपने परिवार समेत घर से बाहर निकले और हिन्दू समुदाय को गाली गलौज देने लगे। आरोपियों ने पूरे हिन्दू समुदाय को गाली गलौज देने लगे। आरोपियों ने देवी देवताओं को अपशब्द कहते हुए बच्चों को मारने के लिए दौड़ा लिया और ईंट पत्थर चलाने लगे। इस पत्थरबाजी में बच्चों समेत कई लोग चोटिल हो गए। इस घटना के बाद माहौल बिगड़ गया। पूजन समिति के लोग आक्रोशित हो उठे। हालांकि बवाल बढ़ने से पहले ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी तो पत्थरबाज भाग खड़े हुए। पुलिस ने सभी को समझा बुझाकर शांत कराया तथा दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए घायलों को ले जाकर उनका उपचार कराया। उधर बवाल की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा व एसपी विनीत जायसवाल भी मौके पर पहुंच गए। अफसरों ने भी पूजन समिति के लोगों से बात कर उन्हे दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मामले में पुलिस ने पूजन समिति के सदस्य दिनेश कुमार की तहरीर पर 12 नामजद आरोपियों समेत कई अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में छपिया पुलिस ने असलम नाम के एक आरोपी को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गयी है और स्थिति पर नजर रखने के लिए एक मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगाई गयी है। सुबह चार बजे तक प्रशासनिक अधिकारी टीम के साथ मौके पर डटे रहे और सतर्क निगरानी करते रहे।


आक्रोशित लोगों को समझाती डीएम नेहा शर्मा व एसपी विनीत जायसवाल।


घटना के बाद मसकनवा बाजार में तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार

### मौके पर फोर्स तैनात

बुधवार की देर रात करीब 11.30 बजे मसकनवा बाजार में मां दुर्गा के आंख की पट्टी खोले जाने के बाद प्रथा के अनुसार जब समिति के कुछ लोग गोले दाग रहे थे तो दूसरे समुदाय के लोगों ने इस पर आपत्ति करते हुए विरोध दर्ज कराया। इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गयी। स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। मामले में पूजा समिति के सदस्य की तरफ से दी गयी तहरीर पर 12 लोगों के खिलाफ नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर एक नामजद आरोपी को हिरासत में लिया गया है। एहतियातन मौके पर पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गयी है।

–विनीत जायसवाल, एसपी

## सार-संक्षेप

### शिक्षा के अस्त्र से समाज में फैली कुरीतियों का होगा संहार


नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में मां दुर्गा के रूप में छात्रा व शिक्षिकाएं।

**गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में मिशन शक्ति का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। स्कूल की एक छात्रा ने मां दुर्गा के स्वरूप का धारण कर शिक्षा रूपी अस्त्र से समाज में व्याप्त कुरीतियों का संहार करने का संदेश दिया। बच्चों को बेटियों की सुरक्षा के लिए सरकार की तरफ से चलाए गए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से भी परिचित कराया गया। शिक्षिका कल्पना तिवारी ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा-4 की निधि ने प्रथम, अनुष्का ने द्वितीय एवं काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षक संकुल कल्पना तिवारी, के साथ माधवी सिंह रिंकू यादव, पूनम यादव उपस्थित रहीं।

### ब्रेन ओ ब्रेन कार्यक्रम में निधि यादव को गोल्ड मेडल


ब्रेन ओ ब्रेन कार्यक्रम में पुरस्कार के साथ प्रतिभागी बच्चे। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** बच्चों के शैक्षिक गतिविधि तथा मानसिक स्तर को मजबूत बनाने के लिए बीते सितंबर में ब्रेन ओ ब्रेन इंटरनेशनल संस्था के तत्वावधान में आयोजित की गयी प्रतियोगिता में सचदेवा एकेडमी की कक्षा आठ की छात्रा निधि यादव को गोल्ड मेडल चैंपियन घोषित किया। बुधवार को ब्रेन ओ ब्रेन की जोनल कोऑर्डिनेटर ज्योति बत्रा निधि यादव को ट्रॉफी ,प्रशस्ति पत्र तथा चेक देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधक सरदार सतपाल सिंह सचदेवा ने बताया कि विद्यालय के नर्सरी से कक्षा आठ तक करीब सैकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें आयुष पटेल,अक्षत सिंह, आकाश आर्या, अन्वी सिंह, अथर्व सिंह, अनमोल यादव, दीक्षांत यादव, मोहम्मद आतिफ, लोकाक्षी जायसवाल, रूही जायसवाल मीनाक्षी पटेल, अक्षिता पांडेय, रूद्र प्रताप सिंह, युवराज सिंह सहित दो दर्जन से अधिक छात्र -छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ श्रीनिवास पांडेय ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ब्रेन ओ ब्रेन इंटरनेशनल के फ्रेंचाइजी इंचार्ज अभिलाषा अग्रवाल सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

### गन्ना समिति में डायरेक्टर के 11 पदों पर एकल नामांकन

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति में डेलीगेट के चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद बृहस्पतिवार को डायरेक्टर पद पर नामांकन दाखिल किया गया। नवाबगंज गन्ना समिति में 11 डायरेक्टर पदों पर नामांकन प्रक्रिया हुई। सभी पदों पर एक -एक नामांकन होने से सभी का निर्विरोध चुना जाना तय है। डायरेक्टर पद के एक सीट पिछड़ी, एक अनुसूचित, दो महिलाओं के लिए आरक्षित रही। डायरेक्टर पद के लिए सुनौली उमरी बेगमगंज से जय प्रकाश, धौरहरा घाट से राम धोख मिश्रा, सिंधौटी से रामदेव, तुलसीपुर माझा से जय सिंह, महंगूपुर से सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बल्लीपुर से अभिषेक सिंह, बीरपुर विसेन से राजू सिंह, रामपुर खरहंटा से हरेंद्र सिंह, चंदापुर से राजकली, कोठा से रेनू सिंह, पहली भगाही से रुद्र प्रताप सिंह ने नामांकन दाखिल किया। गन्ना समिति के सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी पदों पर एक -एक नामांकन दाखिल होने से सभी निर्विरोध चुना जाना तय है।

# मेडिकल कॉलेज के दो सहायक आचार्यों की सेवा समाप्त

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के दो सहायक आचार्यों की सेवा समाप्त कर दी गई है। बताया जाता है कि दोनों आचार्यों की संविदा अवधि खत्म हो गई है इसलिए सेवा समाप्त हुई है। हालांकि चर्चा है कि बलरामपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन दोनों चिकित्सक वीआईपी ड्यूटी पर नहीं गए। इसको लेकर प्रधानाचार्य डा. धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने सहायक आचार्यों की सेवा समाप्त की है। राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मे तैनात सहायक आचार्य डॉ.आनंद तथा डॉ. जियाउल इस्लाम की सेवा की अवधि समाप्त हो गई है। बताया जाता है दोनों चिकित्सा मेडिकल कॉलेज में सेवा दे रहे थे। कॉलेज में सहायक आचार्य का दायित्व था। लेकिन संविदा कार्यकाल पूरा होने की वजह से मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने यह कदम उठाया है। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों का कहना है कि सेवाकाल बढ़ाने के लिए पुनः आवेदन करना होगा उसके बाद फिर जिम्मेदारी मिल सकती है।

# फोर्स के साथ एसपी ने कटरा में किया पैदल मार्च

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** नवरात्रि व दुर्गापूजा त्यौहार के दृष्टिगत एसपी विनीत जायसवाल ने बुधवार की देर रात थाना कटरा बाजार क्षेत्र में पीएसी व पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कस्बा समेत हॉट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर स्थानीय लोगों व व्यापारियों से बात की और शांति व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग की अपील की। एसपी ने कहा कि अराजक तत्वों व संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। एसपी विनीत जायसवाल ने व्यापारियों से कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत वह अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाएं। उन्होंने शान्ति व्यवस्था के लिए लगाई गयी पुसिसकर्मियों की ड्यूटी भी चेक की। पुलिस अधीक्षक ने कटरा बाजार एसएचओ को व्यवस्था बनाये रखते हुए लगातार पेट्रोलिंग करने , भीड़-भाड़ वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग करने, जहां महिलाओं की उपस्थिति अधिक हो वहां महिला पुलिस कर्मियों की डियूटी लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज उमेश्वर प्रभात सिंह, प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय गुप्ता आदि थे।


कटरा बाजार में पैदल मार्च करते पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल। अमृत विचार

### पंडालों का किया निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचार :** एसपी विनीत जायसवाल ने कटरा बाजार में स्थापित विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और आयोजकों से वार्ता कर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का निर्देश दिया। एसपी मे कहा कि पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। कार्यक्रम स्थलों के आसपास तथा विसर्जन जुलूसों के मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरे सक्रिय कर दिये गये हैं।

किया जागरूक — झंझरी ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया विधान से समाधान कार्यक्रम

# महिलाओं को जानने चाहिए अपने हक : दानिश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में झंझरी ब्लॉक सभागार में महिला सशक्तिकरण व महिलाओं को विधिक अधिकारों को जानने के लिए 'विधान से समाधान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने कहा कि महिलाओं को अपने विधिक अधिकारों को जानना चाहिए। जिससे कि वे अपने आपको किसी भी प्रकार के शोषण से बचा सकें।

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वयं भी जागरूक बनें और इसके साथ ही अन्य महिलाओं को भी इस बारे में जागरुक करें। कार्यक्रम को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रश्मि वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक चंद्रशेखर, एडीपीआरओ गोवर्धन जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मौर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता रुचि मोदी, महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, वन स्टाप सेंटर अधीक्षिका चेतना सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रमोहन वर्मा, एडीओ पंचायत रवि मिश्रा, नायब तहसीलदार सदर अनुराग पांडे, आशीष मिश्रा चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विकास परियोजना अधिकारी राम प्रकाश मौर्य व असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी ने भी संबोधित करते हुए महिला अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन पैनल अधिवक्ता टेली ला अविनाश चंद्र श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं व अन्य लोग उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में जानकारी देते एडीजे दानिश हसनैन। अमृत विचार

# खाद्यान्न न मिलने पर एमडीएम बनना ठप, डीएसओ से शिकायत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** खाद्यान्न की उपलब्धता न होने से एमडीएम नहीं बन पा रहा है। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत की है। पूर्ति विभाग मामले की जांच करने करने की बात कह रहा है। विकासखंड रुपईडीह के अंतर्गत चौरी परिहार गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय रनजीत नगर में एमडीएम नहीं बन रहा है। इसकी शिकायत पूर्ति विभाग में की गई है। शिकायत में कहा गया है कि कोटेदार द्वारा जुलाई, अगस्त व सितंबर में एमडीएम का खाद्यान्न नहीं दिया गया जिससे बच्चे भूखे वापस जा रहे हैं। जब कोटेदार से खाद्यान्न की मांग की गई तो उसने बताया कि परिवहन ठेकेदार ने खाद्यान्न नहीं दिया है, जिसकी वजह से खाद्यान्न उपलब्ध नहीं करा पाया। शिकायती पत्र में गांव के कोटेदार रामरति का भी हस्ताक्षर है। बताया जाता है कि रुपईडीह विकासखंड में कुबेर कंस्ट्रक्शन को परिवहन का काम मिला हुआ है। 3 महीने का करीब 5 क्विंटल से अधिक खाद्यान्न देने में गड़बड़ी की गई है। डीएसओ कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि एमडीएम न बनने की शिकायत मिली है। कोटेदार व ठेकेदार से जानकारी ली जा रही है। जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।



# माता रानी के जयकारों के बीच सप्तमी के दिन खुले पट

संवाददाता, बहराइच/जरवलरोड

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा के आंख का पट सप्तमी को जयकारों के बीच खुला। इसके बाद शुरू हुआ आरती देर रात तक जारी रहा। माता के जयकारे लोगों को गुंजायमान करते रहे।

विकास खंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा बाजार में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित हुई है। सप्तमी को मां के आंख की पट खोली गई। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल और विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया व समाजसेवी पीयूष मौर्य रहे। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मां के आंख की पट खोली। इसके बाद पूजा अर्चना के साथ आरती का कार्यक्रम रात 12 बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम में योगेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव प्रबंधक, शैलेन्द्र साहनी अध्यक्ष, बुद्धि लाल मौर्य, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सच्चिदानंद शर्मा, जवाहर लाल वर्मा, अशोक जायसवाल, संजय जायसवाल, अमर साहनी, डॉ मनोज श्रीवास्तव एवं युवा कमेटी के सभी सदस्य एवं काफी संख्या में भक्तजन एवं माताएं बहनें उपस्थित रहे। उधर श्री जगदंबा धर्मार्थ पूजा समिति तूफानी जरवलरोड के पूजा पंडाल में स्थापित मां भगवती की प्रतिमा का नेत्र उन्मूलन कार्यक्रम विधिविधान के साथ संपन्न हुआ। नेत्र उन्मूलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के वरिष्ठ सर्जन डा. सर्वेश कुमार शुक्ला के द्वारा दुर्गा प्रतिमा की आंख की पट्टी हटाकर आचार्य उमाशंकर मिश्रा ने नेत्र उन्मूलन विधि विधान के साथ वैदिक मत्रोच्चारण के बीच सम्पन्न कराया। इस अवसर पर डॉक्टर सर्वेश शुक्ला ने कथा व्यास नैमिष सीतापुर की पूर्णिमा मिश्रा को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मान किया। कथा के माध्यम से पूर्णिमा मिश्रा ने बताया जब धरती पर अत्याचार पापाचार दुराचार और अधर्म बढ़ता है। तब तब धरती पर भगवान का अवतार होता है

धरती पर भगवान के 24 अवतारों का वर्णन किया गया है। जिनमें से दो में अवतार हैं भगवान के कृष्ण अवतार और रामावतार गोस्वामी तुलसीदास बाबा लिखते हैं और राम जन्म से पहले पूर्णिमा दीदी ने महाराज दशरथ जी के जन्म की बहुत ही सुंदर रहस्यमई कथा का वर्णन किया। महाराज दशरथ और महारानी कौशल्या के पूर्व जन्म की कथा विस्तार पूर्वक सुनाई गई जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, महामंत्रीशुभम गुप्ता, कोषाध्यक्ष दुर्गेश सोनी राजन सोनी,कमला शुक्ला, प्रिंस तिवारी, ओम प्रकाश अवस्थी, रमन शुक्ला, अवधेश सिंह रामसूरत पांडे, विनोद शुक्ला रामकृपाल शुक्ला ,संजय पांडे , धर्मेंद्र शुक्ला, शिवम शुक्ला, रवि शुक्ला, सिद्धार्थ शुक्ला, अमर सिंह, अच्युतानंद मिश्र, यजमान हेंमत शुक्ल, पप्पू सिंह, रोशन गुप्ता, राहुल सोनी, पंकज सोनी, चंदन सोनी, लवकुश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



ग्राम पंचायत उर्रा में मां की आंख का पट खोलने के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि।



जरवल रोड में मां की पूजा करते वरिष्ठ सर्जन। अमृत विचार



जरवल नगर पंचायत में अतिक्रमण हटवाने के दौरान मौजूद ईओ और पुलिस।

## दशहरा को लेकर हटवाया अतिक्रमण

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार।** नगर पंचायत जरवल एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को देखते हुए जरवल के विभिन्न मार्गों पर अतिक्रमण हटवाया गया। अतिक्रमण हटवाने के दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा। जिले के नगर पंचायत जरवल एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को देखते हुए जरवल के विभिन्न मार्गों पर गुरुवार को अतिक्रमण हटवाया गया। अतिक्रमणकारियो को चेतावनी दी गई है कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो सभी को भारी जुर्माना भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी खुशबू यादव , पुलिस चौकी इंचार्ज जरवल राणा राज सिंह, संजीव कुमार, रंजीत कुमार , रंजीत सिंह एवं नगर पंचायत के सभी कर्मचारी एवं पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# वृद्ध महिला की पीट-पीट कर हत्या का आरोप, बेटी घायल

## जिला अस्पताल लाने पर डॉक्टर ने घोषित किया मृत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला बक्शीपुरा निवासी वृद्ध महिला की विवाद के दौरान मौत हो गई। जबकि उसकी बेटी घायल हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला के बेटे ने पड़ोसी पर पीट-पीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला बक्शीपुरा चटाई निवासी माया देवी (62) पत्नी राम सुंदर के पोते अरविंद का पड़ोसी से विवाद हुआ। जिस पर पड़ोसियों ने बुधवार शाम को मारपीट शुरू कर दी। माया देवी के बेटे बाबू लाल ने बताया कि पड़ोसियों ने मां और बहन किरन की पिटाई की। जिससे मां मौके पर ही चित होकर गिर गईं। माया देवी को रात में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बाबू लाल का कहना है कि पड़ोसी व्यक्ति ने पत्नी और अन्य लोगों के साथ मिलकर मां और बहन की पिटाई की। जिसमें मां की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि महिला के पति राम किशुन सेवानिवृत्त वन कर्मी थे।



महिला की मौत के बाद गमगीन परिवार के लोग। अमृत विचार

### ये था विवाद

मृतक महिला के पोते अरविंद पर पड़ोस के व्यक्ति ने बेटी के मोबाइल पर मैसेज भेजने का आरोप लगाया था। दोनों का मोबाइल देखने पर मैसेज नहीं मिला। पड़ोसी का कहना है कि बेटी के मोबाइल से मैसेज डिलीट कर दिया है। इसी बात को लेकर विवाद हो गया और मारपीट हो गई।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

महिला की मौत का आरोप परिवार के लोग मारपीट में चोट लगने पर लगा रहे हैं। इसकी सत्यता के लिए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

## पिंजड़े में कैद हुआ तेंदुआ

**बहराइच, अमृत विचार।** ककरहा रेंज के गांव में लगे पिंजड़े में एक और तेंदुआ रात में कैद हो गई। उसे रेंज कार्यालय लाया गया है। तीन डॉक्टरों की टीम स्वास्थ्य जांच करेगी। इसके बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।



पिंजड़े में कैद तेंदुआ।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के धर्मपुर बेझा गांव में एक सप्ताह पूर्व तेंदुआ ने किसान पर हमला कर मार डाला था। गांव के लोगों की मांग पर वन विभाग ने पिंजड़ा लगाकर वयस्क तेंदुए को पकड़ा था। लेकिन निरन्तर क्षेत्र में तेंदुए की आमद को देखते हुए ग्राम पंचायत बेझा के मुरावनपुरवा गांव में वन विभाग की ओर से पिंजड़ा लगाया गया। जिसमें बुधवार रात 12 बजे तेंदुआ कैद हो गया। वन क्षेत्राधिकारी डीपी कनौजिया ने बताया कि तेंदुआ को पकड़ने के बाद रेंज कार्यालय लाया गया है। पकड़ा गया तेंदुआ मादा है। उसकी उम्र तीन वर्ष से अधिक है। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि तीन डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई। इसके बाद तेंदुआ को ट्रांस गेरूआ के घने जंगल में छोड़ दिया गया है।

# छात्रा अनुराधा ने निभाई बीईओ की भूमिका



खंड शिक्षा अधिकारी बनी छात्रा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करती शिक्षिका।

कैसरगंज ,बहराइच

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के तहत, खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने छात्रा अनुराधा को एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौंपकर एक नई पहल की शुरुआत की। दायित्व संभालते ही अनुराधा का बीईओ व एआरपी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में अनुराधा ने प्राथमिक विद्यालय शाहपुर रसूलपुर, वैरीमहेशपुर प्रथम व द्वितीय, कहरई, वैरा क़ाज़ी और उच्च प्राथमिक विद्यालय वैरीमहेशपुर का निरीक्षण किया। विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने अनुराधा को खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर देख गर्व महसूस किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बालिकाओं को एक दिन के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक नियुक्त किया गया। शिक्षक संकुल समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षकों को बेहतर शिक्षण के लिए निर्देश दिए गए, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। निरीक्षण के दौरान, बच्चों के पठन-पाठन की स्थिति का जायजा लिया गया और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश भी दिए। नारी सशक्तिकरण के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एआरपी अरविन्द शुक्ला, अरविन्द शर्मा, महेन्द्र चौधरी, कृपा शंकर दुबे, सुनील सोनी और मनोज सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### दुर्गा पूजा समिति ने निर्धन युवती का कराया विवाह



निर्धन लड़की का विवाह करवाते दुर्गा पूजा समिति के सदस्य। अमृत विचार

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार।** दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के सहयोग से दुर्गा पूजा पंडाल में जोड़े का विवाह कराया गया। बरातियों के खान पान की व्यवस्था के साथ दान दहेज भी वर वधु को दिया गया। नवाबगंज कस्बे में स्थित धर्म शाला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल गुप्ता ने बताया कि दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के सहयोग से बुधवार रात एक निर्धन लड़की का विवाह धूमधाम से सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि नवाबगंज कस्बा निवासी स्वर्गीय दिलीप सोनी की पुत्री नीतू सोनी का विवाह जनपद श्रावस्ती के भिन्गा निवासी राजकुमार सोनी के साथ हिंदू धर्म के रिती रिवाज के साथ सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि लड़की के माता पिता दोनों की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है। जिसका कोई सहारा नहीं था समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष दुर्गा पूजा समिति के द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के समय ऐसी निर्धन व बेसहारा लड़कियों का विवाह कराने की योजना बनाई है। इस कार्य में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बेचेलाल जायसवाल, विजय जयसवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, पिंटू गुप्ता, संजय गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, हरिओम गुप्ता, हिमांशु गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

### सेल्फ स्टडी पर ध्यान दें आगे बढ़ें बालिकाएं : रचना

**बहराइच, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी की देखरेख में वन स्टॉप केंद्र सलारगंज में मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत मेगा इवेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम की अध्यक्षता वन स्टॉप की प्रशासक रचना कटियार ने की। रचना कटियार ने कहा कि मातृशक्ति समाज में बड़े पदों पर रहकर रच रही हैं। जिले की जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी महिला हैं। ऐसे में मेहनत कर सभी लोग आगे बढिये और समाज में एक प्रेरक बन कर उभरिये। जिससे आप को आगे बढ़ते देख और लोगोँ को भी प्रेरणा मिलेगी। कोई यूपी पीसीएस तो कोई राज्य कर अधिकारी के रुप में दे रही सेवाएं नवदुर्गा में बेटियों, महिलाओं की सुरक्षा, आत्मसम्मान व उनके अधिकारों के लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 का शुभारंभ किया गया है। इसमें महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तर पर भी विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कर महिलाओं, बेटियों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य साधकर सेल्फ स्टडी पर बालिकाओं को ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं और महिला सिपाही मौजूद रहे।

### जहरीला पदार्थ खाकर वृद्ध ने दी जान

**बहराइच।** रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निजामपुर गांव निवासी राम प्रसाद (60) पुत्र बाबू राम ने पारिवारिक कलह में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार के लोग वृद्ध को लेकर जिला अस्पताल आए। लेकिन रात में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सामान्य बच्चों की तरह दिव्यागों को दें अधिकार: बृजेश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड रहे। मानसिक बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में मानसिक विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण बाबा सुंदर सिंह मूक बधिर विद्यालय के बच्चे रहे। दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्वास्थ्य सूचना और शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि भगवान सभी बच्चों को एक जैसा नहीं बनाता है। लेकिन उनकी देखभाल करना हमारा दायित्व है। ऐसे में दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसके बाद सांसद ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से दिव्यांग बच्चों की हर मदद की जाएगी।, मानसिक रोग विशेषज्ञ डा विजित जायसवाल ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान डीपीएम सरजू खान, बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय की प्रबंधिका डॉक्टर बलमीत कौर, आबदा खातून तथा दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।



विश्व मानसिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद को सम्मानित करते अधिकारी।

## ई-रिक्शा पर बैठाने से इंकार किया तो चाकू से किया हमला

**बहराइच, अमृत विचार।** थाना दरगाह के मोहल्ला हमजापुरा निवासी अब्बास (32) पुत्र बकरीदी ई रिक्शा का संचालन करते हैं। गुरुवार को वह ई रिक्शा पर आलू लादकर घंटाघर की तरफ जा रहे थे। दोपहर में एक युवक आया। उसने ई रिक्शा पर बैठाने को कहा। इस पर चालक ने जगह न होने की बात कही। इस पर दूसरे युवक ने सीने और पेट में चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे अफरा तफरी मच गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर मनोज चौधरी ने बताया कि युवक को भर्ती कर लिया गया है। उसकी हालत स्थिर है। जिला अस्पताल में भर्ती घायल ने बताया कि रंजिश में उसके ऊपर हमला हुआ है। रास्ते का विवाद उससे चल रहा है। इससे पूर्व सिर पर हमला करने से 17 टांके लगे थे।

## एक नजर

### स्मैक के साथ नेपाली गिरफ्तार

**मोतीपुर, बहराइच।** मोतीपुर थाने की पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ संयुक्त पेट्रोलिंग करते हुए एक नेपाली तस्कर को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय ने बताया कि उप निरीक्षक अश्विनी पांडेय के साथ एसएसबी जवान संयुक्त जांच कर रहे थे। जांच के दौरान थाना क्षेत्र लौकाही से बस्थनवा के बीच बगीचा के पास चेकिंग के दौरान जहीरुद्दीन पठान पुत्र बुद्धू पठान निवासी लालपुर थाना गुलरिहा जिला वर्दिया राष्ट्र नैपाल को मय 11.5 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### निबंध प्रतियोगिता के छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**कैसरगंज, बहराइच।** कस्बे के कंचन कान्वेंट स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओ जिसमें नैंसी कश्यप, रुश्दा,आसमा, गुलनार बेगम, अनुराधा यादव, श्रद्धा यादव, रिद्धिमा शर्मा,सनी सिंह,अरुण कुमार, विराट शर्मा को विद्यालय प्रबंधक एम श्रीवास्तव ने मेडल देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के कार्यालय अधीक्षक विजय मिश्र सहायक उमाशंकर यादव, डॉ पंकज शुक्ला, मोहम्मद माजिद,प्रदीप श्रीवास्तव,रंजीत सिंह सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### सीओ के फॉलोवर की मौत

**बहराइच।** राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुकेरिया निवासी हरेंद्र कुमार पाल (55) पुत्र लालधर पाल पुलिस लाइन के पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय के फॉलोवर थे। उनकी तबियत घर पर खराब हुई। जिस पर परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर आए। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।






















# उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कोई खर्च

## तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही मिलेगी थ्री-फेज कनेक्शन की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। इसके साथ ही, ऊर्जा निगमों के कर्मियों पर शत-शत मीटर लगाने का निर्देश दिया गया है।

आयोग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि थ्री फेस कनेक्शन के लिए अब उपभोक्ताओं को पांच किलोवाट का कनेक्शन नहीं लेना पड़ेगा, बल्कि तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही यह सुविधा दी जाएगी। इस वर्ष बिजली दरों का निर्धारण 10.67 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर किया गया है। नई दरों के प्रस्ताव में बिजली कंपनियों ने लगभग 11,203 करोड़ का 'गैप' दिखाया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है। बिजली कंपनियों की ओर से दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव में लगभग एक लाख 1784 करोड़ दिखाया गया था, इसमें भारी कटौती की गई है। कंपनियों पर इस साल भी उपभोक्ताओं का 1944 करोड़ रुपये 'सरप्लस' निकला है।

### मौजूदा कनेक्शन से चार्ज हो सकेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

आयोग के फैसले के तहत अब किसी भी श्रेणी के उपभोक्ता अपने मौजूदा कनेक्शन से ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्ज कर सकेंगे। आयोग ने सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की ईवी टैरिफ दरें राज्य सड़क परिवहन ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर भी लागू करने की अनुमति दे दी है। पर मल्टी-स्टोरी इमारतों और कॉलोनियों में सिंगल पॉइंट कनेक्शन धारकों के जरिये ओवरचार्जिंग पर सख्ती कर दी गई है। शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने बिलिंग जानकारी के खुलासे के लिए नए प्रक्रियात्मक प्रावधान बनाए हैं। निर्देशों का पालन न करने पर सिंगल पॉइंट फ्रेंचाइजी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### उपभोक्ताओं को बिल वितरण ईमेल व व्हाट्सएप पर

आयोग ने बिजली कंपनियों की ओर से उपभोक्ताओं को बिल वितरण ई-मेल, व्हाट्सअप व अन्य डिजिटल माध्यम से भेज सकेंगे। आयोग के निर्देश के तहत उपभोक्ताओं को पूरी बिलिंग जानकारी देने व बिल को अधिकृत प्रतिनिधि से हस्ताक्षरित किया गया होना चाहिए।

### ज्यादा भार पाए जाने पर अगले वर्ष बढ़ाया जाएगा भार

बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर ज्यादा बिजली भार पाए जाने पर अगले वित्तीय वर्ष विभाग की ओर से भार बढ़ाया जाएगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नई बिजली दरों में यह प्रावधान किया है। नए प्रावधान के तहत बिजली की अधिकतम मांग में वृद्धि के मामले में जहां रिकार्ड की गई अधिकतम मांग एक वित्तीय वर्ष के दौरान कम से कम तीन बार स्वीकृत भार सीमा से अधिक हो गई हो, उनमें से सबसे कम मांग पर उपभोक्ता को आधार बताते हुए अगले वित्तीय वर्ष से बिजली भार बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। आयोग के फैसले के तहत सिंगल प्वाइंट कनेक्शन पर स्थानीय निवासियों के बिजली उपभोग करने व निवासियों के जरिये बिलिंग का खुलासा न करने पर दंडित किया जाएगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पांचों वितरण निगमों में 1,47,901.52 मिलियन यूनिट की बिजली खरीद व 1,01,783.45 करोड़ की समेकित वार्षिक राजस्व आवश्यकता के दावे के समकक्ष आयोग ने 1,47,904.69 मिलियन यूनिट व 96,225.02 करोड़ अनुमोदित किए हैं।

# योगी ने की मां पाटेश्वरी की पूजा, बच्चों को बांटीं चकलेट

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** बुधवार को जिले के दौरे पर आए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन शक्ति पीठ तुलसीपुर में रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार सुबह मां पाटेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना की।

उन्होंने पाटन देवी के साथ-साथ अष्टम महागौरी की पूजा भी की।देवी पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में स्थित गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा तथा गुड़ खिलाया। उन्होंने गायों का प्यार दुलार भी किया। मंदिर परिसर में चल रहे राजकीय मेले का निरीक्षण भी किया। श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था दिए जाने का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री ने महिला श्रद्धालुओं से बात की तथा उनके बच्चों को चॉकलेट भी बांटा।


देवीपाटन शक्तिपीठ में मां पाटेश्वरी की पूजा अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ


महिला श्रद्धालु के बच्चे को चॉकलेट देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उन्होंने थारू छात्रावास के बच्चों से भी मुलाकात कर उनके कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री और अगले गंतव्य गोरखपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान शक्तिपीठ के महंत योगी मिथलेश नाथ सहित कई जनप्रतिनिधि पदाधिकारी तथा प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## निर्माण कार्य में लाएं तेजी : मंडलायुक्त


निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का निरीक्षण करते मंडलायुक्त

**बलरामपुर अमृत विचार।** गुरुवार को मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील द्वारा निर्माणधीन मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को कार्य में तेजी लाते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय निर्माण की प्रगति के।लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने का निर्देश दिया।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त , अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार,एसडीएम सदर व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पूजा पंडालों में लगी भक्तों की भीड़

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचारः नवरात्र के 8वें दिन दुर्गाष्टमी पर जिले भर के मंदिरों और पूजा पंडालों में मां महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। शक्तिपीठ देवीपाटन तुलसीपुर और बिजलेश्वरी मंदिर बिजलीपुर में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। नवरात्रि के 8वें दिन दुर्गाष्टमी पर मां महागौरी की पूजा की जाती है। महागौरी को माता पार्वती का स्वरूप माना जाता है। मां महागौरी की पूजा करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। भक्त उनके आशीर्वाद के लिए प्रार्थना करते हैं। इस दिन माता की विशेष


पूजा पंडाल में मां अंबे की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

पूजा-अर्चना की जाती है।मंदिरों में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट गई थी। भक्तों ने मां के नाम के जयकारे लगाकर सुख शांति का आशीर्वाद मांगा।

देवीपाटन व बिजलीपुर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी हुईं थीं। देवी पूजा पंडालों में आरती प्रतियोगिता, डांडिया, देवी जागरण जैसे आयोजन कर मां की आराधना की जा रही है। सुबह शाम होने वाली आरती में पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है। जिले के सभी छोटे बड़े देवी मंदिरों में भक्तों द्वारा दुर्गा शप्सती व दुर्गा कवच का पाठ किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के सभी धार्मिक स्थलों एवं पूजा पंडालों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है।

## बाइक की ठोकर से अधेड़ की मौत

**बलरामपुर अमृत विचार।** महाराजगंज तराईथाना क्षेत्र मे बाइक की टक्कर में अधेड़ की मौत हो गई।थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लौकहवा निवासी पाले ने बताया कि उनके भाई दशरथ ( 55) सुबह 5 बजे बौद्ध परिपथ रोड पार कर रहे थे अचानक तुलसीपुर के तरफ से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस से सीएचसी तुलसीपुर में भर्ती कराया गया जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान दशरथ की मौत हो गई। दशरथ के दो लड़के हैं दोनों बाहर मुंबई में है घटना की सूचना पर वह आ रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी ने बताया है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मीडिया प्रभारी ने पुलिस पर लगाया हाउस अरेस्ट का आरोप

**बलरामपुर अमृत विचार।** सपा के जिला मीडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने पुलिस पर हाउस अरेस्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि गत बुधवार को वह मुख्यमंत्री को जनपद आगमन पर 9 सूत्रीय मांग पत्र देना चाहते थे। जिला प्रशासन ने ऐसा करने की अनुमति नहीं दी तो वह वह दौरे का विरोध करने की चेतावनी देने लगे। उन्होंने इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी की साजिश बताई है।

# चौथा आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

संवाददाता,नानपारा, बहराइच

फॉलोअप

**हिंदू संगठनों ने घटना पर जताई नाराजगी, सख्त कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर गांव में पांच किलो गेहूं चोरी के आरोप में बाल मुड़वाने और कालिख पोतकर गांव में टहलाने का मामला तूल पकड़ रहा है। हिंदू संगठनों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में अभी तक नामजद पूर्व प्रधान को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

कोतवाली नानपारा के ग्राम ताजपुर टेडिया निवासी राजित राम पासवान ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि नाजिम पुत्र शाहिद खां का गांव में मुर्गी फार्म है। मुर्गी फार्म पर तीन-चार लड़कों को काम करने के लिए घर से जबरदस्ती धमकाकर बुला ले जाते थे। मजदूरी के तौर पर कभी 10 तो कभी रुपये 20 देता है। मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे नाजिम खां व उसका लड़का कासिम खां, इनायत पुत्र अब्दुल सलाम तीनों लोग मेरे तथा पड़ोसी के घर पर आये और अपनी मुर्गी फार्म से 5 किलो गेहूं के चोरी का आरोप लगाते हुए तीनों लड़कों को घर से मारते मुर्गी फार्म पर ले गये। और वहीं तीनों लड़कों को गला दबा कर जान से करने का प्रयास किया। इसके नाजिम, कासिम,इनायत मिलाकर तीनों बच्चों के सिर का बाल छीलकर उस पर पेंट से चोर लिखा और मुंह पर कालिक लगाकर गांव में घूमाये। पकडिया सिवाला के पास करीब चार बजे लाकर छोड़ दिये । और कहा कि पुलिस के पास जाओगे तो तुम्हे व तुम्हारे परिवार वालों को जान से मार देंगे। इस दौरान पूर्व प्रधान शानू भी मौके पर आ गया और उनसे भी बच्चों से जान से मार देंगे की बात कही। बच्चों ने घर पर आकर समस्त घटना परिवार के लोगों को बताया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ जान से करने एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें पूर्व ग्राम प्रधान अभी गिरफ्तार नहीं हुआ है।

एसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं घटना के बाद हिन्दू संगठनों में उबाल है। घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष शिवेंद्र अग्रवाल उर्फ गुड्डू बाबा ने उपजिलाधिकारी अश्विनी पांडेय को ज्ञापन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। उधर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखंड भारत स्वदेशी अभियान परिषद के कुंवर दहौरा ने पुलिस के साथ प्रदेश सरकार से कड़ी कार्यवाई की मांग की है।

# देवीपाटन से दर्शन कर लौट रहे पिता-पुत्र की सड़क हादसे में मौत

## हादसे में चार अन्य घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** दर्दनाक सड़क हादसे में देवीपाटन मंदिर से वापस लौटते समय पिता-पुत्र की मौत हो गई,जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर शिवानगर गांव के पास गुरुवार को हुआ।

मृतकों की पहचान जगदंबा प्रसाद (45) और उनके पुत्र शिवसहाय (20) निवासी गोंडा के विशुनपुर बैरिया रौतावां के रूप में हुई। वह अपने परिवार के साथ कार से देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर दर्शन करने गए थे। वापस लौटते समय यह हादसा हुआ। हादसे में घायल सुखदेव, हरिशंकर, पंकज और संतोष को जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी।


हादसे के बाद जिला अस्पताल पहुंचे श्रद्धालुओं के परिजन। अमृत विचार


बस से टक्कर के बाद खाई में पलटी कार।

सीओ ललिया ज्योतिश्री ने बताया कि हादसा सामने से आ रही बस और कार की आमने-सामने टक्कर से हुआ। इसके बाद कार सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। जिससे सभी यात्री घायल हो गए। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी की जमानत खारिज

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विशेष सत्र न्यायाधीश एम पी/ एम एल ए राजेश भारद्वाज ने दलित लेखपाल को धमकाने के मामले में दो लोगों की जमानत प्रार्थना पत्र आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दी। इसी मामले में पूर्व विधायक को पुलिस ने न्यायालय में गिरफ़्तार करके पेश किया जिसे न्यायाधीश ने जेल भेज दिया है। सादुल्ला नगर थाने में लेखपाल सुनील ने धमकाने और जाति सूचक गालियां देने का मुकदमा जनवरी 2024 में पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनके तीन सहयोगियों के खिलाफ़ लिखाया था। पूर्व विधायक के भाई मारुफ़ हाशमी की जमानत प्रार्थना पत्र को न्यायालय पहले ही निरस्त कर चुकी थी। बुधवार को इस मामले में न्यायालय ने अहमद हुसैन गब्बर और मोहम्मद नासिर हाशमी की जमानत प्रार्थना भी निरस्त कर दी।

### जानलेवा हमला करने के दो दोषियों को आजीवन कारावास

**बलरामपुर अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने जानलेवा हमला करने का दोषी करार देते हुए दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषियों को 60-60 हज़ार रुपए अर्थ दण्ड भी अदा करने का आदेश दिया है। कोतवाली नगर में निकट सिटी पैलेस निवासी हैप्पी सिंह ने 19 मार्च 2019 को मुकदमा लिखाने का प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि मोहल्ला पहलवारा निवासी विशाल गुप्ता और अमित चौहान ने उसे और उसके भाई भरत सिंह को धारदार हथियारों से मारा जिससे दोनों को गम्भीर चोट आई है। पुलिस ने मुकदमा लिखकर विवेचना शुरु की। इलाज़ के दौरान हैप्पी सिंह की एक आंख की रोशनी भी चोट के कारण चली गई। विवेचक ने जांच के बाद दोनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने विशाल और अमित को जानलेवा हमला करने सहित कई धाराओं में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 60-60 हज़ार रुपए अर्थ दण्ड की सजा सुनाई। अर्थ दण्ड अदा ना करने पर दोषियों को दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। न्यायाधीश ने अर्थ दण्ड में से दोनों चोटहिल को 25-25 हज़ार रुपए मुआवजा भी देने का आदेश दिया है।

### वृद्धजनों के बीच मनाई मुलायम सिंह की पुण्यतिथि

**बलरामपुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा ने आबर स्थित वृद्धाआश्रम में देश के पूर्व रक्षामंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई। कहा कि मुलायम सिंह यादव देश के सर्व समाज के नेता थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में किसानों, छात्रों, और नवजवान युवकों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी पुण्यतिथि पर आबर स्थित वृद्धाआश्रम में 100 वृद्धजनों को उनकी आवश्यकता का सामान नेता जी की याद में मुहैया कराया गया। कृष्ण कुमार गिहार, डॉ. प्रेम यादव, और निजामुद्दीन अंसारी भी मौजूद रहे

### तीन गैंगस्टरों को 5-5 वर्ष की कैद

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट सुमित कुमार प्रेमी तीन लोगों को गैंगस्टर एक्ट का दोषी करार देते हुए 5-5 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषियों को 10-10 हज़ार रुपए अर्थ दण्ड भी अदा करने का आदेश दिया है। कोतवाली नगर में निरीक्षक ओम प्रकाश चौबे ने 10 जनवरी 2003 को मोहल्ला गोविंदबाग निवासी अब्दुल हामिद, तनवीर और मोहम्मद सलीम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा लिखाया था। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने तीनों को गैंग बनाकर संगठित अपराध करने का दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोषियों को 5-5 वर्ष की कैद और 10-10 हज़ार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया। अर्थ दण्ड अदा ना करने पर दोषियों को 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

### मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 220 मरीजों का हुआ प्रशिक्षण


कार्यक्रम में मौजूद नोडल अधिकारी व सीएमओ। अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार।** गुरुवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में स्वास्थ्य कैंप आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राज्य नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार श्रीवास्तव ,राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सूर्य प्रकाश पाठक राज्य सलाहकार ,राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संरक्षक डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए के शुक्ला शामिल रहे।डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने कहा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। पहली थीम दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस को डब्लूएओ द्वारा समर्थित किया जाता है। सूर्य प्रकाश पाठक ने कहा महिला बच्चों और किशोर के भावनात्मक और व्यवहार में मानसिक स्वास्थ्य में योग निद्रा का बहुत महत्व है । सीएमओ डॉ.मुकेश रस्तोगी ने कहा मानसिक तनाव, अवसाद, एवं अनिद्रा ,जैसे रोगों से निजात के लिए जनपद स्तर संचालित मन कक्ष काउन्सलिंग सेन्टर में अपनी मानसिक समस्याओं संबंधित काउंसलिंग कराए। संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजकुमार वर्मा , चिकित्सा अधिकारी , स्वास्थ्य कैंप पैरामेडिकल कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। मानसिक स्वास्थ्य कैंप में लगभग 100 महिला, 110 पुरुष का स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया, लगभग 52 मरीजों की काउंसलिंग की गई।

## राम-सुग्रीव मैत्री देख भाव विभोर हुए दर्शक

**उतरौला बलरामपुर अमृत विचार।** श्री दुःख हरण नाथ मंदिर में रामलीला कमेटी के तत्वावधान में भव्य रामलीला का आयोजन धूमधाम और भक्ति-भाव के साथ चल रहा है। महंत मयंक गिरि के संरक्षण में हो रहे इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हो रहे हैं। रामायण की लीलाओं के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण संदेशों को जनमानस तक पहुँचाने का यह प्रयास आस्था और भक्ति को जागृत कर रहा है।रामलीला का आयोजन भारतीय विद्यालय के रामलीला मैदान में हो रहा है, जहाँ सप्तम दिवस पर प्रमुख लीलाओं का सफल मंचन किया गया। राम-सुग्रीव मैत्री, बाली वध, लक्ष्मण जी का क्रोध, सीता की खोज और संपाती से भेंट जैसे प्रसंगों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों में भक्ति और उत्साह का माहौल बन गया।इस आयोजन में महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ देखी गई, जिन्होंने प्रत्येक दृश्य का आनंद लिया और आयोजन की सराहना की।

# युवक ने गर्म तेल की कढ़ाई उड़ेला, सगी बहनें व भाई झुलसे

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचारः** जिले के सत्संग नगर कालोनी निवासी एक युवक की बाइक गांव निवासी दूसरे युवक ने चोरी कर ली। दुर्गा पूजा मेले में बाइक की पहचान करने पर अभियुक्त नाराज हो गया। उसने मेले में लगे दुकान पर तेल की कढ़ाई उड़ेल दिया। जिसमें सगी बहनें और भाई झुलसकर घायल हो गए। तीनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के सत्संग नगर कालोनी निवासी करन विश्वास (24) पुत्र दीनू विश्वास ठेला लगाने का काम करते हैं। इस समय करन की बहन ससुराल से अपने मायका माही सिंह (22) पत्नी पुष्पेंद्र सिंह और पूनम राय (29) पत्नी पिंटू राय आई हुई है। दोनों गांव में लगे दुर्गा पूजा स्थल पर भाई करन का हाथ बंटवा रही है। जिला अस्पताल में भर्ती करन का कहना है कि पिता की हादसे में मौत हो चुकी थी। दो पहिया वाहन सही कराकर उसने घर पर रखा था। गांव निवासी सागर सरकार बाइक चोरी कर चले गए थे। गांव में मेला में करन ठेला लगाए था। उसने मेला आने पर बाइक देखकर पहचान कर ली और बाइक की मांग की। इससे सागर सरकार नाराज हो गया। गुरुवार को मेला में करन अपनी बहनों के साथ सामान बनाकर बिक्री कर रहे थे।


अस्पताल में भर्ती झुलसे भाई- बहन।

पूनम का कहना है कि वह पापड़ तल रही थी। तभी सागर सरकार आए और उसने तेल की कढ़ाई उड़ेल दिया। जिससे करन और उसकी बहन जल गईं। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अभी थाने में तहरीर नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय का कहना है कि तहरीर मिलते ही केस दर्ज किया जाएगा।

समस्या | इस मार्ग से प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख लोगों का होता है आवागमन

# क्षेत्रवासियों का मुकद्दर बन चुका है जर्जर सड़क पर टूटा पुल

बब्बू खान,पचपेड़वा बलरामपुर

**अमृत विचारः** वर्षों से सड़क बनने का इंतजार कर रहे क्षेत्र वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए ,ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए, रेलवे स्टेशन जाने के लिए, यह मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख लोग आवागमन करते हैं।मामला चंदनपुर अयोध्या मार्ग पर बसंतपुर ग्राम पंचायत के पास बने पुल के पास सड़क के टूट जाने से जान


चंदनपुर- अयोध्या मार्ग पर टूटे पुल से गुजरते वाहन । अमृत विचार

जोखिम में डालकर लोगों का आवागमन दिन और रात होता है। इस मार्ग की इतनी दुर्दशा हो चुकी है फिर भी अधिकारियों की निगाहें चंदनपुर अयोध्या मार्ग पर नहीं पड रही है।क्षेत्र वासी इस मार्ग को बनवाने के लिए क्षेत्रीय सांसद और विधायक से लगातार प्रयास करते आ रहे हैं। लेकिन आज इस सड़क की हाल यह है सड़क ऊपर से पूरी तरह से टूट चुकी है केवल कच्ची मिट्टी दिखाई देती है।जगह-जगह पुलिया भी टूट चुकी हैं फिर भी आधिकारी मौन


संजीव पांडेय


राकेश यादव

धारण किए हुए हैं। वही स्थानीय निवासी संजीव पाण्डेय ने कहा सड़क जिस तरह से खस्ताहाल हो चुकी है इस पर चलना जान जोखिम में डालना है फिर भी लोगों की मजबूरी है। रास्ता यही है जाए तो कैसे जाएं। कई बार इस मार्ग पर लोग गिरकर चोटिल तक हो चुके हैं फिर भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वही ग्राम पंचायत बरगदहा सोहना के प्रधान राकेश कुमार यादव ने कहा हम सभी क्षेत्र वासियों की मजबूरी है इस मार्ग पर आना जाना कई बार बाइक सवार गिर कर चोटिल तक हुए हैं और हो भी रहे हैं। जबकि ऐसा कोई दिन नही है की ई रिक्शा सवारी सहित न पलटे बसंतपुर के पास पुलिया के बगल सड़क का टूटना किसी दिन अप्रिय घटना को अंजाम देने का संकेत माना जा रहा है। जिलाधिकारी से क्षेत्र वासियों की मांग है की समस्या का समाधान अति शीघ्र कराएं।

## वादी मुकदमा के भाई ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**चीनी मिल मजदूर नेता हत्याकांड: सीएम को पत्र भेज कर की यथोचित कार्रवाई की मांग**

**बलरामपुर अमृत विचार।** बलरामपुर चीनी मिल मजदूर नेता हरेंद्र सिंह हत्याकांड में वादी मुकदमा के भाई ने जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में प्रिंस सिंह के भाई सुधांशु प्रताप सिंह ने कहा है कि हत्याकांड का मुकदमा बलरामपुर स्थित न्यायालय में विचाराधीन है। मामले में वादी मुकदमा की गवाही आगामी 17 अक्टूबर को होनी है। इस मुकदमे में अभियुक्तगण एवं बलरामपुर चीनी मिल प्रबंध तंत्र और उनके सहयोगी सुलह करने व गवाही न देने की चेतावनी दे रहे हैं। और ऐसा करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दे रहे हैं। सुधांशु का कहना है कि वादी मुकदमा उसका छोटा भाई रोजगार के सिलसिले में बाहर रहता है। ऐसे मे उसके भाई एवं परिवार वालों पर जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने सीएम से मुकदमे का निस्तारण होने तक समुचित सुरक्षा का आदेश स्थानीय पुलिस प्रशासन को दिए जाने का अनुरोध किया है। इसी संबंध में एक पत्र पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को भी प्रेषित किया है।

देवो रुष्टे गुरुस्त्राता गुरो रुष्टे न कश्चन:।
गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता न संशय:॥

भाग्य रूठ जाए तो गुरु रक्षा करता है। गुरु रूठ जाए तो कोई नहीं होता। गुरु ही रक्षक है, गुरु ही शिक्षक है, इसमें कोई संदेह नहीं।

## संपादकीय

# शास्त्रीय भाषाओं का संवर्द्धन

सांस्कृतिक विविधता एवं समृद्धि की दृष्टि से भारत विश्व में अतुलनीय स्थान रखता है। 'कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी' की विशिष्टता वाले हमारे देश में अनेक प्राचीन भाषाएं हैं, जो अभी भी प्रचलन में हैं। यह सच है कि कुछ भाषाएं अध्ययन एवं अनुसंधान समेत कुछ विशेष कार्यों के लिए प्रयुक्त होती हैं, पर वे विलुप्त नहीं हुई हैं। शास्त्रीय भाषाएं भारत की गहन और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती हैं, जो प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मील के पत्थर का सार है। हाल ही में भारत सरकार ने पांच नई भाषाओं को 'शास्त्रीय' (क्लासिकल) भाषाओं की श्रेणी में शामिल किया है। ये भाषाएं मराठी, पाली, प्राकृत, असमी एवं बांग्ला हैं। संस्कृत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़िया पहले से ही इस सूची में हैं। इस प्रकार अब देश में मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाओं की संख्या 11 हो गई है।

गौरतलब है कि 12 अक्टूबर 2004 को तमिल भाषा के साथ इस सूची का प्रारंभ किया गया था। उसी वर्ष नवंबर में संस्कृत और बाद के वर्षों में अन्य भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा दिया गया। अब इन पांच भाषाओं को शामिल करने का निर्णय किया गया है। ये निर्णय विशेषज्ञ समिति एवं साहित्य अकादमी द्वारा तैयार मानदंडों के आधार पर लिए जाते हैं। हालांकि इस वर्ष सुझावों के आधार पर मानदंडों में कुछ संशोधन भी किए गए हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत भारतीय भाषाओं का एक वर्गीकरण होता है। जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर भाषियों की गिनती की जाती है। केंद्र और राज्यों के स्तर पर विभिन्न भाषाओं को संरक्षित करने, उपलब्ध साहित्य का अनुवाद एवं प्रकाशन कराने तथा विकसित करने के कई कार्यक्रम चलते रहते हैं। पांडुलिपियों के संग्रहण और संरक्षण पर भी बहुत ध्यान दिया जाता है। ऐसे में शास्त्रीय भाषाओं की सूची का विस्तार एक उत्साहजनक व स्वागतयोग्य निर्णय है। इससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाषाओं के सांस्कृतिक एवं अकादमिक महत्व को बढ़ाने में मदद मिलेगी। साल 2008 में शास्त्रीय तमिल के लिए एक केंद्रीय संस्थान की स्थापना की गई, जिसमें प्राचीन तमिल ग्रंथों के अनुवाद के साथ-साथ तमिल भाषा सिखाने के पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और उड़िया भाषाओं के लिए भी विशिष्ट केंद्र खोले गए हैं। वर्ष 2020 में संस्कृत के लिए तीन विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद की जा सकती है कि जिन भाषाओं को शास्त्रीय श्रेणी में शामिल किया गया है, उनके विकास के लिए भी अकादमिक प्रयास होंगे। साथ ही संस्थाओं और नागरिकों को भी इस दिशा में योगदान करना चाहिए।

# क्या ईश्वर के स्थान पर बैठ गया है इंसान



आर्य सागर खारी
नोएडा

> प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है।

वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार किन वैज्ञानिकों को रसायन शास्त्र में किस काम के लिए मिला है, यह जानने समझने से पहले हमें यह जानना होगा कि 21 वीं सदी का रसायन शास्त्र बीकर, परखनली जैसे आधारभूत उपकरणों पर आश्रित न होकर कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टूल पर निर्भर हो गया है। वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल दो अमेरिकी व एक ब्रिटिश वैज्ञानिक को मिला है। अचरज की बात यह है कि इन तीन वैज्ञानिकों में कोई भी विशुद्ध तौर पर रसायन शास्त्री (केमिस्ट) नहीं है। पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों में दो कंप्यूटर वैज्ञानिक एआई विशेषज्ञ हैं तो तीसरे वैज्ञानिक कंप्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट हैं। यह विज्ञान की आधुनिक शाखा है, जो कंप्यूटर साइंस, बायोलॉजी के मिश्रण से मिलकर बनी है।

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा कि प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है। हमारे बाल, नाखून, मसल्स जानवरों के सींग-पक्षियों के पंख हड्डियों को जोड़ने वाली कॉलेजन सभी प्रोटीन हैं। हमारे रक्त में पाए जाने वाला हीमोग्लोबिन शरीर में ग्लूकोज को नियंत्रित करने वाली इंसुलिन शरीर में पाए जाने वाले सभी हार्मोन यहां तक की एंजाइम सभी प्रोटीन हैं। प्रोटीन को यदि मानव शरीर से निकाल दे तो मानव शरीर पानी और हवा का एक बुलबुला मात्र रह जाएगा। शरीर की एक कोशिका दूसरी कोशिका से संपर्क जिन केमिकलों के माध्यम से करती है, वह केमिकल भी प्रोटीन है। शरीर संक्रमित होने पर अपनी रक्षा के लिए जिन एंटीबॉडी रसायनों का निर्माण करता है वह भी प्रोटीन ही है।

यह प्रोटीन प्रकृति में कुल 25 व हमारे शरीर में पाए जाने वाले 20 अमीनो एसिड से मिलकर बने होते हैं। आज दो करोड़ के लगभग प्रोटीन को आइडेंटिफाई किया जा चुका है। अमीनो एसिड क्या है? कार्बन आधारित जैविक अणु हैं, जो दहाई से लेकर हजारों की संख्या में जुड़कर एक खास सीक्वेंस में विभिन्न सरल से लेकर जटिल तीन आयामी प्रोटीन का निर्माण करते हैं। 1970 तक वैज्ञानिक एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी की सहायता से कुछ हजार प्रोटीनों की संरचना के विषय में जान पाए थे, जो समय साध्य प्रक्रिया थी। वैज्ञानिक यह तो जान गए थे कि किसी प्रोटीन विशेष में कुल कितने अमीन एसिड का प्रयोग हुआ है, लेकिन प्रोटीन की संरचना बेहद जटिल होती है। आप इसे ऐसे समझ सकते हैं, प्रोटीन एक ऐसी गाय-भैंस को बांधने वाली धातु की बेल है, जिसके प्रत्येक के कुंदे को तो आप जानते हैं। एक कुंदे से दूसरा कुंदा किस क्रम में जुड़ा हुआ है, आप बेल की संरचना को आसानी से समझ सकते हैं। सरल प्रोटीन के मामले में तो आप इस उदाहरण को लागू कर सकते हैं, लेकिन वही कुंदे मिलकर किसी जटिल बेल रूपी प्रोटीन संरचना का निर्माण करते हैं, जिसकी ओर छोर का हमें पता नहीं है। अब वह बेल मानो ऐसे उलझ गई है कि हम चाहकर भी उसे सुलझा नहीं सकते। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी के कारण आतंकित होकर घरों में सिमटी हुई थी तब ऐसी जटिल प्रोटीन संरचना के विषय में वर्ष 2020 तक दुनिया को कुछ पता नहीं था कि कैसे मिनटों में उसकी संरचना ज्ञात करें।

> आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं।

प्रोटीन की संरचना को लेकर 50 वर्षों से अबूझ बनी हुई इस पहेली को सुलझाने में एंट्री होती है, जॉन जंपर व डेमिक हस्साबिक नामक दो कंप्यूटर वैज्ञानिकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ की, जिनमें एक अमेरिकी तो दूसरे ब्रिटिश हैं। दोनों डीप एआई नामक कंपनी के संस्थापक हैं, जिसका अधिग्रहण अब गूगल ने कर लिया है। इन दोनों वैज्ञानिकों ने अल्फा फोल्ड टू नामक एआई टूल विकसित किया, जिसके माध्यम से चार चरणों में अमीनो एसिड के प्रथम सीक्वेंस का पता लगाकर फिर किसी भी प्रोटीन की संरचना का पूर्व अनुमान लगा सकते हैं। भले ही उस प्रोटीन की संरचना कितनी ही जटिल हो, पूर्व अनुमान एकदम सटीक निकलता है। इनके द्वारा विकसित इस टूल का 190 देशों के 20 लाख मॉलेक्युलर बायोलॉजिस्ट इस फील्ड से जुड़े हुए विशेषज्ञ प्रयोग कर रहे हैं।

स्वीडिश नोबेल पुरस्कार कमेटी ने इन दोनों वैज्ञानिकों के काम की सहराना करते हुए नोबेल पुरस्कार की आधी राशि इन दोनों को देने की घोषणा की है। इन दोनों वैज्ञानिकों की खोज के आधार पर ऐसे एंजाइम जो प्रोटीन ही होते बनाए जा रहे हैं, जो पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक को अपघटित करेंगे। साथ ही एंटीबायोटिक दवाइयों से बैक्टीरिया में होने वाले रेजिस्टेंस की समस्या का समाधान भी इनकी खोज से संभव हो रहा है।

अब बात करते हैं तीसरे वैज्ञानिक डेविड बेकर की, जिन्हें पुरस्कार की आधी धनराशि मिली है। उन्होंने ऐसे प्रोटीन के निर्माण में महारत हासिल की, जो प्रकृति मानव शरीर या अन्य किसी जीव के शरीर में नहीं पाए जाते। इन्होंने रोसेटा नाम का कंप्यूटर प्रोग्राम खुद विकसित किया, जिसके माध्यम से 93 अमीनो एसिड को लेकर इन्होंने टॉप 7 नामक प्रोटीन बनाई जो नेचर में उपलब्ध नहीं है। इन्होंने अपनी बुद्धि को अनूठे तरीके से लगाया। इन्होंने अपने प्रोग्राम में प्रोटीन के घटक अमीनो एसिड के सीक्वेंस को न डालकर अपनी मनोवांछित प्रोटीन के डिजाइन को डाला, जिससे इन्हें अमीनो एसिड का सीक्वेंस मिल गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं। यहां तक की जिनमें अधिकांश वैज्ञानिक नहीं होते वह कहते हैं जब वैज्ञानिक ऐसी प्रोटीन का निर्माण कर सकते हैं, जो ईश्वर की बनाई इस दुनिया में उपलब्ध नहीं हैं तो क्या यह संभव नहीं है? मनुष्य ईश्वर के स्थान पर आ गया है। इन सभी तर्कों का एक ही निराकरण है कि वैज्ञानिक जो भी कुछ करते हैं। भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी पॉवरफुल टूल उन्हें मिल गई है। वह सृष्टि रचना के नियमों का ही सहारा लेकर कुछ रचकर पाते हैं। वैज्ञानिकों के पास सृष्टि रचना सृष्टि में काम कर रहे विविध भौतिक रासायनिक जैविक नियमों से भिन्न कोई भी व्यवस्था नहीं है। अमीनो एसिड के बगैर कोई भी वैज्ञानिक कोई प्रोटीन नहीं बना सकता। अमीनो एसिड कार्बन नाइट्रोजन हाइड्रोजन जैसे तत्वों से मिलकर बने होते हैं। इन तत्वों के एक परमाणु को भी कोई वैज्ञानिक नहीं बना सकता।

यदि कोई प्रोटीन 100 अमीनो एसिड के सीक्वेंस से मिलकर बनी है तो उससे रैंडमली 10 की पावर 47 डिफरेंट संरचना बन सकती है। यह आंकड़ा इतना विशाल है कि आप इसकी गणना नहीं कर सकते अर्थात 10 के आगे 47 शून्य। अब इतनी विशाल संख्या में बनने वाली संरचनाओं की संभावना में से जो जीवन के लिए आवश्यक प्रोटीन हैं, वह यदि बने तो उसके लिए इतना समय चाहिए जितना समय सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर आज पर्यंत हो चुका है अर्थात अरबों वर्ष। हमारे शरीर में तो हमारी कोशिकाएं अंग कुछ मिली सेकंड में ही हीमोग्लोबिन एल्बुमिन जैसी प्रोटीन बनाती हैं, जो रक्त का निर्माण करती है। वैज्ञानिकों ने अपनी गणनाओं से निष्कर्ष निकला कि यह पूर्व निर्धारित होता है। प्रत्येक अमीनो एसिड में यह जानकारी होती है, उन्हें किस उपयोगी प्रोटीन का निर्माण करना है, जिससे समय की बचत हो। अव्यवस्था का शरीर की कोशिका में कोई स्थान नहीं है। सब कुछ व्यवस्थित तरीके से होता है।

इस व्यवस्था की ही, जो व्यवस्थापक शक्ति है वही तो ईश्वर है। वेदों में जिसे प्रचेता अर्थात उत्कृष्ट ज्ञान देने वाला कहा गया है। आम आदमी जो शरीर की संरचना से अनभिज्ञ हैं। जीवन व्यवहार का उपयोगी ज्ञान ईश्वर उसको भी देता है और हमारे 2024 के रसायन शास्त्र के पुरस्कार विजेताओं को भी वही ज्ञान देता है। अंतर केवल इतना है कि आस्तिक व्यक्ति इसे शुद्ध अंतःकरण से स्वीकार करता है। इन वैज्ञानिकों ने अपने परिश्रम से एक सुखद रोगों से रहित दुनिया बनाने की दिशा में अपना सार्थक योगदान दिया है। मूल में ईश्वर के साथ-साथ हम इन वैज्ञानिकों के भी आभारी रहेंगे।

## प्रसंगवश

# क्या शोभा की वस्तु हैं गनर और पुलिस



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यों तो पुलिस का नाम ही है आरक्षी और रक्षा करना उनका पावन कर्तव्य है। थानों में गीता के एक श्लोक की पहली पंक्ति दीवार पर मोटे अक्षरों में अंकित रहती है, "परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्:"। यानी वे सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए हैं।

इसके अलावा तमाम विशिष्ट लोगों को शासन अलग से रक्षक प्रदान करता है, जो शैडो, गनर, पीएसओ आदि पद नामों से पुकारे जाते हैं। इतना होते हुए भी कानून व्यवस्था को धज्जियां उड़ती रहती हैं और ये 'रक्षक' 'तटस्थ' बने रहते हैं। बात करते हैं उत्तर प्रदेश के लखीमपुर की, जहां 'अर्बन कोऑपरेटिव बैंक' के प्रतिनिधियों के चुनाव के समय स्थानीय भाजपा विधायक योगेंद्र वर्मा की पिटाई हुई। यह तब हुआ जब वहां पुलिस और एसडीएम मौजूद थे। यही नहीं, उन्हें व्यक्तिगत रक्षक गनर भी मिला हुआ था। यह घटना कारित करने वाला कोई साधारण व्यक्ति न होकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह व उनके समर्थक थे, जिनकी पत्नी पुष्पा सिंह इस चुनाव में प्रत्याशी थीं। वे अध्यक्षा रह भी चुकी हैं। यह उदाहरण उद्धृत करने योग्य इसलिए भी है कि इस कानून भंजक घटना के पात्रों में एक कानून बनाने वाला है तो दूसरा न्याय पीठों को सही निर्णय तक पहुंचने में कानून बताकर मदद करने वाला नामचीन आधिवक्ता है। चूंकि मजिस्ट्रेट, पुलिस और गनर मूक दर्शक बने रहे और अपराध कारित होता रहा, तो इतना तो स्पष्ट हो ही गया कि प्रदेश में पुलिस, गनर आदि शोभा की ही वस्तु हैं। दोनों पक्ष भारतीय जनता पार्टी के हैं। अतः कम ही उम्मीद है कि कोई मुकदमा दर्ज होकर कार्यवाही होगी।

एक और उदाहरण याद आ रहा है। अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में सभी छात्र 'श्वेत' थे। संयोग से एक 'अश्वैत' ने भी एडमीशन ले लिया। उसे श्वेत सताने लगे। यूनिवर्सिटी जाना दूभर हो गया। शासन ने पुलिस लगाई। विद्यार्थियों की संख्या बहुत थी। अश्वेत की रक्षा बेहद कठिन थी। अंततः उस एक विद्यार्थी के नागरिक अधिकारों की रक्षार्थ कई हजार पुलिस लगाई गई और वह बच्चा सकुशल वहां पढ़ता रहा। यूपी के इस प्रकरण में यदि लीपापोती हुई, तो कानून व्यवस्था पर से लोगों का विश्वास बहुत शिथिल हो सकता है।

# बिच्छू का मंत्र न जाने, पर सांप के बिल में हाथ डाले



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

> पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है।

इन दिनों हिंदुओं को हिंसक बताने का चलन सा हो गया है। कहा जाता है कि हिंदू धर्म हिंसक है! इसकी पुष्टि में प्रायः एक उद्धरण प्रस्तुत कर दिया जाता है, "वैदिक हिंसा हिंसा न भवति।" एक मित्र के पटल पर इस आशय का विमर्श दिखा था। उसे देखकर मेरे मन में जो भाव उठे, वे निवेदित हैं। हमारी चिंतन प्रणाली इतने निचले दर्जे पर कभी न रही। कहने के लिए हम विज्ञान के प्रवर्तक हैं, किंतु वैज्ञानिक बुद्धि का हममें लेश भी नहीं। अधकचरे ज्ञान से हम लबालब हैं, पर इससे काम चलने वाला नहीं है। यह धोखा देगा।

सवाल है कि हिंदुओं को अपमानित करने के लिए अपनी समझ को धूल धूसरित करने से क्या फायदा? सोचे-समझे वगैर दिए गए उद्धरणों से ज्ञान के संस्कार आपके गिरेंगे। भावी पीढ़ियां और आपके प्रपौत्र आप पर हंसेंगे और तब कोई पुरुषोत्तम आप की रक्षा करने के लिए न होगा। पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है। उसका प्रसंग अलग और सीमित है। यह कोई विश्वजनीन सूक्ति नहीं है। ध्यान रहे किसी भी उक्ति की अर्थवत्ता प्रसंग पर निर्भर होती है। प्रसंग बदलते ही अर्थ बदल जाता है। कभी-कभी अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। सवाल है कि हम यह सब कब समझेंगे? कब समझेंगे कि नाटक दर्शन नहीं है। वह साहित्य का अंग है और एक कलात्मक विधा है। अन्य कलाओं की तरह इसका अलग महत्व है। रस एवं ग्राह्य मनः स्थिति उत्पन्न करना इसका साध्य है। भावोद्वेलन इसका जरिया है। अब रही बात जैन धर्म की! तो निःसंदेह जैन धर्म में जिस रूप में अहिंसा का प्रतिपादन है, वैसा अन्यत्र नहीं। वहां अहिंसा की पराकाष्ठा है, किंतु इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि जैनियों के समाज में हिंसा के दृष्टांत नहीं मिलते। क्या जैन राजा युद्ध में हिंसा नहीं करते थे? क्या अपराधियों को दंड का प्रावधान जैन समाज में नहीं है? क्या हिंसा का दृष्टांत भर मिल जाने से हम जैन धर्म को हिंसक बता देंगे? इन सवालों पर विचार करना चाहिए।

बौद्धों ने रोहिंग्या में मुसलमानों के साथ जो किया, वह सभी जानते हैं, किंतु इस आधार पर बौद्ध धर्म को कोई हिंसक धर्म नहीं मानता। बौद्धों ने 'जय बुद्ध' का नारा लगा तलवार नहीं खींची थी। गौर करें तो हर समाज में हर चीजों के दृष्टांत मिलेंगे, किंतु धर्म के मूल्यांकन का आधार उसका दर्शन है। कुरान के अनुसार काफिरों को मार देने की बात कही गई है तो क्या मुसलमान सभी हिंदुओं की हत्या करते चलते हैं? प्रेम और दोस्ती का भी तो प्रमाण मिलता है। दृष्टांत से कसौटी नहीं बदलती। इसलिए टॉर्च लेकर दृष्टांत न खोजें। क्या हम समझते हैं जैन और बौद्ध धर्म आसमान से टपके हैं या भारतीय धार्मिकता के अंग रहे हैं? हमें जानना चाहिए कि जैन धर्म में बताया गया सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह वस्तुतः उपनिषदों में भी है। एक नहीं कई उपनिषदों में ये प्रबलता से मौजूद हैं। छांदोग्य उपनिषद में सत्य, आर्जवम (ईमानदारी), दान, तप और अहिंसा, पांच आवश्यक गुण अपरिहार्य बताए गए हैं। शांडिल्य उपनिषद में दस संयमों की सूची दी गई है, जिसमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव, क्षमा, धृति, मिथ्याहार और शौच प्रमुख हैं।

सनातन, बौध और जैन में अंतर इन गुणों को लेकर नहीं है, बल्कि कुछ दार्शनिक बिंदुओं में भेद के कारण है। सत्य की अवधारणा और उस तक पहुंच के मार्ग को लेकर है। कुछ अंतर देश-काल के कारण है। किंतु अहिंसा भारतीय सभी धर्मों के मूल में है। परंतु वह अकारण नहीं है बल्कि उसकी एक दार्शनिक पृष्ठभूमि है। सवाल है कि इस अहिंसा का निहितार्थ क्या है। इसका अभिप्राय जानना जरूरी है।

इसका अभिप्राय केवल इतना है कि किसी की हत्या हमें इस कारण नहीं करनी चाहिए कि वह दूसरे धर्म और दूसरे देवता का उपासक है। मतभिन्नता के कारण किसी को शत्रु समझना वर्जित है। मत भिन्नता को उनका धर्म ग्रंथ शत्रु मानता हैं। इस पाग में मार्क्सवाद भी पगा हुआ है। अतः सांप के बिल में हाथ देने के पहले बिच्छू का मंत्र अवश्य जान लेना चाहिए और यह भी जान लेना चाहिए कि सनातन, जैन और बौद्ध अहिंसा का प्रतिपादन करते हैं, पर वहां भी आत्म रक्षा में हिंसा कहीं वर्जित नहीं है।

## सोशल फोरम

# प्रेम प्रकृति का वरदान



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए।

खान सर की जानकारी और उनके शिक्षण कौशल का मैं प्रशंसक हूं, लेकिन बच्चों को प्रेम करने से हड़काने का जो काम वे करते हैं, वह घातक है। लाखों विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की आग में झोंककर भी वे सफलता तो उतने को ही दिला पाएंगे न जितनी सीटें हैं? कुछ सौ या हजार विद्यार्थी मन को मारकर अगर सफल भी होते हैं तो उन लाखों असफल के लिए वे क्या सोचते हैं, जो न इधर के रहे, उन उधर के रहे। जो प्रेम और नौकरी दोनों से हाथ धो बैठे उनके प्रति उनका कोई दायित्व नहीं?

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए। प्रेम अमृत है, नौकरी तो जीविका का साधन मात्र है। प्रेमरहित जीवन नीरस है, चाहे व्यक्ति कितनी ही बड़ी नौकरी क्यों न हासिल कर ले। समाज में प्रेमकला सिखाने वालों का घोर अभाव है। इसकी वजह से बच्चों का जीवन यौवन ऊर्जा की अग्नि में झुलस रहा है। अगर बच्चों में प्रेम का भाव नहीं पैदा किया तो गुरु या शिक्षक होने का हक नहीं है। शिक्षक को सदैव प्रेम को सकारात्मक ऊर्जा के रूप में छात्रों के समक्ष रखना चाहिए।

खान सर भी रूढ़िवादियों की तरह प्रेम के प्रति दृष्टि रखेंगे तो वे जितना उपकार नहीं कर पाएंगे, उससे ज्यादा अपकार कर बैठेंगे। इसलिए आग्रह है कि वे अपनी प्रेम विरोधी दृष्टि पर पुनर्विचार करें।

-फेसबुक वॉल से

# समाज के लिए आघात हैं तलाक के बढ़ते मामले



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था।

मान्यता है कि वैवाहिक जोड़े ईश्वर स्वर्ग में बनाता है, लेकिन हमेशा इन जोड़ों की आपस में नहीं बनती और ये बीच सफर में ही अलग होने का फैसला कर लेते हैं। सात जन्म का यह रिश्ता सही तरीके से एक जन्म भी नहीं चल पाता है और बात तलाक या विवाह विच्छेद तक पहुंच जाती है। पहले भारत में तलाक के किस्से आम नहीं थे, क्योंकि हमारे यहां विवाह एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार के रूप में माना जाता था, जिसमें दंपति तमाम वैवाहिक और पारिवारिक समस्याओं के बावजूद इसे जीवनपर्यंत निभाने की कोशिश करते थे। अनेक ऐसे परिवार हैं, जिनमें पति-पत्नी में कभी नहीं बन पाई, परंतु उन्होंने समाज और परिवार को ध्यान में रखकर अलग होने की बात कभी नहीं सोची, परंतु अब बदलते समय के साथ लोग इस दिशा में मुड़ने लगे हैं।

भारत में तलाक के मामले पिछले कुछ दशकों में बहुत तेजी से बढ़े हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार 2019-21 में तलाक की दर 0.8 प्रतिशत से बढ़कर 1.2 प्रतिशत हो गई, जिसमें शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। पिछले दो दशकों में तलाकों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। आज दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में तलाक की दर वैवाहिक जोड़ों में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा है। दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता और लखनऊ जैसे बड़े शहरों में तलाक के मामलों में तीन गुना वृद्धि हुई है। हालांकि पितृसत्तात्मक समाज प्रधानता वाले राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान आदि जैसे में तलाक और अलगाव की दर अपेक्षाकृत कम है। पूर्वोत्तर क्षेत्रों में तलाक की दर बहुत अधिक है। चिंताजनक बात यह है कि भारत में छोटे शहरों व गांवों में भी तलाक की दर में वृद्धि देखी जा रही है। दिल्ली में तलाक के प्रतिवर्ष लगभग 9 हजार मामले दर्ज किए जाते हैं, जो नब्बे के दशक में दर्ज होने वाले औसतन एक हजार मामलों से बहुत अधिक हैं। कोलकाता और चेन्नई में भी तलाक की दर में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केरल में तलाकों में 350 प्रतिशत की तो पंजाब और हरियाणा में तलाक के मामलों में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। एक आंकड़े के अनुसार 2021 में देश भर की पारिवारिक न्यायालयों में विवाह विच्छेद के मामले करीब पांच लाख थे, वहीं वर्ष 2023 में बढ़कर आठ लाख से अधिक हो गए। महिलाओं की अपेक्षा तलाक की मांग करने वाले पुरुषों की संख्या बढ़ रही है। भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था। पाश्चात्य संस्कृति से उपजी सोच ने तलाक को स्त्री स्वतंत्रता से जोड़कर देखना शुरु कर दिया है, जिसने परंपरागत वैवाहिक मूल्यों को कमजोर कर दिया है। भारत में शादी दो लोगों के बीच नहीं, बल्कि दो परिवारों के बीच होती है। हमारे देश में प्यार, नफरत, विवाह और दूसरी शादी जैसी समस्या को सामाजिक स्तर पर सुलझा लिया जाता रहा है। सर्वप्रथम वर्ष 1955 में संसद में हिंदू कोड बिल पारित किया, जिसमें महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिया गया। बहु विवाह पर रोक लगाई और तलाक मांगने का अधिकार भी मिला। वर्ष 1976 में इस में संशोधन किया गया तथा इसमें पति-पत्नी के बीच सहमति से तलाक लेने की अनुमति दी गई। पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में समय के साथ ही परंपरागत संयुक्त परिवार टूटने लगा और स्त्री घरेलू से कामकाजी होते हुए आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने लगी। हालांकि पति भी अब पहले जैसे पुरुषवादी सोच के नहीं रहे हैं। तलाक के अधिकतर मामलों में यह मुख्य कारण उभर आता है कि दंपति द्वारा शादी के पहले के वादे पूरे न करना। इसके अतिरिक्त अपनी नौकरी की वजह से पत्नी को कम समय देना, नौकरी के कारण अलग-अलग शहरों में रहना। पत्नी की जिम्मेदारी न उठाना, विवाहेतर संबंध इत्यादि आम कारण रहा है। कई लोग घर वालों के दबाव में शादी कर लेते हैं, लेकिन बाद में यह रिश्ता कड़वाहट के साथ टूट जाता है। तलाक के निरंतर बढ़ते मामले एक बड़े सामाजिक बदलाव की ओर संकेत कर रहे हैं। हालांकि अभी भी भारत में तलाक की दर दुनियाभर में सबसे कम है, परंतु जिस तीव्र गति से इनमें वृद्धि हो रही है, उससे क्या यह आशंका नहीं कि भविष्य में हम पश्चिमी देशों के बराबर खड़े हो जाएंगे? यदि ऐसा हुआ तो इसका बुरा असर समाज के साथ-साथ देश पर भी पड़ेगा। सामान्यत संबंध विच्छेद की सबसे अधिक पीड़ा बच्चों के हिस्से में आती है। एकल परिवार में पले लड़कों में निष्क्रिय रहने की प्रवृत्ति होती है और लड़कियों में अवसाद एवं भटकाव की आशंका काफी अधिक बढ़ जाती है।

लंदन की किंगस्टन यूनिवर्सिटी में हुए एक रिसर्च के अनुसार तलाक लेने के पांच साल बाद पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा खुश रहती हैं, क्योंकि तलाक के बाद उन्हें खुलकर जीने का मौका मिला था। इसका सबसे बुरा असर यह पड़ रहा है कि जोड़े अब विवाह के बजाय लीव इन रिलेशनशिप में रहना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, जिसमें कोई आपसी उत्तरदायित्व नहीं है और जब चाहें अलग हो जाएं, कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं और कोई पारिवारिक दायित्व नहीं। परंतु इससे विवाह नाम की संस्था की समाप्ति का डर है और परिवार का तो अंत ही हो जाएगा। यह भारतीय समाज के लिए बहुत बड़ा आघात होगा।

# शालीनता के प्रतीक रतन टाटा



विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

हम सबके बीच रतन टाटा नहीं रहे। खबर सुनकर उनसे जुड़ी ढेर सारे किस्से कहानियां और घटनाएं, जहन में एक-एक कर उभरने लगी थी। इनमें कुछ घटनाएं ऐसी भी हैं, जिन्हें जानने-सुनने के बाद उनके गंभीर और शालीन व्यक्तित्व का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

वर्ष 2014 की बात है। देश में अभी सत्ता का परिवर्तन नहीं हुआ था। उन्हीं दिनों रतन टाटा ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने साथ घटित, एक ऐसे वाकये का जिक्र किया था, जिसे सुनकर सारा देश चौंक गया। चौंकना स्वाभाविक भी था, यदि प्रधानमंत्री के कार्यालय में कोई अधिकारी स्वयं रतन टाटा से किसी काम के एवज में पैसे की डिमांड करता है। देश के गिने-चुने शीर्ष उद्योगपतियों में से एक, रतन टाटा एक दिन स्वयं प्रधानमंत्री से मिलने उनके कार्यालय गए हुए थे। उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम के संदर्भ में बातें करनी थीं। प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति के चलते उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाती। लौटने से पूर्व, कुछ सोचकर वो वहां के एक अधिकारी के पास अपनी समस्या के निदान हेतु पहुंच गए। रतन टाटा आवाक रह गए, जब उस अधिकारी ने काम के एवज में पैसे की डिमांड रख दी। वो अपने चेहरे पर निर्विकार भाव लिए, वगैर कुछ कहे, वहां से वापस लौट आए। अपने इंटरव्यू में इस पूरे वाकये पर उन्होंने एक लाइन की टिप्पणी की थी "जब एक अदना सा अधिकारी रतन टाटा से रिश्वत की मांग कर सकता है, फिर तो सहज ही देश की हालात और सर्वत्र व्याप्त भ्रष्टाचार की कल्पना की जा सकती है"। धीर गंभीर दिखने वाले रतन टाटा का व्यक्तित्व ही कुछ ऐसा था कि उनकी प्रेम कहानियों की कोई खास चर्चाएं कभी भी गासिप कालम तक नहीं पहुंची, जबकि उनकी अंतिम दोस्ती तो फिल्म इंडस्ट्रीज की बहुचर्चित अभिनेत्री सिम्मी गरेवाल के साथ भी चली थी, जो पूरे सात सालों तक मंजिल की तलाश में भटकती रही।

## एक नजर

### हत्याकांड में आरोपियों की न्यायिक हिरासत 17 तक बढ़ी

**सुलतानपुर :** जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में गिरफ्तार सहायक अभियंता अमित कुमार शाह और एक अन्य आरोपी प्रदीप राम की न्यायिक हिरासत 17 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। गुरुवार को जेल से दोनों आरोपी अदालत में पेश किए गए तथा प्रभारी एडीजे नीरज श्रीवास्तव ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने के आदेश दिए। अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को उनके घर में पीट–पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### लंभुआ के सौरभ शुक्ल बने वन दरोगा

**लंभुआ, सुलतानपुर :** लंभुआ तहसील क्षेत्र के मदनपुर छंगेपुर निवासी श्याम नारायण शुक्ल के पुत्र सौरभ शुक्ल का वन दारोगा पद पर चयन हुआ। पद पर चयन होने पर बीएसए पिता जनार्दन प्रसाद शुक्ला, डॉ जेके वर्मा, सोनू शुक्ला, भारत गांधी, अनिल मौर्य, पवन मौर्या, राम सिंह, रवि आदि ने खुशी जाहिर की है। वन दारोगा पद पर चयनित हुए सौरभ शुक्ला ने कहा कि ईमानदारी से की गई मेहनत कभी जाया नहीं जाती, हमारे माता–पिता का सपना पूरा हुआ, हम उन्हीं की प्रेरणा से आज इस पद पर सफलता प्राप्त किए हैं।

### पुण्यतिथि पर मुलायम सिंह यादव को किया याद

**सुलतानपुर :** समाजवाद का नारा बुलंद करने वाले मजदूर, दलित, वंचित, शोषित की मुखर आवाज मुलायम सिंह यादव की दूसरे पुण्यतिथि पर गुरुवार को वरिष्ठ सपा नेता हाजी निसार अहमद उर्फ गुड्डू के आवास पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि पर पार्टी नेताओं ने जिला अस्पताल में मरीजों को फल भी वितरित किया। इस मौके पर हाजी मोहम्मद हारून, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद, अशोक सिंह बिसेन, सुलतान खान, अमरीश कांत गौतम, सुरेश कुमार, नवनीत यादव, अरशद जमाल उर्फ शानू पवन यादव अफसर अहमद रहे।

### जयंती पर याद किए गए बाबू गनपत सहाय

**सुलतानपुर :** गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बड़ी धूम धाम से महाविद्यालय के संस्थापक बाबू गनपत सहाय की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी ने बाबू गनपत सहाय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां प्राचार्य प्रो अंग्रेज सिंह राणा, प्रभारी प्रो. शाहिद, प्रो. शक्ति सिंह, डॉ. संध्या श्रीवास्तव, डॉ. रविंद्र शुक्ला रहे।

# अधूरी रह गई प्रधान बनने की इच्छा

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के असरफपुर के प्रधान प्रत्याशी रहे इच्छानाथ की इच्छा प्रधान बनने की अधूरी ही रह गई। जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों के मान-मनौव्वल के बाद गुरुवार को इच्छानाथ के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं, मामले में नामजद प्रधान पुत्र समेत तीन लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर अन्य की तलाश में जुटी है।

बुधवार की सुबह अशरफपुर गांव निवासी प्रधान का चुनाव लड़ चुके इच्छा नाथ को गोली मार हत्या कर दी गई। मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान पुत्र, प्रधानपति सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही मुख्य आरोपी सहित तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। इसौली विधायक ताहिर खान ने परिजनो से मिल सांत्वना देते हुए एसपी से वार्ता कर विधिक कार्यवाही की बात कही थी। गुरुवार को परिजनों जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के आश्वासन पर मृतक इच्छानाथ का अंतिम संस्कार कर दिया।

**▸▸ मान-मनौव्वल के बाद प्रधान प्रत्याशी रहे इच्छानाथ के शव का किया गया अंतिम संस्कार**

**बहन थी प्रधान, इच्छानाथ की भी थी प्रधान बनने की ख्वाहिश:** मृतक की बहन हेमनापुर गांव की प्रधान थी। कार्यभार मृतक ही देख रहा था। बताते चलें कि मृतक के जीजा सुरेश गांव के प्रधान थे। विपक्षियों ने चार अगस्त 2019 को गोली मार उनकी हत्या कर दी थी। वहीं, मृतक इच्छा नाथ बीते चुनाव में अपने गांव असरफपुर से प्रधान का चुनाव लड़ चुका था, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाया था। वही विपक्षियों को डर सता रहा था कि इस बार कही इच्छानाथ प्रधान न बन जाए। वहीं हेमनापुर गांव के लोगों को लग रहा था कि कहीं इच्छा नाथ गांव का आर्थिक लाभ न ले ले। वैसे भी मृतक अपने जीजा सुरेश की हत्या का मुख्य गवाह था।

# अनियमितता की शिकायत पर पहुंचे विधायक

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अनियमितता की शिकायत पर सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने निर्माणाधीन कान्हा उपवन गौशाला गुरेगांव का निरीक्षण किया। विधायक ने जिला पशु चिकित्सा अधिकारी को जांच के बाद कार्य कराने के निर्देश दिए।

गुरुवार को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने गुरेगांव में एक करोड़ 60 लाख की लागत से बन रहे वृहद कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री की जांच की।


कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण करते सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय।

विधायक ने मौके से जिला पशु चिकित्सा अधिकारी अमित कुमार तिवारी को फोन कर निर्माण कार्य में मिली अनियमितता से अवगत कराया। साथ ही तकनीकी टीम से जांच कराने के बाद दोबारा निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक ने कार्यदायी संस्था सीएलएफ के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

**▸▸ कान्हा उपवन गौशाला गुरेगांव का किया निरीक्षण**

विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा सरकार गोवंशों के संरक्षण को लेकर गंभीर है। जिसके लिए गौशाला का निर्माण कार्य पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। जनता की तरफ से मिल रही अनियमितता की शिकायत पर गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया गया। संबंधित विभाग के अधिकारियों को तकनीकी जांच कराने के बाद निर्माण का दोबारा शुरू करने को कहा गया है। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री रत्नेश तिवारी समेत अन्य रहे।

# आश्वासन पर माने परिजन फिर हुआ अंतिम संस्कार

## हत्या में भाजपा नेता का नाम आने से मामला हुआ संगीन, रात में सदर विधायक तो दिनभर डटे रहे अधिकारी

दोस्तपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अंडा व्यवसायी संतराम उर्फ लल्लू अग्रहरि की हत्या में भाजपा नेता अर्जुन पटेल का नाम आने से मामला संगीन हो गया है। दिनभर चली मान-मनौव्वल के बाद शपथ पत्र पर रोड पर आवास के लिए पट्टा देने व सुरक्षा देने के आश्वासन पर परिजन मानें और शाम को संतराम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सास ली है। वहीं, मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है, लेकिन नाम उजागर करने से कतरा गए हैं।

दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोशैसिंहपुर बाजार में मंगलवार की रात दरवाजे पर ही अंडा व्यवसाई संतराम उर्फ लल्लू अग्रहरि की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बुधवार की शाम लखनऊ से शव पहुंचा तो परिजन अंतिम संस्कार से इंकार कर दिए।


संतराम उर्फ लल्लू (फाइल फोटो)।

मामले में हत्या का आरोप भाजपा किसान मोर्चा का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन पटेल समेत चार नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज हुआ था। भाजपा नेता पर केस दर्ज होने के बाद मामला संगीन हो गया। मामले में पुलिसिया लापरवाही पर मोतिगरपुर थानाध्यक्ष रहे तरुण पटेल को निलंबित किया जा चुका है। वहीं, परिजन पीएम के बाद बुधवार की शाम शव लेकर घर पहुंचे। व्यापारी की हत्या पर स्थानीय पुलिस सक्रिय थी। पीएसी व कई थानों की पुलिस कस्बे को छावनी में तब्दील कर रखा था। शव पहुंचते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए थे रात को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने परिजनों से मिल सांत्वना देते हुए आर्थिक सहायता दी और गुरुवार को अंतिम संस्कार के लिए राजी कर लिया था। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों की ओर से फिर से धमकी मिलने लगी है। इसे लेकर गुरुवार की सुबह मृतक व्यवसाई के शव के अंतिम संस्कार से मना करते हुए परिजन डीएम को बुलाने और सुरक्षा देने की मांग पर अड़ गए। परिजनों की मांग थी कि तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन पर कठोर कार्यवाही की जाये। साथ उन लोगों के रहने के लिए आवासीय स्थान उपलब्ध कराया जाये। इसी बीच मृतक व्यवसाई के बड़े बेटे सचिन की तबीयत खराब हो गई तो परिजन उसे आनन-फानन में बिरसिंहपुर अस्पताल ले गए। जहां उसका करीब दो घंटे इलाज चला। बेटे की तबीयत खराब देख अधिकारियों के भी हाथ-पांव फूल गए।

एडिशनल एसपी अखण्ड प्रताप सिंह ने परिजनों को बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं एसडीएम जयसिंहपुर संतोष कुमार ओझा ने आवासीय पट्टा देने को तैयार हो गए और लिखित आश्वासन दिया गया। मांग पूरी होने के बाद शाम करीब साढ़े चार बजे परिजन शव को लेकर राजघाट दियरा चले गए, तो अधिकारियों को राहत मिली।

### मामले में अलग-अलग बयान भी खोल रहे पोल

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अलग–अलग बयान दे रहा है, जिससे पुलिसिया कार्रवाई व दबाव की पोल खुल रही है। एडिशनल एसपी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि सात आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। थानाध्यक्ष दोस्तपुर पंडित त्रिपाठी ने गिरफ्तारी की सही जानकारी देने से बच रहे हैं। कभी चार तो कभी नौ लोगों के हिरासत में लेने की बात कहते हैं। फिर कल बताने की बात कहकर फोन काट दे रहे हैं। जबकि, स्थानीय लोगों के सामने उन्होंने नौ लोगों को हिरासत में लेने की बात कही थी। सीओ कादीपुर विनय गौतम का फोन नहीं उठ रहा है। वहीं, एसडीएम जयसिंहपुर संतोष कुमार ओझा ने बताया कि ग्राम पंचायत से प्रस्ताव मांगा गया है। प्रस्ताव मिलते ही आवासीय पट्टा दे दिया जाएगा।

### हत्या मामले पर एडिशनल एसपी से मिला व्यापार मंडल


एएसपी को ज्ञापन देते व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

गोसैसिंहपुर बाजार निवासी संतराम अग्रहरि लल्लू हत्याकांड प्रकरण को लेकर बुधवार को व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल अपर पुलिस अधीक्षक से मिला। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापारियों की मांग थी कि संतराम की हत्या के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाय। साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान कराए जिससे भविष्य में परिवार को को जनहानि न हो। संगठन के जिलाध्यक्ष मनीष शाहू ने बताया कि इन्ही अपराधियो ने बीते सात जुलाई को मृतक के बेटे को पीटा था। लेकिन स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही नहीं की जिससे अपराधियो के हौसले बुलंद थे। व्यापारियों की मांग पर अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने सीओ स्तर पर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों व व्यापारियों के साथ व्यापारी सुरक्षा फोरम बैठक कराने के लिए सीओ को निर्देशित किया। प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, वरिष्ठ जिलामहामंत्री नरेंद्र बरनवाल, जिला संगठन महामंत्री संजय कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष बैजनाथ कसौधन, फूलचन्द्र अग्रहरि, शंकर दयाल अग्रहरि, संजय अग्रहरि युवा नगर अध्यक्ष मोहित साहू उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में चली लाठी, 2 लोग गिरफ्तार

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत लंभुआ के तुलसी नगर वार्ड (पटखौली) में जमीनी विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान लाठी व डंडे से जमकर हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य लंभुआ ले आए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिए। वहीं गंभीर रूप से घायल परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है। गंभीर रूप से घायल के परिजन अर्जुन पुत्र राम तीरथ का आरोप है कि वह अपने घर पर बैठा था कि आबादी की जमीन में दीवाल खड़ा कर लेने की बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे विपक्षी रामशेष, रिंदु व सिंधु ने लाठी व डंडे से जगदीश व पूजा को जान से मारने की नीयत से मारने लगे जिससे दोनों को गंभीर चोटे आई। जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक अखंड देव मिश्रा ने बताया कि उक्त मुकदमे में वांछित सिन्धु व रिन्धु को जेल भेजा है।

**चर्चित अशफाक अहमद हत्याकांड में सुनवाई 14 को**

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जगदीशपुर कस्बे में छह साल पूर्व दिन दहाड़े हुई अशफाक अहमद की हत्या के मामले में गुरुवार को वकीलों के शोक प्रस्ताव के कारण सुनवाई नही हो सकी। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया बचाव पक्ष की तरफ से बहस के लिए जिला जज की कोर्ट ने सोमवार की तारीख नियत की है। अमेठी के जगदीशपुर कस्बे विजया बैंक के सामने 30 जनवरी 2018 को बम व गोली मारकर अशफाक की हत्या कर दी गई थी। घटना में कई लोग घायल हुए थे। हत्याकांड में जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश विक्रम व सतई सहित कई आरोपी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में दिन प्रतिदिन मामले की सुनवाई चल रही है।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में हुई गवाही

**सुलतानपुर:** थाना क्षेत्र थाना क्षेत्र धम्मौर के भांई पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के नौ साल पुराने मामले में सफाई साक्षी गवाह भांई निवासी अजय वर्मा की गवाही विशेष कोर्ट में गुरुवार को दर्ज की गई। अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 को मुकदमा दर्ज कराया था।

## सार-संक्षेप

### हाई मास्ट लाइट का चेयरमैन ने किया लोकार्पण


हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण करते चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने नगर को दिव्य, भव्य, सुंदर बनाये जाने के क्रम में नगर के व्यस्ततम इलाके पयागीपुर चौराहा, जिला अस्पताल कुड़वार नाका तिराहा पर हाईमास्ट लाइट लगाई गई है। जिसका लोकार्पण नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने सभासदों की उपस्थिति में किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि इन दोनों स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाये जाने से वहां पर जनता की सुरक्षा एवं आवागमन करने में सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर सभासद गिरीश मिश्र, अखिलेश मिश्र, दिनेश चौरसिया, रमेश सिंह टिन्नू एवं पालिका के कर्मचारी पुनीत कुमार गुप्ता, अजय तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### मानव को कर्तव्य का बोध कराती श्रीराम कथा: उमानाथ

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** श्रीराम कथा मनुष्य को कर्तव्य का बोध कराती है। यह बात क्षेत्र के उधरनपुर गांव में चल रही श्री राम कथा के सातवें दिन कथावाचक पंडित उमानाथ महाराज ने कही। उन्होंने कहा की मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। व्यास पीठ की आरती उतारकर रामचरण तिवारी ने कथा का शुभारंभ किया। मुख्य यजमान देवी साहब मिश्रा व आनंद कुमार मिश्रा समस्त राम कथा प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। मौके पर राजू सिंह प्रधान प्रतिनिधि संजय मिश्रा, रामचरण तिवारी आशुतोष मिश्रा घनश्याम सिंह राहुल उपाध्याय, रोहित उपाध्याय, गौरी शंकर तिवारी, इंद्रमणि मिश्रा, लालचंद उपाध्याय, डीके तिवारी, हिमांशु, दीपांशु, अंशु, ऋतिक, रियांश शेषनारायण प्रजापति, अरुण प्रजापति, सूरज प्रजापति, मोनू विश्वकर्मा आदि रहे।

### गरबा उत्सव में नौनिहालों ने बिखेरा जलवा


मॉडल प्राथमिक विद्यालय र में गरबा उत्सव में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को शिक्षा क्षेत्र कूरेभार में संचालित मॉडल प्राथमिक विद्यालय कूरेभार प्रथम पर गरबा उत्सव, फूड स्टाल, डांडिया नृत्य, बच्चों के गेम समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्तिका, संध्या, ज्योति दूबे, कार्तिक, अर्पिता, अभय, मोहिनी, जानवी, राजेश्वरी, साक्षी, रिया गरवा व डांडिया नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय प्रधानाध्यापक अंजना तिवारी ने बताया कि बच्चों में प्रतिमा निखारने के लिए इस तरह के कार्यक्रम हर महीने आयोजित किये जाते है। जिसका मकसद नौनिहालों में स्केल बढ़ाना है। इस मौके पर स्कूल शिक्षिका नीलम यादव, भावना कसौधन, ललिता यादव, पूजा, पापिया शिक्षक नीरज त्रिपाठी आदि रहे।

### छात्राओं को पढ़ाया गया सुरक्षा का पाठ

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में स्थित ज्ञानोदय इंटर कॉलेज संसारीपुर में गुरुवार को मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया। एसओ धर्मवीर सिंह ने कहा कि बालिकाओं को सशक्तिकरण की भावना को जागृत करना ही इस मिशन का मुख्य उद्देश्य है। मिशन शक्ति के तहत महिला कांस्टेबल शालू शुक्ला, पूनम सिंह ने मिशन शक्ति के आयामों जैसे नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन पर चर्चा की। महिलाओं को जानकारी देते हुए संचालित हेल्पलाइन नंबर 1090, 1 098, 076, डायल 112 के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य हरिभान सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# मालगाड़ी के इंजन में लगी आग

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** सुलतानपुर-वाराणसी रेलवे रूट टर बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे वाराणसी की तरफ से कोयला लादकर आ रही मालगाड़ी के इंजन में अचानक लपटें निकलने लगीं। मालगाड़ी के ईंजन से धुआं निकलते देख कर ट्रेन चालक ने भदैंया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोक दिया। चालक ने स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार को इसकी सूचना दी। जिसके बाद स्टेशन अधीक्षक ने घटना की जानकारी तत्काल रूप से रेलवे कंट्रोल रूम को भी दी।

स्टेशन अधीक्षक भदैंया की सूचना पर फायरब्रिगेड व पुलिस भी सूचना मिलते ही भदैंया रेलवे स्टेशन पहुंच गए। जिसके बाद स्टेशन पर मौजूद फायर सिलिंडर की मदद से इंजन में लगी आग को बुझाया गया। वहीं स्टेशन अधीक्षक आग लगने की घटना को नकारते रहे। जबकि घटना के चलते स्टेशन पर ट्रेन को दो घंटे खड़ा करना पड़ा। वहीं घटना के बारे में भदैंया स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि ट्रेन का इंजन गर्म हो गया था। जो ट्रेन खड़े होने के बाद स्वतः ही ठंडा हो गया। जिसके बाद दूसरे इंजन को लगाकर ट्रेन को करीब 12 बजे सुलतानपुर की तरफ से लखनऊ रवाना किया गया है। जो कोयला लादकर रोजा जा रही है।


भदैंया रेलवे स्टेशन पर पहुंची पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम। अमृत विचार

**▸▸ दो घंटे रुकी रही ट्रेन, भदैंया रेलवे स्टेशन का मामला**

**▸▸ स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची**

# सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में लगा 50 हजार जुर्माना

**लंभुआ, सुलतानपुर:** तहसील क्षेत्र के जमखुरी ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा और चकबंदी प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी के मामले में लखनऊ हाईकोर्ट ने याची केशव प्रसाद पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। याची ने चकबंदी के दौरान सरकारी जमीन पर कब्जा कर अपने नाम कर लिया था, जिसे छुपाने की कोशिश की गई। उत्तर प्रदेश सरकार के हलफनामे में यह तथ्य सामने आने पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाते हुए मामले को नजीर करार दिया। न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह ने फैसले में कहा कि यदि स्टैंडिंग काउंसिल डॉ. कृष्णा सिंह द्वारा तथ्य उजागर न किए जाते, तो याची कोर्ट को गुमराह कर सकता था।

# 14416 पर कॉल कर पाएं मानसिक समस्या का समाधान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसके गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जो व्यक्ति अपने दिनचर्या का कार्य एवं अपने कार्यस्थल या स्कूल संस्था के कार्य का निर्वहन सही ढंग से कर पा रहा है वह व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ होता है। अगर इससे हटकर व्यक्ति में कोई लक्षण पाये जाते हैं तो फिर ऐसे व्यक्ति मानसिक रूप से ग्रसित हो सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों को मानसिक विशेषज्ञ से सलाह लेने की आवश्यकता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसके गोयल ने भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे टेली मानस काउंसलिंग की व्यवस्था के बारे में बताया कि टोल फ्री नंबर 14416 पर कॉल करके मानसिक समस्याओं के बारे में समाधान प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. एस. अम्मार ने मानसिक रोग के लक्षण तथा उनके इलाज के बारे में बताया। लैब टेक्नीशियन विकास पांडेय ने बताया की इस वर्ष मानसिक विभाग में कुल 11,274 मरीजों का इलाज किया गया है। यहां काउंसलर मीनू कुमारी, प्रबंधक संतोष यादव, लैब टेक्नीशियन विवेक यादव, अर्पित पटेल, प्रदीप गुप्ता, प्रेम मिश्रा, सुमन मिश्रा, विक्रम सिंह, विकास पांडेय, पूजा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

**अनोखी आस्था** | दीपावली के पहले पड़ने वाले रविवार को होता है लंकेश का अंत, 99 साल से चली आ रही नायाब परंपरा

# विकवाजितपुर में दशहरे के दिन भी नहीं मरता है लंकापति रावण

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरे के दिन लंकापति रावण का पुतला दहन कर मनाया जाता है। इसी दिन भगवान श्रीराम ने पापी रावण का अंत कर माता सीता को लंका से अवध के लिए कूच किए थे। देशभर में रावण का अंत दशहरे के दिन भले ही होता हो, लेकिन भदैंया विकास खंड के विकवाजितपुर में रावण का अंत दशहरे के दिन को भी नहीं होता है। यहां पर 99 साल से चली आ रही मेले की परंपरा के चलते दीपावली के पहले पड़ने वाले रविवार को दशानन का वध भगवान राम द्वारा करने का मंचन किया जाता है।

भदैंया के विकवाजितपुर गांव में आज से करीब 99 साल पहले 1925 से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा गांव के ही लोग रामायण के पात्रों का सजीव मंचन करते है। दीपावली त्योहार से पहले पड़ने वाले रविवार को यहां दो दिवसीय रामलीला व विशाल मेले का आयोजन होता है। गांव की रामलीला व मेला जिले में अपनी भव्यता के लिए मशहूर है। दो हेक्टेयर में रामलीला मैदान है। जहां 1925 में स्व कुंवर बहादुर श्रीवास्तव ने आदर्श रामलीला कमेटी का गठन कर इसकी शुरुआत की थी, वह स्वयं हनुमान की भूमिका में रहते थे। गांव के ही लोग राम, लक्ष्मण, सीता, जटायु, सूर्पनखा सहित सभी भूमिका का मंचन करते हैं।

**संजीवन बूटी पहाड़ रहता है विशेष आकर्षण:** विकवाजितपुर मेले में ऊंचे आम के पेड़ पर तार बांधकर संजीवन बूटी रखी जाती है। जहां पेड़ पर चढ़कर हनुमान जी संजीवन बूटी वायु मार्ग से लाते हैं। 40 फिट ऊंचे पेड़ पर संजीवन बूटी के पहाड़ मे रंग बिरंगी झालर लगी रहेगी जो विशेष रूप से बूटी की तरह चमकदार बनाया जाता है जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहता है। शाम को रावण का विशाल पुतला बनाकर जलाया जाएगा। वहीं हरिकुमार श्रीवास्तव ने कहा-इस दिन का हम लोग बेसब्री से इंतजार करते रहते है।


तैयार किया गया रावण का पुतला।

### दुर्गा प्रतिमा की पट्टी खुली, उमड़े दर्शक

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में जगह जगह लगे पंडालों की प्रतिमा की पट्टी खुली। जूनियर हाई स्कूल चौराहा स्थित मां वैष्णो दुर्गा पूजा समिति में मां के नेत्र पूजन के साथ मूर्ति की पट्टी काटी गई। मुख्य अतिथि समाजसेवी विकास शुक्ला ने मां के पूजन अर्चन के साथ शुभारंभ किया। धनपतगंज ब्लॉक के अतौला, बिसावा, टड़रसा, पूरे चेत सिंह का पुरवा में समाजसेवी प्रधान प्रतिनिधि सोनबरसा कुलभद्र सिंह कुलदीप ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मां के आरती पूजन के साथ देर रात तक श्रद्धालु मां के प्रथम दर्शन को आते जाते रहे। वहीं देहली बाजार में चल रही नवयुवक रामलीला में आज बतौर मुख्य अतिथि रहे।


नेत्र पूजन के बाद प्रतिमा पर चूनर चढ़ाते समाजसेवी कुलदीप सिंह।

**दुखदुरिया में शामिल हुई 101 महिलाएं, सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** पंच मुखेश्वर महादेव मंदिर भवानीपुर में गुरुवार को सुबह करीब नौ बजे से जगत कल्याण व सुख समृद्धि कामना लिए क्षेत्र की लगभग सौ से अधिक महिलाओं ने कतारबद्ध होकर अवसान माता की पूजा अर्चना कर दुखदुरिया कार्यक्रम सम्पन्न किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही सरोज सोनी ने किया।

## एक नजर

### डीएम ने किया मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) द्वारा कराये जा रहे बर्डपुर पिपरहवा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क चौड़ीकरण हेतु स्वीकृत कार्य के स्टीमेट एवं एमबी का मिलान किया। कार्य मानक के अनुरूप पाया गया। जिलाधिकारी ने शेष कार्य को समय से व गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया।

### विक्रय पंजिका में लिखें खरीदार का मोबाइल नंबर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सीडीओ जयेन्द्र कुमार ने विकास खण्ड बर्डपुर, मोहना मार्ग पर स्थित दमोदर प्रसाद सन्तोष कुमार थोक उर्वरक एवं बीज विक्रेता के गोदाम का निरीक्षण किया। स्टॉक रजिस्टर के अनुसार यूरिया, डीएपी का सत्यापन किया। स्टॉक रजिस्टर एवं विक्रय ई-पॉस मशीन के अनुसार 32 बोरा डीएपी एवं 755 बोरा यूरिया प्रदर्शित था, जिसका सत्यापन किया। गोदाम में एक तरफ यूरिया रखा गया था, इसके सम्बन्ध में बताया गया कि थोक एवं फुटकर अलग-अलग स्टॉक रखा गया है। सीडीओ ने विक्रय पंजिका पर खरीदार का मोबाइल नम्बर अंकित करने का निर्देश दिया।

# ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में : योगी

## एमपीआईटी के प्रथम बैच के विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद, कहा-संघर्षों से राह बनाएं युवा, सफलता चूमेगी कदम

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण हमारे युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत का है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएं, सफलता उनके कदम चूमेगी।

सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। आवश्यकता है खुद को वैश्विक स्तर के अनुरूप खुद को तैयार करने की। हमें अभिभावकों की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरना है। इसके लिए छात्र और शिक्षक कदम से कदम मिलाकर चलें। नेशनल-इंटरनेशनल जर्नल्स का नियमित अध्ययन करें और खुद को ई-लाइब्रेरी की तरफ अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1956 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने पहला पॉलिटेक्निक शुरू किया था। आज महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक प्रदेश के टॉप पोलिटेक्निक्स में से एक है। इसी प्रेरणा से हमें मिलकर महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) को आने वाले पांच साल में यूपी का टॉप इंस्टीट्यूट बनाना है। इसके लिए आवश्यक है कि संस्था को इंडस्ट्री से जोड़ा जाए और युवाओं को सतत् स्किल्ड बनाया जाए।

एमपीआईटी के प्रथम बैच के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में कई विद्यार्थियों में ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी, रोजगार आदि विषय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रश्न भी किए। सीएम योगी ने सभी के प्रश्नों पर अपना मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल भी उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में स्वागत संबोधन एमपीआईटी के निदेशक डॉ. सुधीर अग्रवाल ने तथा आभार ज्ञापन एमपी पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल प्रकाश सिंह ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार



मुख्यमंत्री का स्वागत करते एमपी पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल प्रकाश सिंह।

### रोजगार का बड़ा हब बन रहा यूपी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश रोजगार का बड़ा हब बन रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश आज के तकनीकी दौर की महत्वपूर्ण जरूरत सेमी कंडक्टर का हब बनने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। इसमें सीधे निवेश के साथ कई गुना चक्रीय निवेश भी हो रहा है। इसके अनुरूप प्रशिक्षित श्रम उपलब्ध कराने के लिए आगे आने की जिम्मेदारी तकनीकी संस्थाओं की है।

### ग्लोबल डिमांड के अनुरूप तैयार हों पाठ्यक्रम

सीएम योगी ने फैकल्टी का आह्वान किया कि वे ग्लोबल मार्केट की डिमांड के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करें। हमारा जोर मॉडर्न एज कोर्सेज पर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि टाटा कंसल्टेंसी इस पर खासा काम कर रही है। यदि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में यदि हम मॉडर्न एज कोर्सेज पर फोकस करेंगे तो यह शत-प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी होगी।

### एमपीआईटी में बन रहा पूर्वी यूपी का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनियाभर में विख्यात सिलिकॉन वैली में भारत का दबदबा है और इसमें उत्तर प्रदेश के युवाओं की बड़ी हिस्सेदारी है। सिलिकॉन वैली, हैदराबाद और बेंगलुरु के बाद उत्तर प्रदेश को भी इस दिशा में तीव्रतम गति से आगे बढ़ना है। इसी लक्ष्य को लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय मानक के अनुरूप यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पूर्वी उत्तर प्रदेश के 15 अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि एमपीआईटी परिसर के अलग-अलग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी समेत कई एकीकृत पाठ्यक्रम भी संचालित होंगे। ग्लोबल स्टैंडर्ड के पाठ्यक्रम से जुड़कर विद्यार्थी यहां प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स, माइनर डिग्री कोर्स और एडवांस कोर्स के जरिये खुद को संबंधित उद्योग-सेवा के क्षेत्र के अनुरूप तैयार कर सकेंगे।

### मां सिद्धिदात्री की पूजा कर आज कन्या पूजन करेंगे योगी


गोरखनाथ मंदिर में हवन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवास के शक्तिपीठ में शुक्रवार पूर्वाह्न शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि को देवी दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करेंगे। उसके बाद कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर कुंवारी कन्याओं के पांव पखारकर श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करेंगे। उन्हें भोजन कराएंगे और दक्षिणा, उपहार देंगे। इस दौरान परंपरा के अनुसार बटुक पूजन भी किया जाएगा।

# बदले मार्ग से चलेंगी कई ट्रेनें, कुछ गाड़ियां 15 से निरस्त

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोरखपुर-गोंडा रेल खंड पर स्थित डोमिनगढ़-जगतबेला के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग कार्य एवं कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर तीसरे लाइन के परिप्रेक्ष्य में डोमिनगढ़ स्टेशन पर 14 से 25 अक्टूबर तक प्री-नान इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन किया गया है।

**निरस्तीकरण:** 15 से 23 अक्टूबर तक तथा 25 से 27 अक्टूबर तक 12531/12532 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर। 15 से 26 अक्टूबर तक 12530/12529 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र-लखनऊ जं.। 16 से 25 अक्टूबर तक 22531/22532 छपरा-मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस- 16 से 26 अक्टूबर तक 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस। 17 से 27 अक्टूबर तक 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस। 16, 20, 23 एवं 27 अक्टूबर को 04137 ग्वालियर-बरौनी विशेष गाड़ी। 17, 21, 24 एवं 28 अक्टूबर को 04138 बरौनी-ग्वालियर विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 04032 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा विशेष गाड़ी। 15 से 28 अक्टूबर तक 04031 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी। 16, 19, 21, 23 एवं 26 अक्टूबर को 14010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस। 18, 20, 22, 25 एवं 27 अक्टूबर को 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस। 17, 20, 22, 24 एवं 27 अक्टूबर को 04493 गोरखपुर-दिल्ली विशेष गाड़ी। 16, 19, 21, 23 एवं 26 अक्टूबर को 04494 दिल्ली-गोरखपुर विशेष गाड़ी। 13 से 26 अक्टूबर तक 15114 छपरा कचहरी-गोमती नगर एक्सप्रेस। 14 से 27 अक्टूबर तक 15113 गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस। 14 से 27 अक्टूबर तक 05131/05132 गोरखपुर-बहराइच-गोरखपुर विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 05425/05426 भटनी-अयोध्या धाम-भटनी विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 05459/05460 सीतापुर-शाहजहांपुर-सीतापुर विशेष ट्रेन। 14 से 27 अक्टूबर तक 05093/05094 गोरखपुर-गोण्डा-गोरखपुर विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 05091/05092 गोण्डा-सीतापुर-गोण्डा विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 05031/05032 गोरखपुर-गोण्डा-गोरखपुर विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 05471/05472 नकहा जंगल-नौतनवा-नकहा जंगल विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 05469/05470 नकहा जंगल-नौतनवा-नकहा जंगल विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 05033/05034 गोरखपुर-गोण्डा-गोरखपुर विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 05453/05454 गोण्डा-सीतापुर-गोण्डा विशेष गाड़ी। 19 एवं 26 अक्टूबर को 04313 मुजफ्फरपुर-हरिद्वार विशेष गाड़ी निरस्त। 18 एवं 25 अक्टूबर को 04314 हरिद्वार-मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी। 18 एवं 25 अक्टूबर को 04195 आगरा कैण्ट-फारबिसगंज विशेष गाड़ी। 19 एवं 26 अक्टूबर को 04196 फारबिसगंज-आगरा कैण्ट विशेष गाड़ी। 14 एवं 21 अक्टूबर को 05055 लालकुआं-वाराणसी सिटी विशेष गाड़ी। 15 एवं 22 अक्टूबर को 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआं विशेष गाड़ी। 17 एवं 24 अक्टूबर को 05301 मऊ-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी। 18 एवं 25 अक्टूबर को 05302 आनन्द विहार टर्मिनस-मऊ विशेष गाड़ी। 14 से 27 अक्टूबर तक 15081/05082 गोरखपुर-गोमतीनगर-गोरखपुर एक्सप्रेस।

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ये ट्रेनें

14 से 16 एवं 23 से 27 अक्टूबर तक 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-ऐशबाग-कानपुर सेण्ट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग से चलाई जायेगी। 13 से 15 तथा 22 से 26 अक्टूबर तक 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी बदले मार्ग से चलेगी। 14 से 16 एवं 23 से 27 अक्टूबर तक 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी। 14 से 16 तथा 23 से 27 अक्टूबर तक 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी। 17 से 22 अक्टूबर तक 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी। 16 से 21 अक्टूबर तक 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी। 17 से 22 अक्टूबर तक 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी। 17 से 22 अक्टूबर तक 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी। 13 से 15 एवं 22 से 26 अक्टूबर तक चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस। 13 से 15 एवं 22 से 26 अक्टूबर तक 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस। 16 से 21 अक्टूबरतक 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-गोरखपुर-गोण्डा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-औड़िहार-वाराणसी जं.-अयोध्या कैण्ट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव एकमा, सीवान, मैरवा, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर एवं गोण्डा पर नहीं रहेगा।अमृतसर से 16 से 21 अक्टूबर,2024 तक चलने वाली 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोण्डा-गोरखपुर-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैण्ट-वाराणसी जं.-औड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव गोण्डा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, मैरवा, सीवान एवं एकमा स्टेशनों पर नहीं रहेगा। दरभंगा से 14 से 27 अक्टूबर,2024 तक चलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 14 से 26 अक्टूबर,2024 तक चलने वाली 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोण्डा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। सहरसा से 14 से 27 अक्टूबर,2024 तक चलने वाली 12553 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव खलीलाबाद एवं बस्ती स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

## 16 को निरस्त रहेगी कासगंज-आगरा फोर्ट विशेष ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु इज्जतनगर मंडल के कासगंज यार्ड के समपार संख्या-250 सी पर उन्नयन कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट ओरिजिनेशन/शार्ट टर्मिनेशन तथा पुनर्निधारण निम्नवत किया जायेगा।

**निरस्तीकरण :** कासगंज एवं आगरा फोर्ट से 16 अक्टूबर को 05413/05414 कासगंज-आगरा फोर्ट-कासगंज अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। **शार्ट ओरिजिनेशन :** 16 अक्टूबर को 05369 कासगंज-लालकुआं अनारक्षित विशेष गाड़ी कासगंज सिटी से चलाई जायेगी। 16 अक्टूबर को 15040 कासगंज-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस बधारी कलां से चलाई जायेगी। **शार्ट टर्मिनेशन :** 16 अक्टूबर, को चलने वाली 05350 फर्रूखाबाद-कासगंज अनारक्षित विशेष गाड़ी बधारी कलां में यात्रा समाप्त करेगी। **पुनर्निधारण :** 16 अक्टूबर, को चलने वाली फर्रूखाबाद-कासगंज विशेष गाड़ी 60 मिनट पुनर्निधारित कर चलेगी।

## भाजपा ने किया फलाहार कार्यक्रम का विरोध

संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के गालापुर महाकाली स्थान पर सपाइयों द्वारा आयोजित फलाहार कार्यक्रम का भाजपाइयों द्वारा विरोध किया गया। सपा विधायक सैय्यदा खातून अपने समर्थकों सहित मंदिर परिसर से बाहर गई, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

गुरुवार को शारदीय नवरात्रि के अष्टमी पर गालापुर वटवासिनी महाकाली स्थान पर सपाइयों द्वारा फलाहार कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें सपा विधायक अपने समर्थकों के साथ श्रद्धालुओं को फल वितरित कर रही थी। कार्यक्रम की सूचना पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मंदिर परिसर में पहुंचे और विरोध किया।लवकुश ओझा ने इटवा थाना में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को सुबह 10 बजे वटवासिनी माता के मन्दिर परिसर में डुमरियागंज की विधायक सैय्यदा खातून द्वारा बगैर अनुमति फलाहार कार्यक्रम किया जा रहा था। विधायक सैय्यदा खातून ने बताया कि फलाहार कार्यक्रम भाजपाइयों द्वारा विरोध किया गया।

## छात्रों को मिलेगा कैरियर आरिएंटेशन का लाभ

**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को कैरियर ओरिएंटेशन का लाभ मिलेगा। 31वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के समापन अवसर पर तमाम विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षकों को जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 14 नवम्बर को केन्द्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में करियर ओरियंटेशन जिसमें आईएएस, पीसीएस, पीसीजे,नीट, जेईई की इच्छा रखने वाले छात्र-छात्राओं को देश के विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों जैसे डॉक्टर विकास दिव्यकृति आदि के द्वारा जागरूकता एवं तकनीकी ज्ञान के बारें में व्याख्यान दिया जायेगा।

## ट्रेन में मिली बालिका को चाइल्ड लाइन को सौंपा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** बुधवार को 2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ जं. से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, गोंडा को गाड़ी संख्या-15069 में 15 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन, गोंडा को सुपुर्द किया गया। इसी दिन रेलवे सुरक्षा बल को गाड़ी संख्या-15707 में 10 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन, लखनऊ जं. को सुपुर्द किया गया। 9 अक्टूबर को रेलवे सुरक्षा बल, कन्नौज को निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या-01 पर 14 वर्ष का एक लड़का मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइनको सुपुर्द किया गया।यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### ट्रेन के समय में बदलाव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** 16 अक्टूबर, से प्रस्थान करने वाली 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस एवं वाराणसी सिटी से 17 अक्टूबर, से प्रस्थान करने वाली 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के अहमदाबाद स्टेशन पहुंचने के समय में संशोधन किया गया है। फलस्वरूप ये ट्रेनें अहमदाबाद स्टेशन पर निर्धारित समय 01.10 बजे के स्थान पर संशोधित समय 00.55 बजे पहुंचेगी।

## सांसद के पैर छूने का डीआईओएस का वीडियो वायरल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शोहरतगढ़ में आयोजित मंडलीय खेल कूद रैली में जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान द्वारा क्षेत्रीय सांसद के पैर छूने का वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता। मंगलवार को शोहरतगढ़ (छतहरी) ग्रामीण स्टेडियम में माध्यमिक शिक्षा परिषद का खेल कूद समारोह का उद्घाटन था। मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल कार्यक्रम में पहुंचे तो जिविन सोमारू प्रधान ने उनके पैर छूए। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने कहा कि उम्र से बड़ों का पैर छूने की परंपरा है। उन्होंने उसका पालन किया है। इसमें गलत क्या है?

## सार-संक्षेप

### गेट निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम ने जतायी नाराजगी


सड़क को खोदवाकर जांच करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड द्वारा कराये जा रहे बर्डपुर पिपरहवा मार्ग अलीगढ़वा बार्डर पर गेट निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गेट निर्माण कार्य की प्रगति धीमी होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्य में प्रगति लाने के साथ ही कार्य समय से व गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोनिवि कमल किशोर, एई मनीष सिंह, अवर अभियन्ता लाल चन्द्र पटेल आदि उपस्थित थे। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा कराये गये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के टी-4 से वर्रोरिहया ग्रान्ट मार्ग के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

### डीएम-एसपी ने फोर्स के साथ की पैदल गश्त


शोहरतगढ़ में फोर्स के साथ पैदल गश्त करते डीएम और एसी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नवरात्र, दुर्गापूजा व दशहरा के दृष्टिगत थाना शोहरतगढ़ पुलिस के साथ कस्बा शोहरतगढ़ में पैदल गश्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कस्बा शोहरतगढ़ में पैदल गश्त की। डीएम और एसपी ने आमजन से सौहार्दपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

**शोहरतगढ़ , सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शिवपति इंटर कॉलेज द्वारा वीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी में आयोजित 31 वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। आयोजक ने विधायक को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। विभिन्न स्कूल कॉलेजों से आये शिक्षकों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया एवं खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस आयोजन के आयोजकों को भी इस प्रतियोगिता के समापन पर शुभकामनाएं दी गयीं। इस अवसर पर शिवपति इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह , प्रधानाचार्य बिक्रम प्रसाद यादव , जिला विद्यालय निरीक्षक सोमरु प्रधान , संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. ओम प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### एक सप्ताह से बर्डपुर के डाकघर की प्रिंटिंग मशीन खराब


बर्डपुर का डाकघर। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बर्डपुर के मुख्य डाकघर में सप्ताह भर से प्रिंटिंग मशीन खराब होने से स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री एवं पार्सल बुकिंग नहीं हो रही है। इससे नगर सहित क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र का मुख्य डाकघर होने से प्रतिदिन बर्डपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सरकारी विभागों में निकली हुई वैकेंसी का आवेदन फॉर्म जमा करने, विभिन्न बैंक की शाखाओं, शासकीय कार्यालय एवं अन्य लोगों द्वारा बड़ी संख्या में स्पीड पोस्ट एवं रजिस्ट्री से पत्र को बाहर भेजा जाता है। विगत 1 हफ्ते से प्रिंटर खराब होने की बात कहकर लोगों को लौटा दिया जा रहा है। मशीन कब बनकर आएगी, इसकी जानकारी भी नहीं दी जा रही है। फखरुल इस्लाम ने बताया कि उन्हें एक सामान डाक द्वारा भेजना था लेकिन दो बार डाकघर का चक्कर काट चुका हूं। लोगों ने डाक विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में गोरखपुर टॉप-10 में

**गोरखपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश के निर्देशन में एडीएम प्रशासन /नोडल अधिकारी आईजीआरएस पुरुषोत्तम दास गुप्ता की देखरेख में गोरखपुर सितंबर माह के आइजीआरएस की सूची में टॉप 10 में शामिल हुआ अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयास से नवे स्थान पर प्राप्त किया है। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के निर्देशन में आईजीआरएस नोडल प्रभारी पुरुषोत्तम दास गुप्ता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की निगरानी में कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा की गयीं मेहनत के कारण जिले की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

कार्यक्रम

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों के स्टेशनों पर चला अभियान

# स्वच्छता के प्रति यात्रियों को किया गया जागरूक

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय, गोरखपुर तथा लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के 10वें दिन गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर 'स्वच्छ आहार' थीम के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत फूड स्टॉल, पेंट्रीकार, रनिंग रूम के बेस किचेन एवं डस्टबिन को स्वच्छ रखने हेतु वेंडरो, यात्रियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया।


एक स्टाल की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

इसी क्रम में, मंडल रेल प्रबन्धक/लखनऊ के निर्देशन मे ''स्वच्छ आहार' थीम के अन्तर्गत लखनऊ मंडल के अन्तर्गत आने वाले स्टेशन गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, लखनऊ जं. रेलवे स्टेशनों पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा खानपान, विक्रय की स्टालों का निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थ के मूल्य चेक किये गये तथा ऐक्सपाईरी डेट देखी गई। इसी प्रकार, मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी, मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/समाडि, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ई.एन.एच.एम. एवं अन्य अधिकारियों द्वारा वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी, आजमगढ़, बनारस, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी स्टेशनों पर स्थित फूड स्टॉलों, फूड ठेलों आदि का निरीक्षण किया गया।'स्वच्छ आहार' थीम के अन्तर्गत इज्जतनगर मंडल में कासगंज, फर्रूखाबाद, टनकपुर, पीलीभीत, काठगोदाम आदि स्टेशनों पर स्थित फूड स्टॉलों, फुड ठेलों आदि का निरीक्षण किया गया तथा प्लेटफार्म पर स्थित फूड स्टॉल के वेंडरो का स्वास्थ्य प्रमाणपत्र को जांचा गया तथा यात्रियों/कर्मचारियों को स्वच्छता हेतु अपनाई जाने वाली स्वच्छता मानकों का निरीक्षण किया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# 10 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित किये गए

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत बढ़नी के वार्ड नंबर 2 मिल कॉलोनी स्थित सहकारी गन्ना समिति कार्यालय पर संचालक समिति के सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमे सभी दस उम्मीदवार निर्वाचित घोषित किये गए। अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव 17 अक्टूबर को होगा।

चुनाव अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी मुरली मनोहर मिश्रा ने बताया कि कठेला क्षेत्र से चिनकू, डोकम से प्रमोद कुमार, धोबहा से अनारा देवी, मुड़िला से विमला देवी, रोमनदेई से राघवेंद्र सिंह, शाहपुर से संजय सिंह, सोनखर से घमालू, हडकौली से अश्विन कुमार सिंह, हृदय नगर से शैलेश कुमार पांडेय ने पर्चा दाखिल किया। अन्य किसी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया। पर्चा दाखिला की अवधि पूरा होने के पश्चात निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। संचालन समिति के सदस्यों को माला पहनाकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने सभी का स्वागत और सम्मानित किया इस अवसर पर भानु प्रताप सिंह,नगर पंचायत चेयरमैन सुनीलअग्रहरि,अजय सिंह, राजेश कुमार पाठक, दिनेश सिंह, रमेश पांडेय, जंग बहादुर चौधरी, राम हरख, सिद्धार्थ शंकर आदि थे।

## एक नजर

### अधिकारियों ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

कुशीनगर, अमृत विचार : नवरात्र पर्व को लेकर सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर उपजिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ-साथ नगर क्षेत्र में स्थापित नवदुर्गा पण्डालों का भ्रमण व निरीक्षण किया। संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी हाटा सुशील कुमार शुक्ल सहित पुलिस टीम, व अन्य मौजूद रहें।

### हैमर थ्रो में काजल व नशरीन ने मारी बाजी

बस्ती। कृषक इंटर कॉलेज गौर के क्रीडा स्थल पर चल रहे दो दिवसीय तहसील स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को हैमर थ्रो में नेशनल इंटर कॉलेज हरैया की छात्रा काजल प्रथम व गोला क्षेपण में राजकीय हाई स्कूल पिपरहिया गौर की छात्रा नशरीन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी।

# क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल कराएं मरम्मत

## जिले के प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह गुरुवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर जिला मुख्यालय पहुंचे। प्रभारी मंत्री ने यहां सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों के साथ लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्ययोजना की समीक्षा की।

प्रभारी मंत्री ने अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि जनपद में जहां पर भी सड़क क्षतिग्रस्त हों उनकी तत्काल मरम्मत कराएं। कार्ययोजना बनाते समय विधायकगण एवं जनप्रतिनिधिगणों द्वारा प्रस्तावित कार्यों को कार्ययोजना में अवश्य शामिल किया जाए। इस अवसर पर कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे, देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह, विधायक खडडा विवेकानंद पाण्डेय, विधायक कसया पी एन पाठक, विधायक हाटा मोहन वर्मा, फाजिलनगर सुरेंद्र कुशवाहा, विधायक सदर मनीष जायसवाल, रामकोला विनय गौंड, विधायक तमकुहीराज डा0 असीम राय, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन दिवेदी आदि मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के प्रस्तावित किए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्य योजना की समीक्षा की।


समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री के साथ सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा मा0 मंत्री जी को वित्तीय वर्ष 2024-25 में मार्ग की मरम्मत के अंतर्गत 39 कार्य, व अन्य कुल 134 कार्य जिसकी लंबाई 234.52 जिसकी अनुमानित लागत 3672 7.92 लाख के कार्यों का प्रस्ताव किया गया। साथ ही विशेष मरम्मत, चौड़ी करण, नवनिर्माण, लघु सेतु, फ्लाई ओवर, राज्यीय, अंतरराष्ट्रीय, चीनी मिल सहित कुल 481 कार्यों के संबंध में सभी जनप्रतिनिधि गणों को दो दिन के अंदर प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# डीएम ने प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का किया निरीक्षण


दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल पर निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन ने नवरात्र के बाद प्रतिमा विसर्जन को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। जहां जहां नदियों में प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जाना है, उनका निरीक्षण गुरुवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान पडरौना शहर सहित गांव देहात से आने वाले प्रतिमाओं को खिरकियां घाट पर विसर्जन का जायजा लिया। इस दौरान गोताखोरों को तैनात किए जाने और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों द्वारा उपस्थित दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों, नागरिकों से वार्तालाप कर घाट पर बैरिकइटिंग व्यवस्था, पार्किंग, प्रकाश आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# 60 लाख का अवैध पटाखा जब्त

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगामी दशहरा और दीपावली त्योहार के मद्देनजर पटाखों के अवैध भण्डारण और बिक्री की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को जिले की एसओजी और कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मेंहदावल बाईपास से नेंदुला की तरफ जाने वाले रोड पर स्थित स्टेट ट्रांसपोर्ट के गोदाम से भारी मात्रा में पटाखा बरामद किया गया। मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। बरामद पटाखों की कीमत लगभग 60 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस टीम की इस बड़ी सफलता पर एसपी ने 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया है।

गुरुवार को पत्रकार वार्ता कर एसपी अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त कृष्ण कुमार निवासी छोटी सरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर का निवासी है। उसके गोदाम में अवैध रूप से भण्डारित किये गए विभिन्न ब्रांड के कुल 216 गत्ता विभिन्न ब्रांड के पटाखे बरामद किये गए हैं। पटाखों की अनुमानित कीमत लगभग 60 लाख रुपए हैं। अभियुक्त के कब्जे से 11 अदद बिल बाउचर भी बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह स्टेट ट्रांसपोर्ट कम्पनी का मालिक है। उनके द्वारा दशहरा और दीपावली पर्व के मद्देनजर ट्रांसपोर्ट के माध्यम से जनपद लखनऊ से यह पटाखे मंगाये गये थे। उक्त पटाखों उसने अपने दो गोदामों क्रमशः छोटी सरौली स्थित मकान के दो कमरों और शेष पटाखों को हाईवे के किनारे ट्रांसपोर्ट आफिस के नीचे बेसमेंट में बने गोदाम में रखवा दिया था। अभियुक्त ने कारोबारियों को पटाखा भण्डारण के लिए अपना गोदाम किराए पर उपलब्ध कराया है। गिरफ्तार अभियुक्त कृष्ण कुमार ने उपरोक्त सभी के पटाखों से सम्बन्धित बिल बाउचर उपलब्ध कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनो गोदाम बेसमेंट में और आबादी क्षेत्र में है। इनके पास भंडारण का लाइसेंस नहीं है। उक्त प्रकरण में थाना खलीलाबाद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।


जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

# आगे जा रही ट्रक से टकराई कार, बेटे की मौत, मां घायल

संवाददाता, कप्तानगंज (बस्ती)

**अमृत विचार:** फोरलेन के लोलपुर फ्लाई ओवर के निकट बुधवार देर रात आगे ज रही ट्रक से कार टकराई गई। दुर्घटना में कार सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही बेटे का शव लेकर घर चले आये।

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गंगापुर(गौरा) गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार पांडेय बस्ती रजिस्ट्री कार्यालय में दस्तावेज लेखक हैं। उनकी पत्नी सरमा पांडेय की तबियत खराब थी। बुधवार की सुबह कार से सरमा पांडेय अपने बेटे अभिषेक पांडेय उर्फ शिवम के साथ लखनऊ गई थी। देर रात मां-बेटे घर वापस आ रहे थे। गोंडा जिले के नबावगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर फ्लाई ओवर के निकट कार के आगे चल रही ट्रक का टायर फट गया। ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे टकरा गई। टक्कर इतना तेज था कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में अभिषेक पांडेय उर्फ शिवम (22) और मां सरमा पांडेय (46) गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने ने दोनों को एम्बुलेंस से अयोध्या के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। एकलौते बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया है। अभिषेक चार बहनों में इकलौता भाई था। बीते फरवरी माह में उसकी शादी अनन्या के साथ हुई थी।

# दुर्गा पूजा समारोह की हुई शुरुआत

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा थानान्तर्गत कटार मिश्र गांव में बुधवार की रात मां दुर्गा प्रतिमा के आंख की पट्टी जैसे ही खोली गई पूरा पंडाल मां के जयकारों से गूंज उठा।

सप्तमी तिथि से पूर्णमासी तक चलने वाले दुर्गा पूजा समारोह का शुभारंभ बीती रात्रि आचार्य पंडित पुजारी अर्जुन प्रसाद उपाध्याय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से किया गया। जिसके बाद पूजन कार्यक्रम चला। फिर समाजसेवी दयाशंकर पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय और युवा समाजसेवी बबलू यादव ने मां के आंख की पट्टी जैसे ही खोली, मां का जयघोष शुरू हो गया।

इसके बाद रामपुर उत्तरी ग्राम प्रधान राजेश यादव द्वारा भगवान गणेश, क्षेत्र पंचायत सदस्य कटार मिश्र जयप्रकाश यादव द्वारा भगवान कार्तिकेय, ओंकार तिवारी द्वारा माता सरस्वती और राजू उपाध्याय व मान्य मिश्र द्वारा माता लक्ष्मी के नेत्रों की पट्टी खोली गई। कमेटी के अध्यक्ष अमित प्रताप मिश्र ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। सभी लोगों से पूर्व की भांति कार्यक्रम में सहयोग की अपेक्षा किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राकेश कनौजिया, अभिनव प्रताप मिश्र, अभिषेक गौतम, शंकर सिंह, राम भवन शर्मा, योगेंद्र शर्मा, महेंद्र प्रताप मिश्र, राजन प्रताप मिश्र, संगम मिश्रा, अजीत यादव, विजय श्याम विश्वकर्मा, इंदल यादव, दिनेश शर्मा, बेचन यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।


दुर्गा प्रतिमाओं की पट्टिका अनावरण करते जन प्रतिनिधि। अमृत विचार

# रोजगार सेवकों की समस्याओं को लेकर डीएम ने की बैठक

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सभी खण्ड विकास अधिकारियों, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा के साथ रोजगार सेवकों की समस्याओ के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

. बैठक में जिलाधिकारी ने रोजगार सेवकों की विभिन्न समस्याओं पर संबंधित खंड विकास अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर मनरेगा कार्यो में लापरवाही बरतने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी। उल्लेखनीय है कि रोजगार सेवक संघ के द्वारा मानदेय भुगतान, ईपीएफ भुगतान, एनएमएमएस ऐप पर हाजिरी लगाने हेतु केवल रोजगार सेवकों को ही अधिकृत करने सहित 6 बिन्दुओं पर अपनी मांग रखी गई थी। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा प्रभात द्विवेदी सहित रोजगार सेवक संगठन के विभिन्न विकास खण्डों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# कानून की जानकारी से ही अधिकारों की होगी रक्षा

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** आज के समय मे बच्चों को देश दुनिया की खबरों से अपडेट रहने की आवश्यकता है। कानून के बारे में जानकारी रखने से ही अपने अधिकारों की सुरक्षा सम्भव है। उक्त बातें गुरुवार को जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में संत कबीर आचार्य रामविलास इंटर कालेज मगहर में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर को बतौर मुख्य अतिथि बच्चों को सम्बोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य और कर्णधार हैं। कानून के प्रति बच्चों को जागरूक किया जाना बेहद जरूरी है।

इसके साथ ही उन्होंने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से रोकथाम अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ ही कानून के विभिन्न सिद्धांतों को भी बताया। इस दौरान बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया।लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने प्राधिकरण के द्वारा संचालित होने वाले विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुये पाक्सो एक्ट के तहत किए गए प्रावधानों से संबंधित जानकारी दिया। उन्होंने लोक अदालत के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। अपने मामले को वहां निस्तारित कराए जाने की बात कही। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर राकेश सिंह, दिनेश कुमार, मुकेश यादव, राम कुंवर मौर्या, अजय कुमार गौतम, संतोष कुमार, राम कुमार वर्मा, महेंद्र यादव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, डाक्टर अष्टभुजा चौधरी, महेश्वर सिंह, वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र भारती, सम्पूर्णानन्द त्रिपाठी, वागीश पांडेय, मोहम्मद दीन, निसार अहमद, सिद्धराज, नागेंद्र कुमार, परमानन्द आदि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अलावा विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


छात्र छात्राओं को विधिक जानकारी देते एडीजे। अमृत विचार

# लोहरसन का आंगनबाड़ी केंद्र बदहाली पर बहा रहा आंसू

संवाददाता, सांथा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** सांथा विकास खंड के सबसे बड़ई ग्राम पंचायत लोहरसन में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र वर्तमान समय में कूड़ाघर और जर्जर भवन के रूप में तब्दील हो गया है। आसपास का कूड़ा करकट केंद्र के सामने निस्तारित हो रहा है और जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं। केंद्र भी अक्सर बंद रहता है। लोगों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र मजाक बनकर रह गया है। वर्तमान समय में तो यह कूड़ा निस्तारित करने का घर हो गया है। लोगों ने पूरे मामले में जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया है।


बदहाल आंगनबाड़ी केंद्र लोहरसन।

सांथा विकास खंड के लोहरसन में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण एक दशक पूर्व कराया गया था। पहले यहां पर केंद्र संचालित होता था। लेकिन वर्तमान समय में आंगनबाड़ी केंद्र के चारों तरफ झाड़ियां उग आई है। साफ-सफाई कभी होती नहीं है। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र के सामने ही समूचे ग्राम पंचायत का कूड़ा निस्तारित हो रहा है।

# प्रभारी निरीक्षक ने छात्राओं को दी जानकारी

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को सेवाश्रम आईडियल पब्लिक स्कूल काजीपुर मगहर में प्रबन्धक आतिफ ओबैद के संयोजन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक सरोज शर्मा ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे विस्तृतरूप से जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया।


कार्यशाला में छात्राओं को जागरूक करती पुलिस।

उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है। उनमें जागरूकता बढ़ाकर, सुरक्षित वातावरण स्थापित करके और कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करके, मिशन शक्ति महिलाओं के जीवन को बदलने और एक ऐसा समाज बनाने का प्रयास करता है जहां डर का कोई भाव न रहे। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न टोल फ्री नंबरों की जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया। इस दौरान प्रबन्धक आतिफ ओबैद, प्रधानाचार्य अबरार अहमद, आदिल ओबैद के साथ ही शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ ही विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# वादकारियों को घर बैठे मिलेगी उनके मुकदमे की जानकारी

**मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** ख़लीलाबाद में गुरुवार को हाई कोर्ट इलाहाबाद के अधिवक्ता की आफिस का शुभारम्भ किया गया।संतकबीरनगर जनपद के वादकारियों को अब इलाहाबाद नहीं जाना पड़ेगा और उन्हे सस्ती व सुलभ जानकारी घर पर ही मिल सकेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील मिर्जा अली जुल्फेकार खलीलाबाद ब्लाक के धौरहरा गांव के मूल निवासी हैं। उन्होंने बताया जनपद संतकबीरनगर के वादकारियों को उनके मुकदमे की सस्ती और सुलभ जानकारी उनके घर पर ही मिलेगी। उन्होंने बताया कि मुकदमे की सही जानकारी न होने के कारण वादकारी मामले को लेकर इलाहाबाद घबराहट में ही पहुंच जाते थे। वहां पहुंचने पर पता चलता था यह मामला उनके जनपद कोर्ट में ही सुलझ सकता है। ऐसे में धन और समय दोनो बरबाद होता था। उन्हे किसी भी मामले की जानकारी अब यहीं पर ही मिल जाया करेगी। इससे लोगों को कहीं जाना नहीं पड़ेगा। इस दौरान एडवोकेट रफीक खान, मिर्जा आगा अली कर्रार, पूर्व चेयरमैन नुरुज्जमा अंसारी, सभासद मेंहदी हसन, हाजी मोहम्मद आजम, मेराज अहमद आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — बच्चों ने विभिन्न देवी देवताओं की सुंदर झांकी प्रस्तुत कर मोहा मन

# आरपी विद्यापीठ में मनाया गया दशहरा का पर्व

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** आरपी विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल काली जगदीशपुर में गुरुवार को प्रधानाचार्या मोनिका यादव की देख रेख में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने माता दुर्गा, माता लक्ष्मी जी, सरस्वती जी, काली जी, राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की सुंदर झांकी प्रस्तुत कर मौजूद लोगों को भाव विभोर कर दिया। साथ ही बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी मनमोहक ढंग से प्रस्तुति किया।


विद्यालय में धार्मिक किरदार निभाते बच्चे और मौजूद शिक्षिकाएं। अमृत विचार

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य मोनिका यादव ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत झांकी में सभी देवताओं के पांव पखार कर उनकी आरती उतारी। बच्चों ने विभिन्न देवी देवताओं की सुंदर झांकी प्रस्तुत कर पूरे विद्यालय को भक्ति भाव में लीन करा दिया। इस दौरान सभी लोग आरती करने के साथ ही भजन भी करते रहे। इसके अलावा बच्चों के द्वारा भक्ति से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। इस मौके पर प्रबंधक अवधेश यादव ने कार्यक्रम में भाग लिये सभी बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई कर समाज में एक अच्छा आदर्श रूप प्रस्तुत करें।उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं से बच्चों पर विशेष ध्यान देने और संस्कार परक शिक्षा देने की बात कही। इस मौके पर प्रबन्धक अवधेश यादव, प्रधानाचार्या मोनिका यादव, कोऑर्डिनेटर अमित चौधरी, उदयराज मौर्या, खुशबू सिंह, रंजू मैम, शकुंतला मैम, अर्चना मौर्या, अमित पाल, नीरज, प्रतिभा, बीरेंद्र कुमार, आदर्श पटेल, लक्ष्मण, पूनम मिश्रा, ममता, गुन्जन यादव, सोनी आदि शिक्षक्षक, शिक्षिकाओं के साथ ही भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, लम्भुआ, सुलतानपुर

पत्रांक– जर्जर भवन/नीलामी/468–74/2024–25 दिनांक 10.10.2024

**नीलामी विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्रा0/कंपोजिट विद्यालयों में स्थित जर्जर भवनों की नीलामी दिनांक– 21.10.2024 को प्रात: 11.00 बजे से सायं 02:00 बजे तक ब्लॉक संसाधन केंद्र लम्भुआ पर होनी है, विद्यालयों की न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि विद्यालय के नाम के सम्मुख अंकित है।

| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम | न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि (रू0) | निर्धारित धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 बहमरपुर | 58721.25 | 5873.00 |
| 2 | उच्च प्राथमिक विद्यालय ढेलहा | 146683.12 | 14669.00 |
| 3 | प्रा0वि0 रानीपुर | 79372.36 | 7938.00 |
| 4 | प्राथमिक विद्यालय नरहरपुर | 63161.96 | 6317.00 |
| 5 | प्रा0वि0 मठा | 73330.89 | 7334.00 |
| 6 | कंपोजिट विद्यालय दलित बस्ती | 27245.87 | 2725.00 |
| 7 | प्रा0वि0 भरकट | 80622.32 | 8063.00 |
| 8 | प्रा0वि0लम्भुआ II | 52285.23 | 5229.00 |

इच्छुक व्यक्ति विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण कर लें तथा विद्यालय के सम्मुख उल्लिखित निर्धारित धरोहर धनराशि के 10 प्रतिशत धनराशि की डीडी प्रतिभूति के रूप में संबंधित विद्यालय प्रबंध समिति प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कंपोजिट विद्यालय के नाम, आवेदन पत्र, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छाया प्रति सहित दिनांक 19.10.2024 तक प्रात: 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ब्लॉक संसाधन केंद्र लम्भुआ में जमा करना सुनिश्चित करें। नीलामी की कार्यवाही दिनांक 21.10 2024 को प्रात: 11:00 बजे से 02:00 बजे के मध्य विद्यालयवार अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ब्लॉक संसाधन केंद्र लम्भुआ में की जाएगी। जिन जर्जर विद्यालयों की नीलामी हेतु तीन आवेदन से कम आवेदन होंगे उस जर्जर विद्यालय की नीलामी स्थगित करते हुए तिथि अग्रेतर बढ़ा दी जाएगी, आवेदन पत्र तथा नियम एवं शर्तें ब्लॉक संसाधन केंद्र लम्भुआ से प्राप्त कर सकते है। जर्जर भवन नीलामी/ध्वस्तीकरण वाले विद्यालयों की बोली मूल्यांकित धनराशि से प्रारम्भ होगी नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नीलामी प्राप्तकर्ता को स्वयं के खर्चे पर मलवा एक सप्ताह के अन्दर हटाकर समतल कराना होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी और उसकी नीलामी प्रक्रिया स्वत: निरस्त हो जायेगी। नीलामी प्रक्रिया को स्थगित करने अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नीलामी समिति में निहित होगा।

**अजय सिंह**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**लम्भुआ, सुलतानपुर**

## एक नजर

### इक्विटी म्यूचुअल फंड 10% घटकर 34,419 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में सितंबर के दौरान 34,419 करोड़ रुपये निवेश आया जो अगस्त की तुलना में 10 प्रतिशत की गिरावट है। म्यूचुअल फंड निकाय ने यह जानकारी दी। क्षेत्र आधारित कोष और बड़ी कंपनियों के कोष में निवेश में भारी गिरावट आने से मासिक स्तर पर गिरावट दर्ज की गई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के गुरुवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर, 2024 इक्विटी कोषों में शुद्ध प्रवाह का लगातार 43वां महीना रहा है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने अगस्त महीने में 1.08 लाख करोड़ रुपये की निकासी देखी थी जबकि सितंबर में यह निकासी 71,114 करोड़ रुपये रही।

### 2030 तक कपड़ा उद्योग होगा 350 अरब डालर का

**नई दिल्ली।** कपड़ा मंत्रालय का कहना है कि देश का कपड़ा क्षेत्र, सरकार की नीतिगत पहलों का लाभ उठाते हुए विस्तार को तैयार है और इस दशक के अंत तक इसका वार्षिक कारोबार 350 अरब डालर तक पहुंचने की संभावना है। मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष अगस्त के निर्यात के आंकड़ों में रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) में साल-दर-साल 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जो कपड़ा उद्योग के सभी क्षेत्रों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

### बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 144 अंक चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 144 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच बैंक और बिजली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। कारोबारियों के अनुसार, किसी प्रमुख संकेतक के अभाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा। बाजार में संकेतक के अभाव तथा विदेशी संस्थागत निवेशक की बिकवाली से कारोबार में सुस्ती दिखाई दी।

# 2047 तक सर्वाधिक विकसित देशों में एक होगा भारत : शाह

## पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र को गृहमंत्री ने किया संबोधित

● **बोले- मोदी सरकार पर 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक सत्र में पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि 2047 तक मोदी सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण भारत दुनिया के सर्वाधिक विकसित देशों में से एक के रूप में उभरेगा। नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ 10 साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। नीतिगत निर्णय लेने में जो शिथिलता थी, उसे भी समाप्त किया और भारत को पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से बाहर निकालते हुए एक आकर्षक स्थान में बदला गया। शाह ने उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सालाना सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री ने 2014 से कार्यभार संभाला है, सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार किए हैं। परिणामस्वरूप अन्य बातों के अलावा बुनियादी ढांचा बेहतर हुआ, संपर्क सुविधा अच्छी हुई, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रेलवे नेटवर्क का विस्तार हुआ तथा सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहन के लिए विनिर्माण इकाइयों की स्थापना हुई है। शाह ने विकसित भारत एट 2047: प्रगति के शिखर की ओर विषय पर आयोजित सत्र में कहा कि हम देश में सुधार और आर्थिक विकास लाए हैं।

# कैंडल : तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण

कैंडल पैटर्न तकनीकी विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण है, जो वित्तीय बाजारों में कीमतों की चाल को समझने में मदद करता है। कैंडलस्टिक चार्ट में हर कैंडल एक निश्चित समय अवधि के दौरान उच्चतम, न्यूनतम, प्रारंभिक और समापन कीमत को दर्शाता है। ये पैटर्न निवेशकों को बाजार की प्रवृत्तियों और भावनाओं का आकलन करने में सहायता करते हैं। सही कैंडल पैटर्न को पहचानकर, निवेशक एंट्री और एग्जिट प्वाइंट तय कर सकते हैं, जिससे उनके ट्रेडिंग निर्णय अधिक प्रभावशाली बनते हैं। आइये इस पर जरा गौर करें ...

### कैंडलस्टिक का निर्माण

हर कैंडल चार महत्वपूर्ण डेटा को दर्शाती है

- **ओपन (प्रारंभिक कीमत):** उस समय अवधि की शुरुआत में कीमत।
- **हाई (उच्चतम कीमत):** उस अवधि के दौरान सबसे ऊंची कीमत।
- **लो (न्यूनतम कीमत):** उस अवधि के दौरान सबसे नीची कीमत।
- **क्लोज (समापन कीमत):** उस अवधि के अंत में कीमत।

### कैंडल की संरचना

- **कोर (बॉडी):** ओपन और क्लोज के बीच का क्षेत्र। यदि क्लोज ओपन से ऊपर है, तो बॉडी हरे रंग की होती है (बुलिश) और यदि क्लोज ओपन से नीचे है, तो बॉडी लाल रंग की होती है (बेयरिश)।
- **विक (विक्स):** कैंडल के शीर्ष और नीचे की लकीरें। ये हाई और लो को दर्शाती हैं।

### देखने का तरीका

- **चार्ट का चयन:** कैंडलस्टिक चार्ट का चयन करें और उपयुक्त समय अवधि निर्धारित करें।
- **पैटर्न पहचानना:** विभिन्न कैंडल पैटर्न्स की पहचान करें। विशेष रूप से, एक पैटर्न की पुष्टि के लिए उसे अन्य तकनीकी संकेतकों के साथ मिलाएं।



### कैंडल पैटर्न के जोखिम

- **गलत संकेत:** कैंडल पैटर्न कभी-कभी गलत संकेत दे सकते हैं। एक पैटर्न जो रिवर्सल या ट्रेंड की निरंतरता का संकेत देता है, वास्तव में विपरीत दिशा में भी जा सकता है।
- **अनिश्चितता:** बाजार की अस्थिरता कैंडल की प्रभावशीलता को प्रभावित करती है। समाचार या घटनाएं कीमतों में बदलाव ला सकती हैं, जिससे पैटर्न अप्रभावी हो जाते हैं।
- **तकनीकी दोष:** कैंडल पैटर्न पर निर्भर रहने से निवेशक अन्य कारकों को नजरअंदाज कर सकते हैं, जैसे राजनीतिक घटनाएं, आर्थिक या अन्य संकेतक। इससे जोखिम बढ़ता है।

### उपयोग कैसे करें

- **ट्रेंड पहचानना:** कैंडल पैटर्न से आप यह जान सकते हैं कि बाजार में बुलिश (उच्च) या बेयरिश (निम्न) ट्रेंड है। उदाहरण के लिए, लगातार बुलिश पैटर्न दिखने पर आप खरीदारी पर विचार कर सकते हैं।
- **एंट्री और एग्जिट प्वाइंट:** कैंडल पैटर्न देखकर आप तय कर सकते हैं कि कब खरीदना या बेचना है। जैसे, यदि आप एक बुलिश पैटर्न दिखाई दे, तो आप एंट्री कर सकते हैं। वहीं, बेयरिश पैटर्न देखकर आप अपने पदों को समेट सकते हैं।
- **स्टॉप लॉस सेट करना:** कैंडल पैटर्न के आधार पर आप अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीति को बेहतर बना सकते हैं। यदि कैंडल पैटर्न आपके अनुमान के विपरीत जाती है, तो आप एक स्टॉप लॉस सेट कर सकते हैं।

## टाटा समूह के शेयर में करीब 10% की तेजी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में गुरुवार को 10 प्रतिशत तक की तेजी आई। टाटा केमिकल्स और टाटा टेलीसर्विसेज के शेयरों ने सबसे अधिक बढ़त दर्ज की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि निवेशक टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर और इंडियन होटल्स जैसे शेयरों को खरीदकर रतन टाटा और उनके द्वारा निर्मित महान कॉर्पोरेट साम्राज्य को श्रद्धांजलि दे सकते हैं। लाखों साधारण निवेशकों को रतन टा00टा के दृष्टिकोण से लाभ मिला।

## विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● **चालू वित्त वर्ष में 7% और अगले वित्त वर्ष में 6.7% रहने की जताई उम्मीद**

विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 7% और अगले वित्त वर्ष में इसके 6.7% रहने का अनुमान जताते हुये गुरुवार को कहा कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर और वैश्विक व्यापार एवं निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने से विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

विश्व बैंक ने जारी अपने नवीनतम दक्षिण एशिया विकास अपडेट में यह अनुमान जताया है। इससे पहले की रिपोर्ट की तुलना में चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास अनुमान में 0.7% की और अगले वित्त वर्ष के अनुमान में 0.4% की वृद्धि की गयी है। उसने कहा है कि अपेक्षा से अधिक कृषि उत्पादन और रोजगार वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों से निजी खपत में मजबूत वृद्धि में योगदान मिलेगा। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया में वृद्धि इस वर्ष 6.4% तक बढ़ने की उम्मीद है, जो पहले के अनुमानों से अधिक है और इस क्षेत्र को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्र के रूप में बनाए रखेगा। विश्व बैंक ने कहा है कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर, वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता को अनलॉक करने से और भी तेजी से बढ़ने और विकास करने में मदद मिल सकती है।

## प्रदेश को मिलेगी 4.80 लाख एमटी डीएपी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

● **सरकार ने मांग के हिसाब से आवंटित किया अक्टूबर का लक्ष्य, प्लान तैयार**

● **यूरिया 5,03,500, एनपीके 2,84,900 व एमओपी 72,050 एमटी मिलेगी**

**अमृत विचार :** प्रदेश में रबी की फसलों के लिए उर्वरकों की कमी नहीं होगी। कृषि विभाग के आपूर्ति वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर माह का लक्ष्य आवंटन कर दिया है। इसमें 4,80 लाख एमटी डीएपी और 5,03,500 एमटी यूरिया मिलेगी। एक-दो दिन में रैक आते स्टॉक जिलों को पहुंचेगा व जांच कराई जाएगी।

कृषि विभाग के उर्वरक वितरण योजना के अनुसार सरकार ने अक्टूबर का लक्ष्य आवंटित किया है। इसमें कुल डीएपी 4,80,000 एमटी, यूरिया 5,03,500 एमटी, एनपीके 2,84,900 एमटी व एमओपी 72,050 एमटी उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि निदेशक जितेंद्र तोमर ने सभी जिलों को लक्ष्य सौंपा है। एक-दो दिन में कंपनियों द्वारा रैक के माध्यम से उर्वरक भेजी जाएगी। रबी फसलों में ज्यादा डीएपी की खपत होती है। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग का दावा है कि कहीं पर किल्लत नहीं होगी। उपलब्धता होते ब्लॉकवार नोडल व सह नोडल अधिकारी नामित करके स्टॉक और वितरण की जांच कराई जाएगी। वहीं डीएपी के स्थान पर एनपीके और एसएसपी उर्वरक बेहतर विकल्प हैं। जो अधिक मात्रा में उपलब्ध है। यह दोनों उर्वरक खासकर दलहनी, तिहलनी व आलू के लिए अधिक उपयुक्त हैं। सभी में पोषकतत्व एक होते हैं। इनके दाम भी कम हैं।

## यूपीआई लेनदेन की संख्या 52% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में त्वरित भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या वर्ष 2024 के पहले छह महीनों में सालाना आधार पर 52% बढ़कर 78.97 अरब हो गई। भुगतान प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता वर्ल्डलाइन ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वर्ल्डलाइन ने जनवरी-जून, 2024 के लिए तैयार अपनी रिपोर्ट में कहा कि यूपीआई भुगतान का बाजार पर दबदबा कायम है और इसकी पहुंच तेजी बढ़ रही है। रिपोर्ट कहती है कि जनवरी, 2023 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 8.03 अरब थी जो जून, 2024 तक बढ़कर 13.9 अरब हो गई।



## एक नजर

### बच्चे की मौत पर राज्य और पुलिस प्रमुख को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गुरुवार को कहा कि उसने अलीपुर इलाके में एक खुले नाले में कथित तौर पर गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में दिल्ली सरकार, शहर के पुलिस प्रमुख, डीडीए और एमसीडी को नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हाल के दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में यह पांचवीं ऐसी घटना है। उसने मीडिया की खबर पर स्वत: संज्ञान लिया है कि सात अक्टूबर को अलीपुर इलाके में खुले नाले में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

### रिश्वतखोरी के आरोप में जीएसटी अधिकारी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अहमदाबाद शहर में रिश्वतखोरी के मामले में दो केंद्रीय जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) अधिकारियों और एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान सीजीएसटी लेखा अधीक्षक मोहम्मद रिजवान शेख, सीजीएसटी निरीक्षक कुलदीप कुशवाह और बिचौलिए भौमिक सोनी के रूप में हुई है। द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शेख ने हाल ही में सर्राफा व्यापार फर्म के मालिक को जुलाई 2017 से मार्च 2023 तक के उनके खातों का लेखा परीक्षण करने के लिए नोटिस जारी किया था। व्यापारी के खातों में त्रुटियों पर 35 लाख का जुर्माना देने को कहकर अरोपियों ने 1.25 लाख की रिश्वत मांगी थी।

### जबरन वसूली गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने अंतर-जिला वसूली गिरोह का भंडाफोड़ करके ब्लैकमेलिंग और पैसे ऐंठने में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में चन्ननविंडी के जोबनप्रीत सिंह, ढंडोवाल के राजेश उर्फ सनी, सैदपुर झरी के जसकरण गिल उर्फ जस्सा, संधवाल के बरजेश उर्फ मेशी, बाल्मीक मोहल्ला तलवान के बूटा सिंह उर्फ बूटा और मेहराजवाला की बरखा है। आरोपी कई जिलों में सक्रिय थे। जालंधर ग्रामीण के एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने गुरुवार को कहा कि डीएसपी ओंकार सिंह बराड़ और एसपी जगरूप कौर बाठ की देखरेख में यह गिरफ्तारियां हुई।

### आग लगने से पटाखों में हुए विस्फोट से छह घायल

**होशियारपुर।** धार्मिक जुलूस के दौरान गुरुवार को बैग में रखे पटाखों में दुर्घटनावश आग लगने पर उसमें हुए विस्फोट से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रह्लाद नगर इलाके की है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास की दुकानों, मकानों की खिड़कियां और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# कांग्रेस की हार पर दिग्गजों का मंथन

## हरियाणा विस चुनाव परिणाम : विपक्षी दल ने की हार की समीक्षा, खरगे, राहुल ने की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**




● **पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा व महासचिव सैलजा बैठक में नहीं हुए शामिल**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर गुरुवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों तथा प्रभारी के साथ समीक्षा की। खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग पर हुई इस समीक्षा बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, इस चुनाव में वरिष्ठ पर्यवेक्षक की भूमिका निभाने वाले राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दो अन्य पदाधिकारी थे। प्रभारी दीपक बाबरिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े क्योंकि वह पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ हैं।

बैठक के बाद माकन ने कहा कि इस बैठक में हरियाणा के चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई। आप लोग व मीडिया भी इस बात को मानते होंगे कि नतीजे अप्रत्याशित थे। एग्जिट पोल और असल नतीजों में जमीन और आसमान का फर्क था। अलग अलग कारण क्या हो सकते हैं, इस पर चर्चा की गई। उनका कहना था कि आगे के कदमों की जानकारी बाद में दी जाएगी। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा के नहीं शामिल होने पर माकन ने कहा कि जिनको बुलाया गया था, वो सभी आए थे। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम से जुड़ी शिकायतों के बारे में बुधवार को निर्वाचन आयोग को अवगत कराया था और इनकी जांच की मांग की थी। विपक्षी दल के वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से आग्रह किया था कि उन ईवीएम को जांच पूरी होने तक सील करके सुरक्षित रखा जाए, जिनको लेकर सवाल उठे हैं। कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और लोक भावना के खिलाफ करार देते हुए कहा था कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

### कांग्रेस बनाएगी तथ्यान्वेषी समिति

कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार के कारणों का पता करने के लिए जल्द ही तथ्यान्वेषी समिति का गठन करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में यह निर्णय किया गया। कांग्रेस नेता ने बताया कि यह समिति प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं तथा उम्मीदवारों से बात करेगी और फिर रिपोर्ट पार्टी को सौंपेगी। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी इस चुनाव परिणाम के कारणों के तह तक जाने और जवाबदेही तय करने को लेकर गंभीर हैं।

## बंगला विवाद : आतिशी की कार्टन के बीच काम करते तस्वीरें वायरल, भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कुछ तस्वीरें साझा कर दावा किया कि मुख्यमंत्री आतिशी अपने आवास पर सामान के कार्टन के बीच फाइलों पर दस्तखत कर रही हैं। इससे पार्टी ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय राजधानी के 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले को जबरन खाली कराया गया है।

एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए आप नेता संजय सिंह ने भाजपा को निशाने पर लिया और कहा कि वह दिल्ली के लोगों के लिए काम करने के आतिशी के जज्बे को नहीं छीन सकती। उन्होंने भाजपा पर नवरात्रि में महिला मुख्यमंत्री का सामान उनके घर से फिंकवाने का भी आरोप लगाया। सिंह ने भाजपा पर मुख्यमंत्री आवास पर कब्जा करने का आरोप लगाया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कहने पर आतिशी का सामान बंगले से हटाया गया। दिल्ली में कालकाजी में रहने वाली आतिशी को तत्कालीन अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री बनाए जाने के बाद मथुरा रोड पर एबी-17 बंगला आवंटित हुआ था।


अपने नए निवास पर काम करतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी।

### चुनाव से पहले आप ने की विधायक निधि में पांच करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आप सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को वार्षिक विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ कर दिया। मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली में विधायक निधि देश में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दिन में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रति विधायक प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपये की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## दोहरे हत्याकांड के दोषी की मौत की सजा आजीवन कारावास में तबदील

**मुंबई, एजेंसी**



● **दोषसिद्धि को रखा बरकरार, बम्बई हाईकोर्ट ने कहा- मामला दुर्लभतम नहीं, इसलिए किया बदलाव**

बंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोहरे हत्याकांड के मामले में एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन उसे सुनायी गयी मौत की सजा को यह कह कर आजीवन कारावास में बदल दिया कि यह मामला दुर्लभतम नहीं है। मुंबई में 2017 में एक किशोरी और दो साल की बच्ची को जलाकर मार डालने के मामले में सुनवाई करने वाली न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे एवं न्यायमूर्ति श्याम चांडक की पीठ ने कहा कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

पीठ ने कहा कि वह आरोपी दीपक जाट की दोषसिद्धि को बरकरार रखती है, लेकिन उसे सुनाई गई मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल रही है। अदालत ने कहा कि हमने माना है कि यह मामला दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है। इस मामले में मौत की सजा ही एकमात्र सजा नहीं है। मामले की सुनवाई कर रही सत्र अदालत ने 2023 में दोषी को यह कहते हुये मौत की सजा सुनायी थी कि दीपक जाट ने जो अपराध किया है वह दुर्लभतम श्रेणी में आता है।

## डॉक्टरों का दुर्गा पूजा उत्सव के बीच अनशन जारी

**आरजी कर मामला**

**कोलकाता, एजेंसी**

आरजी कर अस्पताल में सहकर्मी से दुष्कर्म- हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने दुर्गा पूजा उत्सव के बीच पांचवें दिन भी आमरण अनशन जारी रखा। कई मेडिकल कॉलेजों के नौ जूनियर डॉक्टर 108 घंटे से अनशन पर हैं। उन्होंने काम रोको हड़ताल खत्म करने के बाद शनिवार शाम को धर्मतल्ला के डोरीना चौराहे पर आमरण अनशन शुरू किया। राज्य सरकार ने बुधवार को प्रदर्शनकारियों के साथ बैठक की, लेकिन गतिरोध दूर करने में असफल रही। मुख्य सचिव मनोज पंत की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि उन्हें राज्य सरकार की ओर से मौखिक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

### सीलबंद डिब्बे में खून से सने मिले सर्जिकल दस्ताने

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कनिष्ठ चिकित्सक ने आरोप लगाया कि एक मरीज का इलाज करते समय उन्हें सीलबंद डिब्बे में खून से सने सर्जिकल दस्ताने मिले। ऐसे दस्ताने के उपयोग से संक्रमण हो सकता है। उन्हें ये दस्ताने उस समय मिले जब वह अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में एक संक्रामक रोग से पीड़ित मरीज का इलाज कर रहे थे। राज्य स्वास्थ्य विभाग के केंद्रीय चिकित्सा आपूर्ति विभाग ने कहा कि वह जांच करेगा।

### बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने को भाजपा प्रतिबद्ध : नड्डा

**कोलकाता।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचने के बाद यह बात कही। कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। नड्डा एक दिवसीय यात्रा के लिए पूर्वाह्न करीब 11 बजे कोलकाता पहुंचे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी उनके साथ थे।

## चुनाव जीतने के बाद माकपा और नेकां कर रहे गुंडागर्दी : इल्तिजा



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने आरोप लगाया कि नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत के बाद गुंडागर्दी कर रही हैं। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने नेकां को जीत और उमर अब्दुल्ला को पार्टी का विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी, लेकिन साथ ही सवाल किया कि भारी बहुमत क्या गुंदागर्दी करने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा से नेकां के निर्वाचित विधायक (बशीर वीरी) गुंडागर्दी में शामिल हैं। उनके नेता पीडीपी कार्यकर्ताओं के घरों की बाहरी दीवारों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। पीडीपी कार्यकर्ता की एक जगह को भी आग लगा दी गई।

## अरुणाचल : चिकित्सकों ने की एक महीने की बच्ची की दुर्लभ सर्जरी

● **आंख सें जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी का किया इलाज**

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागून में टोमो रिबा स्वास्थ्य एवं मेडिकल विज्ञान संस्थान (टीआरआईएचएमएस) के चिकित्सकों ने आंख सें जुड़ी दुर्लभ बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) प्लस से पीड़ित एक महीने की बच्ची का इलाज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़की को एनेस्थीसिया देकर इंट्राविटरियल एंटी-वीईजीएफ (वैस्क्युलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर) का इलाज किया गया। टीआरआईएचएमएस के नेत्र रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. तॉ एनी दीपू के नेतृत्व में एक टीम ने सर्जरी की।

## राज्यों को विकास संबंधी व्यय के लिए केंद्र ने दिए 1.78 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की जारी की गई धनराशि**

केंद्र सरकार ने 10 अक्टूबर को राज्य सरकारों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण जारी किया है जबकि सामान्य मासिक हस्तांतरण 89,086.50 करोड़ है। इसमें अक्टूबर 2024 में देय नियमित किस्त के अलावा एक अग्रिम किस्त भी शामिल है।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को विकास/कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए है। केंद्रीय करों और शुल्कों की शुद्ध आय में से राज्यों की राशि जारी हई है। आंध्र प्रदेश को 7,211 करोड़, अरुणाचल को 3,131, असम को 5,573, बिहार को 17,921, छत्तीसगढ़ को 6,070, गोवा को 688, गुजरात को 6,197, हरियाणा को 1,947, हिमाचल को 1,479, झारखंड को 5,892, कर्नाटक को 6,498, केरल को 3,430, मप्र को 13,987, महाराष्ट्र को 11,255, पंजाब को 3,220, राजस्थान को 10,737, तेलंगाना को 3,745, उत्तर प्रदेश को 31,962 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

## शिल्पा-राज की अर्जी पर फैसले तक कार्रवाई नहीं

**मुंबई।** ईडी ने गुरुवार को बंबई हाईकोर्ट से कहा कि वह अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को जारी बेदखली नोटिस पर तब तक कार्रवाई नहीं करेगा, जब तक अपीलीय न्यायाधिकरण संपत्ति की कुर्की से जुड़े आदेश को चुनौती देने वाली दंपती की अर्जी पर फैसला नहीं सुना देता। ईडी ने 27 सितंबर को शिल्पा एवं राज कुंद्रा को धन शोधन से जुड़े एक मामले में नोटिस जारी कर मुंबई के जुहू इलाके में स्थित उनका घर और पुणे का एक फार्महाउस खाली करने का निर्देश दिया था।

## हरियाणा के 96% विधायक करोड़पति 13% के खिलाफ आपराधिक मामले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक, सिर्फ 2.2% की संपत्ति 20 लाख से कम**

नवनिर्वाचित 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में 86 विधायक (96%) करोड़पति हैं जबकि 12 (13%) अपने खिलाफ आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। चुनाव संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) एंड हरियाणा इलेक्शन वॉच ने सभी 90 उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण करने के बाद बताते हैं कि करोड़पति विधायकों का आंकड़ा 2019 के 93% से बढ़कर इस बार 96% है। 90 विधायकों में से 44% के पास 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति है जबकि सिर्फ 2.2% के पास 20 लाख रुपये से कम की संपत्ति है।

# मोदी ने रामायण का लाओ संस्करण देखा, बौद्ध भिक्षुओं से लिया आशीर्वाद



लाओस में बौद्ध भिक्षुओं को नमन करते प्रधानमंत्री मोदी।

## आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस पहुंचे प्रधानमंत्री, आध्यात्मिक गुरुओं से मिले

विएंतियान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को रामायण के लाओ संस्करण की प्रस्तुति देखी, जो भारत और लाओस के बीच साझा विरासत एवं सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं।

विएंतियान पहुंचने के बाद उन्होंने लाओ रामायण फलक फालम या फ्रलक फ्राम की एक कड़ी का मंचन देखा, जिसे प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर ऑफ लुआंग प्रबांग के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। फ्रलकफ्राम डॉट कॉम के मुताबिक, लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि साझा विरासत और परंपरा दोनों देशों को करीब ला रही है... यह प्रस्तुति भारत-लाओस के समृद्ध और साझा जुड़ाव का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लाओस में आज भी रामायण का मंचन किया जाता है और यह महाकाव्य दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। लाओस में सदियों से भारतीय संस्कृति और परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पालन एवं संरक्षण किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि दोनों देश अपनी साझा विरासत को रोशन करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले, मोदी ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फेलोशिप संगठन के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लिया।



रामायण फलक फालम की एक कड़ी का मंचन देखते प्रधानमंत्री।

### क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर चर्चा की

**वियतनाम।** आसियान और एआईपीए के सदस्य देशों के नेताओं ने आसियान समुदाय के भीतर जुड़ाव और लचीलेपन को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक की। लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से शिफानडोन ने आसियान के भीतर वर्तमान विकास की रूपरेखा तैयार की, जिसमें आसियान समुदाय विजन 2025 को लागू करने में प्रगति और अध्यक्षता के तहत वर्ष 2024 के लिए आसियान प्राथमिकताओं की पूर्ति पर प्रकाश डाला गया।

---

## एक नजर

### पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान न्यायिक हिरासत में

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक को अगले सोमवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होने तक गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, माणिक को सुनामगंज के न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद आलमगीर की अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें सुनामगंज जिला जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। पूर्व सांसद को मंगलवार रात ढाका के बशुंधरा आवासीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।।

### ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए बहस की मेजबानी करने के फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को खारिज किया और दावा किया कि तत्कालीन डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडन और वर्तमान डेमोक्रेटिक उम्मीदवार उम्मीदवार कमला हैरिस के खिलाफ पिछली दो जीत के बाद बहस करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। ट्रम्प ने बुधवार को ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा, मैंने पिछली दो बहसें जीतीं... प्रक्रिया में बहुत देर हो चुकी है, मतदान पहले ही शुरू हो चुका है और यह दोबारा नहीं होगा।

### सीमा अवरुद्ध करने पर द. कोरिया ने की निंदा की

**सोल।** दक्षिण कोरियाई एकीकरण मंत्रालय ने उत्तर कोरिया की ओर से सीमावर्ती राज्य के साथ सभी सड़क और रेल संपर्क काटने के निर्णय की गुरुवार को कड़ी निंदा की। दक्षिण कोरिया ने इसे एकीकरण विरोधी कृत्य बताया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से कहा हम उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़ी निंदा करते हैं, क्योंकि यह एकीकरण विरोधी और राष्ट्र विरोधी कृत्य है, जो उत्तर कोरिया में हमारे लोगों और निवासियों की एकीकरण की आकांक्षा को नकारता है। उत्तर कोरियाई जनरल स्टाफ ने बुधवार को कहा है कि उनका इरादा दक्षिण कोरिया के साथ अपने क्षेत्र को जोड़ने वाले सभी राजमार्गों और रेलमार्गों को अवरुद्ध और बंद करने का है और क्षेत्र में अपने रक्षात्मक ढांचे को मजबूत करना है।

### पाकिस्तान में विस्फोट तीन पुलिसकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को एक बम विस्फोट में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बाजौर पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांत के बाजौर जिले में हुई जब नियमित गश्त के दौरान पुलिस के वाहन के पास सड़क किनारे एक बम विस्फोट हुआ। बम हमले के निशाने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच चल रही है। घटना के बाद, सुरक्षा बल और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को जिले के नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकवादी हमले के अपराधियों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

---

# स्कूल पर हवाई हमला, 28 की मौत

## मध्य गाजा पट्टी में गई महिलाओं और बच्चों की जान, इजराइल ने कहा- आतंकवाद का केंद्र था स्कूल

काहिरा, एजेंसी

मध्य गाजा पट्टी में विस्थापित व्यक्तियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर गुरुवार अपराह्न इजराइली हवाई हमले में कम से कम 28 फिलिस्तीनी मारे गये और 54 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उसकी टीमों ने दीर अल-बलाह शहर में पीआरसीएस मुख्यालय के पास स्थित राफिदा स्कूल को इजराइली सेना द्वारा निशाना बनाये जाने के बाद हताहतों की मदद की।

चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि एम्बुलेंस कर्मियों और नागरिक सुरक्षा तंत्र ने बच्चों और महिलाओं सहित कई लोगों के शव बरामद किये, जिनमें से कुछ के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गये थे। इस बीच, इजराइली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने दीर अल-बलाह में राफिदा स्कूल के परिसर में एक कमांड और नियंत्रण केंद्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाकर सटीक हमला किया। सेना ने बताया कि इस केंद्र का इस्तेमाल इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के सैनिकों और इजरायल के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था। उसने हमास पर नागरिक आबादी के भीतर से काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाये गये, जिसमें गोला-बारूद का सटीक उपयोग, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी (हमले से पहले) शामिल हैं। गाजा में संघर्ष सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के कारण शुरू हुआ, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गये और लगभग 250 बंधक बनाये गये थे। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, हमास के हमले के जवाब में गाजा में चल रहे इजराइली सैन्य अभियानों में 42,065 लोगों की मौत हुई है और 97,886 अन्य घायल हुए हैं।



स्कूल की ध्वस्त हुई बिल्डिंग से बाहर भागते बच्चे व अन्य लोग।

### इजराइल पर 360 गोले दागे

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजराइल की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 इजराइली क्षेत्र में पहुंचे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, 9 अक्टूबर 23 :00 बजे तक, हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन ने लेबनान से इजराइली क्षेत्र की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 गोले इजराइल में प्रवेश कर गए। इसने कहा कि वह इजरायल और उसके लोगों की रक्षा करता रहेगा।

### तुर्किये की नौसेना ने बेरूत से अपने नागरिकों को निकालना शुरू किया

**बेरूत।** इजराइल और हिजबुल्ला के बीच जारी संघर्ष के कारण तुर्किये ने अपने नागरिक को वहां से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए नौसेना का जहाज भेजा और बुधवार देर रात तुर्की के 2,000 से अधिक नागरिक और कुछ विदेशी लोग इस पर सवार हुए। तुर्की के दक्षिण-पूर्वी शहर मार्डिन की निवासी जेहरा सिब्बिन अन्य शरणार्थियों के साथ बस से उतरीं। उनके साथ उनके दो बच्चे थे और उनके हाथ में सामान था। वह अपने लेबनानी पति के साथ बेरूत में रहती हैं। सिब्बिन (46) ने कहा, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने हमारे घर के नीचे वाली गली में बमबारी की। उस पल तो मुझे लगा कि सब कुछ खत्म हो गया।मैंने कहा कि मैं अब बेरूत में नहीं रहना चाहती।

### दक्षिणी लेबनान के असैन्य सुरक्षा केंद्र पर पांच स्वास्थ्यकर्मियों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के दरदघया शहर में बुधवार को एक लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र पर इजराइली हवाई हमले में वहां कार्यरत पांच स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता एली खैरल्ला ने यह जानकारी दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी एक बयान में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानदंडों और मानवीय समझौतों की अवहेलना करते हुए बुधवार की रात फिर से बचाव दल और एम्बुलेंस कर्मचारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। खैरल्ला ने बताया कि पीड़ितों में लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र में 'टायर रिजनल सेंटर' के प्रमुख अब्दुल्ला अल-मौसावी भी शामिल हैं।

---

# अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक टाटा को श्रद्धांजलि

- लंदन में इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप ने किया याद

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने जानेमाने उद्योगपति रतन टाटा के 86 वर्ष की आयु में निधन की मुंबई से सूचना आने पर उनकी स्मृति में कुछ पल का मौन रखा। बुधवार को लंदन में संसद भवन के पास भारतीय उच्चायोग और इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप (एपीपीजी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पूर्व-निर्धारित दिवाली कार्यक्रम के दौरान, दोरईस्वामी ने टाटा समूह के अध्यक्ष को भारत-ब्रिटेन साझेदारी का महान समर्थक बताते हुए श्रद्धांजलि दी।

सांसदों, उद्यमियों और समुदाय के नेताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए दोराईस्वामी ने कहा मैं बहुत दुख के साथ भारत के जानेमाने उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा के निधन की खबर साझा कर रहा हूं। उनके लिए मुंबई/भारत और लंदन/ब्रिटेन दोनों ही घर थे।

उन्होंने भारत-ब्रिटेन साझेदारी की भावना को हर चीज में समाहित किया - एयर इंडिया से लेकर, जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) से ताज होटल से लेकर टाटा स्टील तक वास्तव में हर चीज में, जिसमें ब्रिटेन में एक बैटरी कारखाने में निवेश का उनका निर्णय भी शामिल है।



### गूगल के सीईओ सुंदर पिचई बोले- प्रेरणादायक था दृष्टिकोण

**वाशिगटन।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रतन टाटा के साथ गूगल में मेरी आखिरी मुलाकात में हमने वेमो की प्रगति के बारे में बात की और उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। वह एक असाधारण व्यवसाय और परोपकारी विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने भारत में आधुनिक व्यावसायिक नेतृत्व को मार्गदर्शन प्रदान करने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा भारत के अद्वितीय और महान पुत्र, कुलीनता और उदारता के प्रतीक थे।

---

## ताइवान ने चीन की धमकियों के बीच मनाया अपना राष्ट्रीय दिवस

**ताइपे।** ताइवान ने चीन से मिलने वाली धमकियों के बीच गुरुवार को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया। चीन स्वशासित द्वीपीय गणराज्य को अपना क्षेत्र बताकर उस पर दावा करता रहा है। यह उत्सव चीन गणराज्य की स्थापना का प्रतीक है, जिसने 1911 में छिंग राजवंश को उखाड़ फेंका था। 1949 में गृह युद्ध के बाद माओत्से तुंग के कम्युनिस्टों ने मुख्य भूमि पर कब्जा जमा लिया था। 1980 और 1990 के दशक में पूर्ण लोकतंत्र को अपनाने तक ताइवान में मार्शल लॉ लागू था, लेकिन वहां चीन से लाया गया मूल संविधान और चीनी गणराज्य का ध्वज भी कायम था। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के आठ साल के शासन को जारी रखते हुए मई में पदभार संभाला। यह पार्टी ताइवान को चीन का हिस्सा मानने से इनकार करती है।

## समर्थन जुटाने ब्रिटेन और नाटो नेताओं से मिल रहे जेलेंस्की

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और नाटो महासचिव से करेंगे मुलाकात

लंदन, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के खिलाफ युद्ध के लिए अपनी शांति योजना पर ब्रिटेन और नाटो के नेताओं के साथ बातचीत के लिए गुरुवार को लंदन पहुंचे। जेलेंस्की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर और नाटो महासचिव मार्क रूते से मुलाकात करेंगे। उसके बाद वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलने के लिए पेरिस की यात्रा करेंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि वह योजना पर चर्चा के लिए इस सप्ताह जर्मनी और इटली के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। जेलेंस्की को जर्मनी में पश्चिमी देशों के नेताओं और रक्षा मंत्रियों के साथ सप्ताहांत बैठक में अपनी योजना का खाका प्रस्तुत करना था लेकिन इस बैठक को स्थगित कर दिया गया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फ्लोरिडा में तूफान 'मिल्टन' के दस्तक देने के बाद देश में ही रहने का हवाला दिया था। जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बैठक की तारीख जल्द ही फिर तय कर ली जाएगी।



## चीन में 30 करोड़ बुजुर्ग राष्ट्रपति बोले- देखभाल को प्राथमिकता दें

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को अपनी पार्टी को देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। चीन में बुजुर्गों की संख्या 30 करोड़ हो गई है, जिससे विवाह और जन्मदर में गिरावट के कारण जनसांख्यिकीय संकट बढ़ गया है। चीन की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की आबादी 2023 के अंत तक 30 करोड़ हो गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनुमान है कि यह 2035 तक 40 करोड़ से अधिक हो जाएगी और 2050 तक इसके 50 करोड़ पर पहुंच जाने की संभावना है। चीन में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। शी ने बुजुर्ग लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की समितियों और सभी स्तरों की सरकारों से बुजुर्गों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

## मानवाधिकार परिषद के लिए 18 नए सदस्य देश चयनित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 47 सदस्यीय मानवाधिकार परिषद के लिए 2025-2027 के कार्यकाल के लिए 18 नए सदस्य देशों का चुनाव किया है। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 18 देशों में बेनिन, बोलीविया, कोलंबिया, साइप्रस, चेकिया, कांगो, इथियोपिया, गाम्बिया, आइसलैंड, केन्या, मार्शल द्वीप, मैक्सिको, उत्तरी मैसेडोनिया, कतर, कोरिया गणराज्य, स्पेन, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड शामिल हैं, जिन्हें मतदान द्वारा चुना गया है। इन सभी देशों को एक जनवरी, 2025 से तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए चयनित किया गया है और उन सदस्य देशों का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाला है। सभी निवर्तमान सदस्य देश अर्जेंटीना, बेनिन, कैमरून, इरीट्रिया, फिनलैंड, गाम्बिया, होंडुरास, भारत, कजाकिस्तान, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, मलेशिया, मोंटेनेग्रो, पैराग्वे, कतर, सोमालिया, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका तत्काल पुनः निर्वाचन के लिए पात्र हैं, उन देशों को छोड़कर जिन्होंने लगातार दो कार्यकाल पूरे किए है।

### संरा ने टॉम फ्लेचर को नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पूर्व ब्रिटिश राजनयिक टॉम फ्लेचर को विश्व निकाय का नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया। वर्तमान में ऑक्सफोर्ड के हर्टफोर्ड कॉलेज के प्रिंसिपल और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के कॉन्फ्रेंस ऑफ कॉलेजेज के उपाध्यक्ष फ्लेचर अपने ब्रिटिश साथी मार्टिन ग्रिफिथ्स का स्थान लेंगे।

## संरा के कई अधिकारी बांग्लादेश का करेंगे दौरा

**ढाका।** बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के उच्च अधिकारियों की यात्रा जल्द होने वाली है, जिसमें मानवाधिकार उच्चायुक्त वॉल्कर टर्क भी शामिल हैं। यह यात्रा बांग्लादेश में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा करने और सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश और अमेरिका के अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा के दो मुख्य कारण बताए।पहला, नए अंतरिम प्रशासन की स्थापना और दूसरा बांग्लादेश की संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता का 50 वर्ष पूरा होना।श्री टर्क ने अगस्त में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। न्यूयॉर्क की अपनी हालिया यात्रा के दौरान, प्रोफेसर यूनुस ने बांग्लादेश के खुशहाल और सफल भविष्य के लिए विदेशी सहयोगियों से सहायता मांगी थी।

---

## मरियम ने भारत से जलवायु कूटनीति का किया आह्वान

- दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव से निपटने की बात कही

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के साथ जलवायु कूटनीति का आह्वान किया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और भारत के पंजाब राज्य के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम भारत के कई अन्य इलाकों में लोगों को हर साल अक्टूबर से फरवरी के महीनों के दौरान भारी वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है।

लाहौर और नयी दिल्ली नियमित रूप से इस मौसम में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल होते हैं, जब किसान सर्दियों की फसल की तैयारी से पहले पराली जलाते हैं। मरियम ने बुधवार को जलवायु परिवर्तन 'लीडरशिप इंटर्नशिप' कार्यक्रम में कहा, भारत और पाकिस्तान दोनों को पंजाब को स्मॉग से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिए।

### धुएं और कोहरे के संयोजन को कहते हैं स्मॉग

धुएं और कोहरे के संयोजन को स्मॉग उपनाम से जाना जाता है। यह एक विशिष्ट घटना है जो तब होती है जब कुछ प्रदूषणकारी सूक्ष्म कण ठंडी, नम हवा के साथ मिल जाते हैं और जमीन के करीब रह जाते हैं, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं।

## मुइज्जू ने आर्थिक सहायता के लिए भारत का जताया आभार

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत की आर्थिक सहायता एवं लगातार समर्थन के लिए गुरुवार को आभार जताया। पत्नी साजिदा मोहम्मद के साथ भारत की पांच दिन की राजकीय यात्रा समाप्त कर वापस लौटे राष्ट्रपति ने मालदीव को, विशेष तौर पर मुश्किल समय में, आर्थिक सहायता देने और लगातार समर्थन करने के लिए भारत के प्रति आभार जताया। पदभार ग्रहण करने के बाद मुइज्जू की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर यह पहली भारत यात्रा थी। यात्रा के दौरान, मुइज्जू ने राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं।

---

खगोल विज्ञान

### चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने की विधि खोजी

# पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने का एक नया तरीका खोज निकाला है। नई तकनीक से पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना आसान हो जाएगा। शिकागो विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र किआओ जू के नेतृत्व में नई विधि खोजी गई है। ज्ञात हो अब तक खोजे गए एक्सोप्लैनेट की कुल संख्या 5288 है।

उनमें से कई चट्टानी, पृथ्वी जैसे एक्सोप्लैनेट हैं लेकिन उनमें से किसी में भी वायुमंडल नहीं है। साथ ही अनेक गैसीय हैं। चट्टानी ग्रहों के वातावरण का पता लगाना बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है । मगर शोधकर्ताओं की टीम का मानना है कि अब उन्हें नई सरल तकनीक मिल गई हैं। इसमें ग्रह के पीछे से गुजरने से ठीक पहले किसी तारे और एक्सोप्लैनेट के संयुक्त तापमान को मापा जा सकता श है। इस विधि से ग्रह के तापमान व वातावरण का आसानी से पता लगाया जा सकता है। नई तकनीक से सुदूर तारों के आसपास अन्य ग्रहों को खोजने से ब्रह्मांड में जीवन की संभावना के बारे में और अधिक समझने में मदद मिल सकती है। जिससे जीवनयोग्य ग्रह की जानकारी संभव हो सकेगी। आधुनिक खगोल विज्ञान में किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश सर्वाधिक रोमांचक चुनौती है। नई तकनीक की पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 41 प्रकाश वर्ष दूर जी जे 1132 बी नामक ग्रह का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद निष्कर्ष निकाला कि इस ग्रह ओर वायुमंडल नहीं है। ग्रह के तापमान की गणना के बाद नई तकनीक की पुष्टि हो सकी।



इस तरह से पता लगेगा किसी भी ग्रह के वातावरण के बारे में।

### अधूरी है जीवन की तलाश

किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश का सपना अभी तक साकार नही हो सका है। कई दशकों से खगोल वैज्ञानिक जीवन योग्य ग्रह की तलाश में जुटे हैं। कई ग्रहों पर सूक्ष्म जीवन की पुष्टि हुई है, लेकिन मानव जैसे बुद्धिमान जीवन की तलाश नही हो सकी है। वैज्ञानिकों को पूर्ण विश्वास है कि इतने विशाल में हम अकेले नही हो सकते।